CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 24° C

नई दिल्ली, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 106 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा: राष्ट्रपति मुर्मू

पेज 2



प्रगनानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया

खेल टाइम्स



नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा नेल्सन मंडेला

सम्पादकीय



इजरायल में नेतन्याहू की सरकार गिरने की कगार पर

पेज 12

## आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का भारत ने किया सफल परीक्षण

### मिसाइल ने 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो टारगेट मार गिराए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित वायु रक्षा प्रणाली 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया है।

इस एडवांस मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस सिस्टम ने पूर्वी लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो ड्रोन मार गिराए। 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण थल सेना की एयर डिफेंस विंग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। डीआरडीओ ने ही यह सिस्टम विकसित किया। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। इस प्रणाली को डीआरडीओ ने ही विकसित किया है। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। जल्द ही इसे दुश्मन की हवाई चुनौतियों का सामना करने के लिए मैदान में लाया जाएगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर



- **एक साथ 64 टारगेट को ट्रैक कर 12 को करेगा नष्ट**
- **चीन और पाकिस्तान के हमलों से बचाएगा**

## बेंगलुरु भगदड़: कर्नाटक सरकार ने RCB को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई।

रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार आरसीबी को बताया गया है। इसमें कोहली का भी जिक्र है। कर्नाटक सरकार ने कहा है कि आरसीबी ने चिन्नास्वामी में आयोजित विक्ट्री परेड के लिए सरकार से कोई अनुमति नहीं ली थी। भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मची। जिसमें 11 लोगों की जान गई और 50 घायल हुए। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती। सरकार ने 15 जुलाई को हाईकोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी।

- **कोहली का वीडियो डालकर लोगों को बुलाया, फ्री पास से भीड़ हुई बेकाबू**

### लापरवाही बरतने के आरोप में होम्योपैथी निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानांतरण सत्र शून्य होने के बावजूद डाक्टरों के ट्रांसफर पोस्टिंग समेत अन्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरते जाने के आरोप में निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गाजीपुर से सम्बद्ध कर दिया गया है। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रो. वर्मा के खिलाफ प्रेषित प्राथमिक जांच आख्या एवं स्थानांतरण सहित पदीय दायित्वों के निर्वहन में संदिग्ध भूमिका, कर्तव्यनिष्ठा का अभाव एवं भ्रामक तथ्यों को प्रस्तुत कर दिग्भ्रमित करने की प्रवृत्ति तथा शिथिल एवं सवेदनहीन कार्यशैली पाई गई है। जिसके आरोप में प्रो. वर्मा को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय/अनुशासनिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कुमारस्वामी को दी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अदालती अवमानना कार्यवाही में आरोपी बनाने से संबंधित कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश पर गुरुवार को रोक लगाकर उन्हें राहत दी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने निर्देश दिया कि श्री कुमारस्वामी को अवमानना मामले में आरोपी बनाने संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को स्थगित रखा जाए। पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता दल सेक्युलर नेता की ओर से दायर एक याचिका पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'समाज परिवर्तन समुदाय' को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

### ईडी ने शुरू की छांगुर बाबा के ठिकानों पर छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू हुई। ईडी ने बलरामपुर में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापे मारे। ईडी ने 100 करोड़ रुपये के अवैध फंडिंग के मामले में यह कार्रवाई की है। छांगुर बाबा पर धर्मांतरण, विदेशी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाना और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली गतिविधियों के गंभीर आरोप हैं, जिसकी जांच के बाद ईडी ने छापेमारी शुरू की है।

### शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य बेहतर

**चेन्नई।** इसरो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 18 दिनों के प्रवास के बाद वापस लौटे अंतरिक्ष यात्री, शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य स्थिर और बेहतर है।

# भारत के साथ टैक्स फ्री व्यापार के मूड में ट्रम्प

### हमारे सामानों पर भारत टैक्स नहीं लगाएगा, लेटर भेजूंगा और इंडोनेशिया जैसा समझौता हो जाएगा

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रेड डील को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी उत्पादों को जल्द भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। उन्होंने दावा किया है कि इंडोनेशिया फॉर्मूले वाली डील भारत के साथ भी होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा।

ट्रम्प ने इंडोनेशिया पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया था। एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसदी टैरिफ चुकाना होगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के -शेष पृष्ठ दो पर



**इंडोनेशिया में अमेरिकी प्रोडक्ट पर जीरो प्रतिशत टैरिफ**

### पिछले छह महीने में अमेरिका से 1563 भारतीय नागरिक निर्वासित

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने विदेशी नागरिकों के प्रवास से संबंधित नियमों में बदलाव के बाद पिछले छह महीने में 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है और इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से भारत आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अमेरिका ने 20 जनवरी से 15 जुलाई के बीच 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अलग-अलग बैच में स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पिछले सप्ताह भी अमेरिका से लौटे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इनकी नागरिकता संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### तरनजीत संधू अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू गैर सरकारी संगठन, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे और मंच के भू-राजनीतिक संस्थान के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। राजनयिक के रूप में करीब चार दशक का अनुभव रखने वाले श्री संधू नई भूमिका में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारा, हिंद-प्रशांत चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड) और 'भारत, इज़राइल, अमेरिका और यूएई' (आई2यू2) जैसी पहलों पर मंच की रणनीतिक गतिविधियों का मार्गदर्शन करने के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का इस्तेमाल करेंगे।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला: संकट में घिरे रॉबर्ट वाड्रा, चार्जशीट दाखिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसाई रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितम्बर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गई। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े इस मामले में हुई कथित गड़बड़ी का खुलासा आईएएस अशोक खेमका ने किया था। इसके बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। बीते एक दशक से रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ लगे आरापों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों ने अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस पर आरोप साधने के लिए किया है। दिसम्बर 2023 में ईडी ने इस मामले में यूएई स्थित व्यवसाई सीसी थंपी और ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।



- **मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में ईडी की चार्जशीट में कई और नाम भी किए गए हैं शामिल**

## अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी

**नई दिल्ली।** यूपी में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं।

नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जजों पर मुकदमे को लेकर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीशों के खिलाफ उनके न्यायिक निर्णयों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सवाल किया कि ऐसा किस कानून के तहत किया जा सकता है।

इसके साथ ही, न्यायालय ने इस पर सलाह देने के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई की योग्यता पर सवाल उठाया वयाचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि किस कानून के तहत न्यायाधीशों पर निर्णय देने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। सिर्फ इसलिए कि अवैध या विकृत याचिकाएं दायर की जा रही हैं। आप न्यायाधीशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने एक परीक्षा में टॉप किया था, लेकिन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों ने उन्हें राहत देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद उन्होंने उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का अनुरोध किया।

- **याचिकाकर्ता से कोर्ट ने पूछा: ऐसा किस कानून के तहत संभव**

## यमन में भारतीय नर्स निमिषा को माफी नहीं

**सना, वार्ता**

**यमन के** नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इन्कार कर दिया है।

महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि मैं अपने भाई की हत्या के मामले में कोई माफी या समझौता नहीं चाहता। महदी ने कहा कि न्याय की जीत होगी, भले ही सजा में देरी हो, लेकिन बदला लेकर रहेंगे। चाहे कोई भी कितना दबाव डाले या मिन्नतें करे, हम क्षमा नहीं करेंगे और ब्लड मनी (खून के बदले दी जाने वाली रकम) नहीं लेंगे। निमिषा को मौत की सजा 16 जुलाई को होनी थी, लेकिन इसे फिलहाल टाल दिया गया है। महदी ने कहा कि हम शरियत कानून के तहत 'किसास' यानी बदले की मांग करते हैं। निमिषा को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



- **मृतक का भाई बोला- मुआवजा नहीं चाहिए**
- **सजा में भले ही देरी हो, बदला लेकर रहेंगे**

### निमिषा की मदद को सरकार कर रही प्रयास

**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया केस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार निमिषा प्रिया की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हमने कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की सहायता के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं।

# अमेरिकी अखबारों को कैप्टन सुमित के निर्णय पर संदेह

**अहमदाबाद, वार्ता**

### अहमदाबाद ड्रीमलाइनर क्रैश मामला

**अहमदाबाद में** 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

डब्ल्यूएसजे ने बताया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकार्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा कि आपने फ्यूल स्विच को कटऑफ पोजिशन में क्यों कर दिया। सवाल करते समय को-पायलट हैरान थे। उनकी आवाज में घबराहट थी, जबकि कैप्टन सुमीत शांत दिखे। कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 15,638 घंटे और को-पायलट क्लाइव कुंदर के पास 3,403 घंटे उड़ान अनुभव था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह बात जांच से जुड़े अमेरिकी सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि, इस पर भारतीय एजेंसियों ने कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट आने के बाद एविएशन एक्सपर्ट संजय लजार ने जांच रिपोर्ट लीक होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि अमेरिका का मीडिया भारत की संसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से ज्यादा जानकारी रखता है। ये रिपोर्ट भारत में पूरी पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। प्रधानमंत्री को मामले की जांच किसी हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवानी चाहिए।



- **कैप्टन ने बंद की फ्यूल सप्लाई, वॉल स्ट्रीट जर्नल के दावे पर भारतीय एक्सपर्ट ने किया सवाल: क्या उनके पास हमसे ज्यादा जानकारी**

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिल सकता है सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार का अनुरोध किया है। सिंह का 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनको दुर्गा शंकर मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद 30 जून, 2024 को राज्य के शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया था। दरअसल मनोज कुमार सिंह से पहले यूपी के मुख्य सचिव रहे पूर्व आईएएस दुर्गाशंकर मिश्रा को दो बार एक-एक साल के लिए और तीसरी बार छह महीने के लिए सेवा विस्तार मिला था।

### बिहार में 125 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार विधान सभा चुनाव से पूर्व नीतीश सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, सरकार शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रही है। अब तय किया गया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कुल एक करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। यह भी तय किया गया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।

# पिछले आठ साल में 238 अपराधी हुए ढेर

## मेरठ जोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई, 7.69 अपराधी दबोचे

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने गुरुवार को कहा कि 2017 के बाद से अपराधियों के साथ 14 हजार से अधिक मुठभेड़ों में पुलिस ने 238 दुर्दांत बदमाशों को मार गिराया जबकि नौ हजार से अधिक के पैर में गोली मारी गई।

इस अवधि में 30 हजार से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अमल करते हुए पुलिस ने अपराध पर कड़ी कार्रवाई जारी रखी है। पिछले आठ वर्षों में 14 हजार 973 ऑपरेशन चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 30 हजार 694 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से पुलिस पर हमला करने वाले नौ हजार 467 अपराधियों के पैर में गोली लगी, जबकि 238 मुठभेड़ों में मारे गए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़ोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई, जहां 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 2,911 घायल हुए। आगरा ज़ोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 741 घायल हुए। बरेली ज़ोन में 4,383 अपराधी पकड़े गए और 921 घायल हुए। वाराणसी ज़ोन में पुलिस ने 2,029 अपराधियों को गिरफ्तार किया और 620 घायल हुए। गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट में सबसे ज़्यादा गिरफ्तारियां हुई, जहां 1,983 अपराधी पकड़े गए और 1,180 घायल हुए। गाजियाबाद कमिश्नरेट में 1,133 गिरफ्तार किए गए और 686 घायल हुए, जबकि आगरा कमिश्नरेट में 1,060 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 271 घायल हुए। डीजीपी कृष्णा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के कार्यभार संभालने के बाद से उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता उत्तर प्रदेश से कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों का सफाया करना है।

# स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा: राष्ट्रपति

## दिल्ली में पुरस्कार समारोह को सम्बोधित करते हुए बोलीं द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है और सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है।

मुर्मू ने गुरुवार को यहां स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आवा. सन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया, जिसमें विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों और लगभग 14 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है।

वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे। उन्होंने कहा कि वह अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में प्रतिदिन वार्डों का दौरा करती थीं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण करती थीं।

### इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर


**सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे नंबर पर, लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। वहीं कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। गुरुवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई।

## जयपुर में आयोजित सहकारी एवं रोजगार उत्सव समारोह में बोले शाह

# मोदी ने किया देश को सुरक्षित करने का काम

जयपुर, वार्ता



**सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतारने का किया: गृहमंत्री**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतरने का काम किया हैं।

शाह गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस के शासन में आतंकवादी हमलों से त्रस्त था, लेकिन मोदी ने जब पूरी में आतंकवादी हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक की और जब पूलवामा हमला हुआ, तब एयर स्ट्राइक और पहलगाम आतंकवादी हमले होने पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखचे उड़ाकर पूरी दनिया को मजबूत संदेश भेजने का काम किया कि भारत के नागरिकों, सेना और सीमा के साथ छेड़खानी नहीं करते, तो यह नतीजे नहीं भुगतने पड़ते। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मोदी ने देश को समृद्ध एवं विकसित भारत बनाने के सपने को जमीन पर उतरने एवं उसे सच्चा करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आकर दूनियां का चौथा अर्थ तंत्र बन चुका है। मोदी ने पिछले ग्यारह साल में गेंहू सहित कई पफसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसएपी) में वृद्धि करने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम भी किया, वहीं 60 करोड़ लोगों के घरों में शोचालय बनाने का काम किया गया। शाह ने कहा कि राजस्थान को ऊंटों की भूमि वाला प्रदेश के रूप भी जाना जाता है और सहकारिता का उपयोग ऊंट की नस्ल सुधारने एवं ऊंटनी के दूध का शोध भी शुरू किया गया जिससे आने वाले समय में ऊंट के संरक्षण पर कोई खतरा नहीं आएगा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश पेपर लीक से भी त्रस्त था, लेकिन एसआईटी गठन करके राज्य सरकार ने कठोर संद. ेश पेपर माफिया के खिलाफ दिया है। शर्मा के नेतृत्व में वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन कर 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए और तीन लाख करोड़ के एमओयू पर काम शुरु हो गया है।

### राजस्थान के हर घर में पहुंच रहा है पानी

शाह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के वैट में भी कटौती की गई और 450 रुपए में एलपीजी का सिलेंडर भी दिया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना का पानी लाने के लिए डीपीआर मंजूर की गई और जलजीवन मिशन के तहत घरों में पानी पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा अच्छा काम कर रहे हैं और प्रदेश में सहकारिता मजबूत हो रही है। केन्द्र सरकार और राजस्थान सरकार राजस्थान सहाकारिता आंदोलन को और मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं और मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर चार साल में कई प्रयासों से सहकारिता को मजबूत करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि गत सौ साल में सहकारिता ने देश के विकास में बड़ा विकास दिया हैं और आने वाले साल भी सहकारिता के साल हैं जिसमें हर गावं एवं हर किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक मंत्रालय स्थापित किया हैं।

# यूपी में खाद का भारी संकट कालाबाजारी चरम पर: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद का संकट है, जबकि निजी विक्रेता कालाबा. जारी कर रहे हैं। यादव ने गुरुवार को कहा कि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खरीफ की फसल विशेष कर धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। किसान को फसलों के लिए डीएपी, यूरिया की जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद नहीं है। निजी विक्रेता कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और ओवर रेटिंग कर रहे हैं। विभाग और सरकार की लापरवाही और लचर रवैये से किसान मारा-मारा फिर रहा है। उन्होंने कहा कि गोंडा, बस्ती, हाथरस, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, समेत तमाम जिलों में खाद का संकट है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से हर साल किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। पुरुष किसानों के साथ-साथ महिलाओं को भी खाद के लिए सुबह से ही सहक. ारी समितियों पर लाइन लगानी पड़ रही है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलती है। किसानों का दर्द तब और बढ़ जाता है, जब खाद के बजाय उन्हें पुलिस की लाठियां और प्रताड़ना मिलती है। यादव ने कहा कि लखीमपुर खीरी के श्रीनगर की बहुउद्देशीय सहकारी समिति संकर भदूरा में 16 जुलाई को किसान खाद लेने के लिए पहुंचे। उनमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं थीं। किसानों को खाद नहीं मिली। पुलिस ने लाठीचार्ज किया।



**सेंसेक्स** 82259.24
**निफ्टी** 25111.45



**सोना रु.** 97370
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 110937
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान से भारतीय शेयर बाजारों पर दबाव

मुंबई, वार्ता



भारतीय शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद गुरुवार को गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 375.24 अंक यानी 0.45 प्रतिशत लुढ़ककर 82,259.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100.60 अंक टूटकर 25,111.45 अंक पर रहा जो 0.40 प्रतिशत की गिरावट है। सुबह के कारोबार में बाजार हरे निशान में खुले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद गिरावट में चले गए। दोपहर बाद बाजार की गिरावट बध्ती गई। निफ्टी-50 ने 18. 70 अंक की बढ़त में 25,230.75 अंक पर शुरुआत की। यह 25,230.75 अंक तक चढ़ा, लेकिन फिर बाजार में बिकवाली हावी हो गई। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की। आशिका समूह के आशिका स्टॉक ब्रोकिंग ने बताया कि आज के कारोबार में निवेशकों की धारणा में तेजी से बदलाव देखा गया। बाजार में ओवरऑल गिरावट के बीच रियलिटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा सेक्टरों में तेजी रही। आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा सेक्टरों पर दबाव रहा। अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की जमकर आलोचना की है। इससे पावेल के भविष्य और फेडरल रिजर्व की नीतियों को लेकर बाजार में अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसके अलावा ट्रम्प ने यह भी कहा है कि भारत को लेकर टैरिफ के बारे में जल्द फैसला संभव है। इससे भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के अनुसार फेड प्रमुख को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच वैश्विक स्तर पर निवेशकों का विश्वास डगमगाया है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट किया है कि पावेल को पद से हटाने का उनका कोई इरादा नहीं है, लेकिन इससे निवेश धारणा में कुछ खास सुधार नहीं हुआ है और निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियां लाल निशान में रहीं। टेक्नोलॉजी कंपनी के शेयर सबसे ज्यादा 2.76 प्रतिशत लुढ़क गए। इंफोसिस में 1.61 प्रतिशत और एचसीएल टेक में 1. 20 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक 1.62 प्रतिशत चढ़े। चौतरफा बिकवाली से एनएसई में ज्यादा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने सूचकांक भी दबाव में रहे। निफ्टी-100 में 0.37 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप-100 में 0.17 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 0.12 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, धातु, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया।

### सोना-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 130 गिरकर 97,370 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि चांदी की कीमत 263 कम होकर 1,10,937 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,200 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। इनके अलावा भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,100 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# रुपया तीन महीने बाद 86 प्रति डॉलर से नीचे

मुंबई, वार्ता

कच्चे तेल और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के दबाव में रुपया गुरुवार को 14 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में एक डॉलर का भाव 86.09 रुपए का रहा।

भारतीय मुद्रा इस साल अप्रैल के बाद पहली बार 86 रुपए प्रति डॉलर से नीचे उतरी है। वैश्विक कारकों में दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक आज करीब 0.46 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा, घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों की गिरावट से भी रुपए पर दबाव रहा। विदेशी निवेशकों की निकासी के कारण डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे भारती मुद्रा कमजोर हुई है। सुबह के कारोबार में रुपया दो पैसे की मजबूती के साथ 85.93 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। एक समय यह 85.80 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। बाद में डॉलर की मांग निकलने से रुपए पर दबाव आ गया और यह 86.13 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। अंत में 14 पैसे की गिरावट के साथ 86.09 रुपए प्रति डॉलर बोला गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी रही, जिससे तेल आयातकों की तरफ से डॉलर की मांग में तेजी रही। इसका असर भी रुपए पर देखा गया।

### बेंगलुरु में होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पहले मेगा रोड शो

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पूर्व 18 जुलाई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में मेगा रोड शो का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कर्नाटक स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सहयोग से यह रोड शो आयोजित किया जाएगा। इससे पहले नई दिल्ली और हैदराबाद में आयोजित रोड शोज ने निवेशकों, विदेशी प्रतिनिधियों और स्टार्टअप्स के बीच उत्तर प्रदेश के प्रति जबरदस्त उत्साह और विश्वास पैदा किया है। अब बेंगलुरू में होने जा रहा यह आयोजन दक्षिण भारत के टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब में उत्तर प्रदेश के कारोबारी विजन और नीतिगत स्पष्टता को पेश करने का एक बड़ा मंच बनेगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, खादी व ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान नेतृत्व करेंगे और 'टीम योगी' के प्रतिनिधि राज्य की कारोबारी क्षमताओं, अधोसंरचना, नीति सहयोग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे क्षेत्रों में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आकाश प्राइम...**बनाया गया है। यह सिस्टम किसी भी मौसम और भूभाग में बेहतर एक्यूरेसी प्रदान करता है। भारतीय सेना में आकाश वायु रक्षा प्रणालियों की तीसरी और चौथी रेजिमेंट में अब आकाश प्राइम को शामिल किया जाएगा। इससे देश का वायु रक्षा कवच और भी मजबूत होगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए बनाया गया है। आकाश प्राइम प्रणाली से एयर डिफेंस की तीसरी व चौथी रेजिमेंट का गठन होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के हमले करने के बाद से सेना की हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। बता दें कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के चीनी विमानों के साथ तुर्किए के ड्रोन हमले नाकाम किए थे। पर्वतीय क्षेत्रों व अत्यधिक ठंड में कारगर आक. ाश प्राइम एयर डिफेंस के लिए इस्तेमाल की जा रही मौजूदा आकाश प्रणाली का संशोधित रूप है। यह प्रणाली स्वदेशी सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी से लैस है। इसमें किए गए अन्य सुधार सुनिश्चित करते हैं कि इसका सटीकता से उच्चतम पर्वतीय इलाकों की अत्यधिक ठंड में इस्तेमाल हो सके। आकाश प्राइम की सटीक प्रति यूनिट कीमत सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, पूरी आकाश मिसाइल प्रणाली के विकास में लगभग 1,000 करोड़ रुपये (17 करोड़ डॉलर) की लागत आई है। यह अन्य देशों में विकसित ऐसी ही प्रणालियों के मुकाबले 8-10 गुना कम है।

**भारत के साथ...** साथ। मुझे नहीं पता, हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा, तो वो समझौता हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका ने इंडोनेशिया के साथ एक व्यापार समझौता किया है, जिसमें 32 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। भारत और कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही समझौता हो सकता है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने तय किया है कि एक अगस्त से अधिकतर आयातों पर शुल्क बढ़ा दिए जाएंगे। जो देश अमेरिका के साथ जल्दी समझौता नहीं करेंगे, उनके सामानों पर अमेरिका ज्यादा टैक्स लगाएगा। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था। तब उन्होंने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। रिपोर्ट अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील में कुछ परेशानियां हैं, जिन्हें सुलझाने के लिए भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची है। यह बातचीत सोमवार से शुरू हुई थी और गुरुवार तक चलने की उम्मीद है।

**यमन में...**यह भी कहा कि सिर्फ हत्या ही नहीं, बल्कि सालों तक चले इस केस की लंबी कानूनी लड़ाई ने भी हमारे परिवार को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसलिए वे मुआवजे की कोई रकम नहीं लेना चाहते। महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि कुछ भारतीय मीडिया संस्थान जानबूझकर ऐसे झूठे दावे फैला रहे हैं कि तलाल ने निमिषा का पासपोर्ट जब्त कर लिया था या उसका शोषण किया गया था, लेकिन यह पूरी तरह से गलत है। महदी ने दावा किया कि न तो खुद निमिषा प्रिया ने और न ही उसकी कानूनी टीम ने कभी अदालत में ऐसा कोई आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि निमिषा की पूरी कानूनी प्रक्रिया में भारतीय दूतावास की तरफ से नियुक्त वकील मौजूद थे और सभी कार्यवाही पारदर्शी रही। महदी ने भारतीय मीडिया पर यह आरोप लगाया कि वह दोषी को पीड़ित के रूप में प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने लिखा कि इसका मकसद जनता को गुमराह करना और अपराधी के लिए झूठी सहानुभूति पैदा करना है।

# कांग्रेस की मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के लिए 15 दिन में भुगतान करने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को रोजगार मुहैया कराने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) की हाजिरी लगाने की प्रक्रिया को सरल किया जाना चाहिए। उन्होंने मजदूरी बढ़ाने और मजदूरों का भुगतान 15 दिन में करने की भी मांग की।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि मोदी सरकार मनरेगा मजदूरों के काम के तरीके और उनकी मजदूरी के भुगतान आदि को लेकर नए नए फरमान जारी कर मामले को उलझा रही है। काम की निगरानी के लिए तकनीकी इस्तेमाल आदि के कारण मजदूरों को दिक्कत हो रही है और समय पर उनकी मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। इसमें फर्जी तरीके से आंकड़े अपलोड करने जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मई 2022 में सरकार ने मनरेगा हाजिरी और काम की निगरानी के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप बनाया था और इस महीने 8 तारीख को एनएमएमएस से जुड़ी तमाम समस्याओं को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। शुरुआत से ही यह स्पष्ट था कि मनरेगा कार्यस्थलों से फोटो अपलोड करने की व्यवस्था उन सचमुच में काम करने वाले मजदूरों को बाहर कर देगी, जिनके फोटो नेटवर्क या कनेक्टिविटी की समस्या के कारण अपलोड नहीं हो पाते।

### बिहार को लेकर चुनाव आयोग पर बरसे राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बिहार में भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग कम और भाजपा का 'चोरी आयोग' ज्यादा नजर आता है। गांधी ने सोशल मीडिया एक पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा षबिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर रंगे हाथ वोट चोरी करता पकड़ा गया। काम सिर्फ़ चोरी, नाम 'एसआईआर' पर्दाफाश करने वाले पर प्राथमिकी होगी। उन्होंने चुनाव आयोग को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आयोग अब भी 'चुनाव आयोग' है या पूरी तरह भाजपा की 'चुनाव चोरी' शाखा बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दवा की आड़ में प्रतिबंधित साइकोट्रोपिक की तस्करी ,3 पकड़े

■ आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित दवा ट्रामाडोल के 2160 कैप्सूल बरामद।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने साइकोट्रोपिक दवाओं के एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को दिल्ली और गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया,जो आयुर्वेदिक दवाओं की आड़ में प्रतिबंधित साइकोट्रोपिक की तस्करी कर रहे थे। आरोपियों की पहचान हरीश,गौतम और अमित गोयल के रूप में हुई है, जिनके कब्जे से प्रतिबंधित दवा ट्रामाडोल के २१६० कैप्सूल बरामद। जब्त दवाइयाँ गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के भालोटिया मार्केट से भागीरथ पैलेस मार्केट में भेजी जाती थीं। पुलिस आरोपियों के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले काफी समय से दिल्ली के ड्रग डीलरों पर अपराध शाखा की टीमें नजर रखे हुए है। हेड कांस्टेबल संदीप और विनोद को पता चला था कि आयुर्वेदिक दवाओं की आड़ में प्रतिबंधित साइकोट्रोपिक दवाओं की आपूर्ति करने वाला एक व्यक्ति हरीश तीस हजारी अदालतों के पास ट्रामाडोल कैप्सूल देने आ रहा है।

एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर अक्षय गहलोत के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके शाहदरा के रहने वाले हरीश को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से २१६० प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल जब्त किये। पूछताछ करने के बाद पुलिस टीम ने भागीरथ पैलेस मार्केट और गोरखपुर के भालोटिया मार्केट में घेराबंदी की,जो पूर्वी उत्तर प्रदेश में दवाओं का प्रसिद्ध थोक केंद्र है। टीम ने गौतम सिंह, जो भागीरथ पैलेस में एक छोटी सी दुकान चलाता है, और अमित गोयल, जो गोरखपुर के भालोटिया मार्केट से एक दवा की दुकान चलाता है,दोनों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि १९९० से आरोपी हरीश खुराना दवाओं की आपूर्ति का काम कर रहा है और उसे इसी तरह के एनडीपीएस मामलों में दो बार गिरफ्तार किया जा चुका है। २०२४ में जेल से बाहर आने के बाद, उसने भागीरथ पैलेस में एक छोटी सी दुकान खोली और आयुर्वेदिक दवाइयाँ बेचना शुरू कर दिया। अधिक पैसा कमाने के लिए, उसने गौतम सिंह नामक एक व्यक्ति से प्रतिबंधित दवाइयाँ खरीदना शुरू कर दिया, जो भागीरथ पैलेस में ही काम करता है।

आरोपी गौतम सिंह ने भागीरथ पैलेस के बाहर दवाओं के पैकर के रूप में शुरुआत की और कुछ वर्षों में उसने एक छोटी सी दुकान खोली और थोक मूल्य पर काउंटर दवाइयाँ और कॉस्मेटिक आदि बेचना शुरू कर दिया। वह गोरखपुर के एक अमित गोयल के संपर्क में आया, जिसने उसे ट्रामाडोल कैप्सूल की आपूर्ति शुरू की, जिसे उसने हरीश खुराना को अच्छे मार्जिन पर बेचा। जबकि आरोपी अमित गोयल गोरखपुर के प्रसिद्ध भालोटिया मार्केट में दवाइयाँ बेचता था और गौतम सिंह को थोक मूल्य पर दवाइयाँ देता था।

गौतम सिंह ने उसे ट्रामाडोल की व्यवस्था करने के लिए कहा था। चूँकि इन प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति में अच्छा मुनाफा होता है, इसलिए उसने दवाओं का प्रबंध किया और उन्हें सामान्य पैकेट की तरह छिपाकर कूरियर के माध्यम से गौतम सिंह को भेजना शुरू कर दिया।

## यमुना वाटिका पहुंचे उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को दिल्ली की यमुना वाटिका और बांसेरा पार्क पहुंचे। उपराज्यपाल ने उनका स्वागत किया । जहां उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के साथ दौरा भी किया और उपराज्यपाल ने उनका स्वागत भी किया। यमुना वाटिका और बांसेरा पार्क दिल्ली में अपनी तरह का सबसे बड़ा स्थान होगा। यमुना वाटिका में फूलों के बगीचे को ट्रिपल लेयर्ड फ्लोअर डिजाइन का आकार दिया गया है। इसे दिल्ली के पहले समर्पित फूलों के क्षेत्र के तौर पर विकसित किया गया है। इस वाटिका में चार बड़े तलाब हैं, इसे रणनीतिक रूप से बाढ़ के दौरान जल संरक्षण के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा यह पानी को संजोने का भी काम करेगा। इससे पहले बांसेरा, असिता पूर्व, वैष्णवी, वासुदेव घाट और जीर्णोद्धार किए गए रोशनारा बाग और नर्सरी जैसे हरित स्थल को विकसित किया गया है।

# डीयू में स्पोर्ट्स कोटे से दाखिले के लिए ट्रायल 25 जुलाई से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू के शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ में स्पोर्ट्स कोटे से दाखिले के लिए ट्रायल २५ जुलाई से शुरू होंगे। डीयू ने अभी स्पोर्ट्स ट्रायल शुरू होने की तिथि की घोषणा की है। कौन से खेल के लिए कब ट्रायल होगा, इसे जल्द ही जारी किया जाएगा। इस कोटे से उन छात्रों का दाखिला होता है जो अपनी खेल उपलब्धि के आधार पर कॉलेजों में दाखिला लेना चाहते हैं।

स्पोर्ट्स कोटे से दाखिले के लिए ५० फीसदी ट्रायल स्कोर, २५ फीसदी सीयूईटी स्कोर और २५ फीसदी सर्टिफिकेट स्कोर को देखा जाएगा। इसके आधार पर एक संयुक्त स्पोर्ट्स मेरिट बनेगी। छात्रों का ४०० में से कम से कम २०० अंक प्राप्त करना जरूरी है। सीयूईटी क्वालिफाई करने वाले छात्रों को अपनी खेल उपलब्धियों के आधार पर ट्रायल में भाग लेना होगा।

ट्रायल में प्रदर्शन और खेल प्रमाणपत्रों की जांच के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्पोर्ट्स कोटे के तहत प्रवेश के लिए छात्रों को न्यूनतम ५० फीसदी अंक (७५ में से ३८) ट्रायल में प्राप्त करने होंगे ताकि वे अंतिम मेरिट सूची में शामिल हो सकें। ट्रायल के संबंध में विस्तृत शेड्यूल जल्द ही वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। डीयू ने किसी भी बदलाव या अपडेट के लिए नियमित रूप से डीयू की आधिकारिक वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। वित्त मंत्रालय में हुई इस मुलाकात में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री को राजधानी दिल्ली की विकास यात्रा, मौजूदा योजनाओं की प्रगति और भविष्य की आवश्यकताओं से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली में प्रभावी बदलाव हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की श्सहभागिता आधारित विकास नीतिश से राजधानी को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने भरोसा दिलाया है कि दिल्ली के विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, प्रशासनिक और आर्थिक पहचान का केंद्र है। ऐसे में इसका नियोजित विकास और सुशासन ऐसा होना चाहिए, जो सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी कि दिल्ली सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है, ताकि दिल्ली को बेहतर विकास हो और लोगों को वे सभी सुविधाएं मिलें जो देश की राजधानी के निवासियों को मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई। (स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट/यूटी फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट ) योजना के अंतर्गत दिल्ली सरकार को इस माह के अंत तक ६०० करोड़ रुपये की विशेष वित्तीय सहायता प्रदान कर दी जाएगी।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भेंट करते हुए।

## एक नजर

### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केएन काटजू मार्ग के हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से एक युवक का शव मिला है। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है और आसपास दस्तावेज न मिलने के कारण शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस शिनाख्त के लिए लापता हुए युवकों के परिजनों से संपर्क कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को हैदरपुर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में एक युवक का शव पड़े होने सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नहर से शव को बाहर निकलवाया। प्राथमिक जांच में पुलिस ने नहर में डूबने से मौत की आशंका जताई है। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है और आसपास कोई दस्तावेज भीनहीं मिला। इस कारण शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब ३० से ३५ साल के बीच है। पुलिस ने शव मिलने की जानकारी दिल्ली पुलिस के साथ साथ हरियाणा के सभी पुलिस थानों को दे दी है।

### सितारे जमीन पर को मिल रहा देशभर से प्यार

**नई दिल्ली।** 2007 की सुपरहिट तारे जमीन पर का स्पिरिचुअल सीक्वल मानी जा रही सितारे जमीन पर को रिलीज के बाद से ही देशभर से जबरदस्त प्यार मिल रहा है। प्यार, हंसी और खुशी का अच्छा मेल दिखाने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार कमाई की है। इसी कामयाबी के बीच शिवसेना की प्रमुख प्रवक्ता शाइना एनसी ने फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग रखी, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुपरस्टार आमिर खान भी शामिल हुए। मुंबई के इनॉक्स थिएटर में शिवसेना प्रवक्ता शाइना एनसी द्वारा रखी गई सितारे जमीन पर की खास स्क्रीनिंग को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म ने अपनी दिल छूने वाली कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस मौके पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुपरस्टार आमिर खान भी मौजूद रहे। फिल्म को इस इवेंट में सबकी तारीफ मिली, जिससे इसकी कामयाबी में और भी चमक जुड़ गई है। आमिर खान प्रोडक्शंस गर्व के साथ पेश करता है 10 राइजिंग सितारे अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभजैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर। आर. एस. प्रसन्ना द्वारा निर्देशित, जिन्होंने पहले बैरियर तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर श्शुभ मंगल सावधानश बनाई थी, अब आमिर खान प्रोडक्शंस के साथ 'सितारे जमीन पर' में सबसे बड़े कोलैबरेशन के साथ वापसी कर रहे हैं।

### 31 जुलाई से चलेगी पटना से दिल्ली के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** बिहार से दिल्ली आने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने राहत देते हुए अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन 31 जुलाई से शुरू होगी। जो राजेंद्र नगर (पटना) से नई दिल्ली के बीच चलेगी। राजेंद्र नगर से खुलेगी, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, दीनदयाल उपाध्याय, सुबेदारगंज, गोविंदपुरी, गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली पहुंचेगी।

### जामिया के विधि स्नातक छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने न्यायिक, कानून और प्रशासनिक सेवा परीक्षा में विधि स्नातक छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का दावा किया है। प्रशासन के अनुसार जामिया से लॉ ग्रेजुएट करने वाली सुनिधि सचदेवा को क्लैट पीजी २०२५ में ऑल इंडिया रैंक में पहला स्थान मिला।

श्रेय कुमार गर्ग का कैंब्रिज विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ लॉ कार्यक्रम में दाखिला हुआ। अरिशा नुसरत ने तेलंगाना न्यायिक सेवा परीक्षा २०२४ उत्तीर्ण की और यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा २०२३ में मोहम्मद हारिस मीर की ३४५वीं रैंक आई। जामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने कहा कि हमारे विधि स्नातकों की उल्लेखनीय उपलब्धियां उनकी कड़ी मेहनत और लगन के साथ-साथ जामिया के संकाय सदस्यों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम हैं। जामिया के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने कहा कि स्नातकों की उपलब्धि जामिया के शैक्षणिक परिवेश की सुदृढ़ता को दर्शाती हैं।

# बाइक चोरी में पकड़ा था मगर नाबालिग निकले कातिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलीपुर स्थित नदी के किनारे तीन महीने पहले एक नाबालिग की मोबाइल फोन लूट का विरोध करने पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पकड़े जाने के डर से और सबूत खत्म करने के मकसद से शव को नदी किनारे ही तीन फुट का गड्ढा खोदकर उसमें ठिकाने लगा दिया था।

अलीपुर ने तीन नाबालिगों को पकड़ा है,असल में जिनको पुलिस ने पहले एक चोरी की बाइक के मामले में पकड़ा था। जब पूछताछ की तो पुलिस भी हैरान रह गई। उनकी निशानदेही पर नदी किनारे गड्ढा खोदकर नाबालिग के कंकाल को निकाला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसएचओ शैलेन्द्र के निर्देशन में पुलिस टीम पुलिस टीम ने गश्त करते हुए बिना नंबर की एक बाइक पर सवार तीन लडकों को उनका पीछा करने के बाद पकड़ा था। बाइक अलीपुर से चोरी कही थी। सभी लडके नाबालिग थे और गांव झंगोला के रहने वाले थे। एक नाबालिग के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया था,जिसके उसके पास कोई दस्तावेज नहीं थे। पुलिस टीम उस समय हैरान रह गई,जब मोबाइल फोन के बारे में गहन तरीके से नाबालिग से पूछताछ की। नाबालिग ने बताया कि उन्होंने यमुना नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति से मोबाइल फोन छीना था। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो उन्होंने उसका गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को नदी के किनारे दफना दिया।

# स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में 12 साल के नाबालिग की पहचान की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेंट स्टीफन कॉलेज और छावला के सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में द्वारका जिला ने १२ साल के एक नाबालिग की पहचान की है।

छानबीन के बाद नाबालिग को दक्षिण दिल्ली से पकड़ा गया। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने नाबालिग की काउंसलिंग करवाई। बाद में उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि नाबालिग मानसिक रूप से बीमार है। उसकी दवाएं भी चल रहीं हैं। उसने अपने मोबाइल फोन से धमकी भरे ईमेल किए थे। हालांकि वह न तो इन स्कूलों में पढ़ता है और न ही उसने जानबूझकर इनको निशाना बनाया है। गूगल पर उसे जो स्कूल व कॉलेज उसे मिला, उसने उनको ईमेल कर दिया। बुधवार को भी कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि सेंट थॉमस स्कूल में धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। जांच के लिए साइबर सेल के अलावा स्पेशल स्टाफ को लगाया गया।

पड़ताल में पता चला कि ईमेल किसी मोबाइल से किए गए है। उसकी जांच करने पर बुधवार को टीम दक्षिण दिल्ली पहुंची। बाद में पुलिस को पता चला है कि ईमेल नाबालिग ने किए हैं। तीन दिन में १० स्कूल और एक कॉलेज को मिली धमकी दिल्ली के पांच निजी स्कूलों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में दहशत फैल गई थी। स्कूल के परिसर गहन जांच के लिए तत्काल खाली कराए गए थे। हालांकि, सभी स्कूलों में जांच के बाद कुछ नहीं मिला। पुलिस ने सभी सूचनाओं को झूठा करार दिया।

लगातार तीसरे दिन राष्ट्रीय राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ईमेल के जरिये परिसर में बम रखे होने की धमकी दी गई। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया था कि द्वारका स्थित सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुबह पांच बजकर २६ मिनट पर इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई।



पीडब्ल्यूडी व पर्यावरण मंत्री फ्लाईओवर निर्माण कार्य निरीक्षण करते हुए।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने फ्लाईओवर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और पर्यावरण मंत्री मंजीन्दर सिंह सिरसा ने संयुक्त रूप से निर्माणाधीन फ्लाईओवर और अंडरपास कार्य का निरीक्षण किया।

यह महत्त्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पश्चिमी और बाहरी दिल्ली के उन लाखों लोगों के लिए राहत लेकर आएगा, जो रोजाना इस जंक्शन पर लगने वाले भीषण जाम से जूझते हैं। सालों से हो रहे ट्रैफिक दबाव के चलते समय की बर्बादी, ईंधन की खपत और वायु प्रदूषण में भारी इजाफा देखा गया है।निरीक्षण के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि मैं सभी कंसल्टेंट्स के साथ मिलकर यहां हुए काम की कमियों को जांचने आया हूँ। हम इसे दोबारा अध्ययन करेंगे और जो भी कमियां या गैप हैं उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। दिल्ली की जनता को तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और व्यावहारिक समाधान चाहिए ख्र और हम उसी दिशा में काम कर रहे हैं। यह परियोजना नजफगढ़, द्वारका, रोहिणी और दिल्ली -गुड़गांव-जयपुर हाइवे (शिव मूर्ति चौराहा)जैसे महत्त्वपूर्ण इलाकों को जोड़ने वाले इस चौराहे पर निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी और वैकल्पिक मार्गों पर मौजूद दबाव को भी कम करेगी।पर्यावरण मंत्री मंजीन्दर सिंह सिरसा ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदूषण को नियंत्रित करना है, जो भारी ट्रैफिक के कारण लगातार बढ़ता जा रहा है। हम इस प्रदूषण को प्रभावी रूप से कम करने के तरीके खोजने पर काम कर रहे हैं। ऐसे प्रोजेक्ट सिर्फ ट्रैफिक ही नहीं, बल्कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता सुधारने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

# स्कूलों में ऑयल बोर्ड बताएगा किस वस्तु से बढ़ता है मोटापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने बच्चों में तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या को देखते हुए कदम बढ़ाया है। उसने स्कूलों को ऑयल बोर्ड लगाने को कहा है। ताकि बच्चों के मोटापे को नियंत्रित करने के लिए जागरूक किया जा सके। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि कैफेटेरिया, लॉबी, बैठक कक्ष और दूसरे सार्वजनिक स्थानों में ऑयल बोर्ड डिस्पले लगाए जाएं। स्कूलों को छोटे व्यायाम अवकाश का आयोजन करने और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने को कहा है। सीबीएसई ने हाल में ही स्कूलों को बच्चों में चीनी से जुड़े खाद्य पदार्थों से होने वाले नुकसानों की जानकारी देने के लिए शुगर बोर्ड लगाने की सलाह दी थी।

इस पर स्कूलों ने अमल करना भी शुरू कर दिया है। अब बोर्ड ने स्कूलों को ऑयल बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में तेल के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में शिक्षित करना है। इस संबंध में बोर्ड ने स्कूलों को एक परिपत्र जारी किया है। बोर्ड ने परिपत्र में जानकारी दी है कि वर्ष २०२५ में प्रकाशित द लैंसेट जीबीडी २०२१ मोटापा पूर्वानुमान अध्ययन के अनुसार भारत में अधिक वजन और मोटे वयस्कों की संख्या २०२१ में १८ करोड़ से बढ़कर २०५० तक ४४.९ करोड़ होने की संभावना है। जिससे यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा वैश्विक बोझ वाला देश बन जाएगा।

बोर्ड का कहना है कि बच्चों में मोटापे की समस्या खराब खान-पान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण होती है।

## डॉ. अंबेडकर कॉलेज में इग्नू का अध्ययन केंद्र शुरू

**नई दिल्ली।** डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र की शुरुआत हुई है। बुधवार को इस केंद्र का उद्घाटन इग्नू के दिल्ली केंद्र के वरिष्ठ निदेशक प्रो. डीपी सिंह ने किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. सदानंद प्रसाद भी उपस्थित रहे। इस केंद्र के गठन का मुख्य उद्देश्य इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षण संबंधी सहायता, काउंसलिंग सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करना है। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक प्रो. डीपी सिंह ने बताया कि इग्नू के अध्ययन केंद्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज में स्नातक स्तर पर पढ़ाए जाने वाले सभी पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे।

# सीएम ने किया घोंडा में 'चौपाल' का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोंडा विधानसभा क्षेत्र में 'चौपाल' का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली का कोई भी काम अधूरा नहीं रहेगा, हर मांग पूरी होगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सांसद और विधायकों द्वारा सुझाए गए सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक अजय महावर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चौपाल न केवल आम नागरिकों से संवाद का माध्यम बनेगी, बल्कि यह शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सिग्नेचर ब्रिज के निकट प्रस्तावित स्काई यू-टर्न निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने यमुना विहार रोड और आसपास के क्षेत्रों में जारी विकास कार्यों का भी जायजा लिया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

इंदिरापुरम में हुए लूटकांड का खुलासा

# छह लुटेरे दबोचे, 23 लाख रुपये बरामद

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में 14 जुलाई 2025 की रात को हुई 23 लाख रुपये की लूट की वारदात का पुलिस ने सफल खुलासा कर दिया है। स्वाट टीम ट्रांस हिंडन जोन और इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 6 शातिर लुटेरे गिरफ्तार किए गए। इनमें से तीन को 16/17 जुलाई की रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया, जबकि तीन अन्य को मुखबिर की सूचना पर छिजारसी कट के पास से धर दबोचा गया। पुलिस ने इनके कब्जे से 02 तमंचे, 02 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस, 23 लाख रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की।

पूछताछ के दौरान यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी मुकुल और नितेश, पीड़ित प्रवेश विश्नोई की ग्रोसरी दुकान में पूर्व में नौकरी कर चुके हैं। दोनों को पता था कि विश्नोई अक्सर भारी रकम लेकर स्कूटी से आते-जाते हैं। इस सूचना को इन्होंने अपने 8 साथियों के साथ साझा किया, जिसमें आकाश, सुरेन्द्र, विवेक, विशाल सहित अन्य शामिल थे। घटना से पूर्व आरोपियों ने इलाके की रेकी की और विश्नोई के रूट की पहचान कर ली थी। घटना के दिन सचिन, सुरेन्द्र और आकाश कनावनी पुस्ता रोड पर पहले से मौजूद थे। उन्होंने विश्नोई की स्कूटी को धक्का देकर गिरा दिया और तमंचे से धमकाकर 23 लाख रुपये से भरा थैला लूट लिया। इसके बाद सभी आरोपी अलग-अलग रास्तों से होते हुए नोएडा स्थित विशाल के किराये के मकान में पहुंचे, जहां से रकम को आपस में बांट लिया गया। गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर ने लूट का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 50,000 रुपये इनाम देने की घोषणा की है। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।



# हरप्रीत सिंह जग्गी ने किया मेडिकल कैम्प का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रदेश अध्यक्ष आतंकवाद विरोधी मोर्चा सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी ने मेडिकल कैम्प का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरप्रीत सिंह जग्गी ने बताया कि शिव भक्तों की सेवा के मन की शांति व पूर्णिया की प्राप्ति होती है प्रत्येक भारतीय को कार्य करना चाहिए सेवा हमारी सभ्यता को दर्शाता है शिव भक्त कावड़ के इलाज के लिए न्यू ड्रीम फाउंडेशन के द्वारा हर वर्ष इसी तरह कैंप का आयोजन किया जाता है जिसमें बीपी, शुगर चेकअप के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां का वितरण किया जाता है। इस वर्ष महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन आदि व जल आदि की भी व्यवस्था की गई है न्यू ड्रीम फाऊंडेशन गाजियाबाद के तत्वाधान द्वारा कई वर्षों से मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है इस उपलक्ष में अध्यक्ष सीपी श्रीवास्तव जी सचिव अमित शर्मा कोषाध्यक्ष ज्योति पाल व पंकज श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश शर्मा मनप्रीत सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



सुन्दरदीप फार्मेसी कॉलेज के छात्र

# अनुभव ने रचा इतिहास, देशभर में पहला स्थान प्राप्त कर बढ़ाया संस्थान का मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप फार्मेसी कॉलेज के बी. फार्मा अंतिम वर्ष के छात्र अनुभव ने देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज व परिवार का नाम रोशन किया है।

उन्होंने NIPER-JEE 2025 में अखिल भारतीय प्रथम रैंक (AIR-1) और GPAT 2025 में अखिल भारतीय द्वितीय रैंक (AIR-2) प्राप्त की है। यह उपलब्धि अनुभव की अथक मेहनत, लगन और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उनकी यह सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि SDPC संस्थान के लिए गौरव का क्षण है।

इसने यह सिद्ध कर दिया है कि SDPC न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देता है, बल्कि छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए भी सक्षम बनाता है। सुंदर दीप समूह के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार, कॉलेज निदेशक प्रो. डॉ. आर. डी. गुप्ता एवं सभी संकाय सदस्यो ने अनुभव को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। संस्थान को गर्व है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय फार्मेसी क्षेत्र में नया इतिहास रच रहे हैं।

हम अनुभव को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे यूं ही सफलता की ऊंचाइयों को छूते रहें।

# रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद में व्यक्ति को मारी गोली



**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र के संगम विहार में रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। 16 जुलाई 2025 की सुबह डायल 112 पर सूचना मिली कि दो बाइक सवार युवकों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति की पहचान राजेश, निवासी संगम विहार, लोनी बॉर्डर के रूप में की। उसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल राजेश ने पुलिस को बताया कि उसका लंबे समय से पारुल पांचाल नामक व्यक्ति के साथ रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। आज सुबह जब वह ड्यूटी पर जा रहा था, तभी पारुल पांचाल अपने दो साथियों के साथ बाइक पर आया और कथित तौर पर राजेश की जांघ में गोली मार दी। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ट्रांसपोर्टर को आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर ने कहा कि हम काफी समय से ट्रांसपोर्ट नगर बनाने को लेकर मांग कर रहे हैं।

लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद भी ट्रांसपोर्ट नगर नही बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब ट्रांसपोर्ट नगर के लिए विस्तृत रूप से योजना बनानी होगी साथ ही संगठन द्वारा ट्रांसपोर्ट आयोग का गठन, डीजल पेट्रोल को जीएसटी के दायरे में लाना, टोल की दर कम, एनसीआर में 10 वर्ष पुरानी गाड़ी बन्द होनी चाहिए व एनसीआर में ट्रेक्टर ट्राली बंद होनी चाहिए पर चर्चा की गई। बैठक में जिला महासचिव सुरेन्द्र नागर, जिला चौयरमेन इकबाल खान, नरेश सिंह, दीपक, धर्मेंद्र, अनूप, मनोज, राजेश आदि उपस्थित रहे।

# चावड़ी-सदर बाजार की तर्ज पर बनेगा नया थोक बाजार

**गाजियाबाद।** शहर को अब दिल्ली के प्रसिद्ध चावड़ी और सदर बाजार की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित थोक बाजार की सौगात मिलने वाली है। सांसद अतुल गर्ग की पहल पर यह महत्वाकांक्षी परियोजना आकार ले रही है। उन्होंने हाल ही में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान इस प्रस्ताव पर सहमति बनी और योजना को सैद्धांतिक मंजूरी भी मिल गई है। सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि गाजियाबाद में केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय के अधीन कमला नेहरू नगर, विजय नगर और गोविंदपुरम जैसे क्षेत्रों में हजारों बीघा जमीन दशकों से खाली पड़ी है। यह भूमि विभिन्न विभागों को आवंटित तो की गई थी, लेकिन अब तक इसका कोई उपयोग नहीं हो सका है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि इस भूमि का भू-उपयोग बदलकर इसे थोक बाजार परियोजना में शामिल किया जाए। प्रस्ताव में कहा गया है कि इसके बदले संबंधित विभागों को अन्य स्थानों पर भूमि दी जा सकती है। इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए सांसद गर्ग ने जिलाधिकारी दीपक मीणा और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि वे खाली जमीन की स्थिति और भू-उपयोग परिवर्तन से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। इस रिपोर्ट के आधार पर जमीन का पुनः नियोजन कर दिल्ली से सटे जनपद में एक बड़ा थोक बाजार स्थापित किया जाएगा, जिससे दिल्ली के बाजारों में भीड़ का दबाव कम किया जा सके।

# आईटीएस गाजियाबाद हुआ एनबीए मान्यता प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड) द्वारा आई टी एस मोहन नगर गाजियाबाद के सभी पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (एमबीए, एमसीए एवं पीजीडीएम) को अपने मूल्यांकन एवं अनुशंसा के आधार पर एक्रेडिटेशन की मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता गुणवत्ता आश्वासन (क्वालिटी एश्योरेंस) और शिक्षण प्रणाली में क्रमानुगत सुधार तथा विकास के आधार पर संस्थान के कार्यक्रम का आलोचनात्मक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है साथ ही सत्यापित किया जाता है कि संस्थान और इनके द्वारा चलाए जा रहे प्रोग्राम समय समय पर बोर्ड द्वारा निर्धारित मानदंडों और मानकों को पूरा करता है साथ ही उनसे बेहतर प्रदर्शन भी करता है।

एनबीए द्वारा मान्यता का उद्देश्य कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तरों पर तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और मान्यता प्रदान करना है जिससे छात्र, शिक्षक, नियोक्ता कर्मचारी और सभी आम जनता लाभान्वित होते हैं और निरंतर सुधार प्रक्रिया से वर्तमान वैश्विक प्रतियोगिता में शामिल हो कर अपने विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

आई टी एस गाजियाबाद के सभी प्रोग्राम को बारीकी से विभिन्न मानकों और मापदंडों जैसे शिक्षण प्रणाली गुणवत्ता, प्रोग्राम एजुकेशनल ऑब्जेक्टिव्स, कोर्स करिकुलम, टीचिंग लर्निंग प्रोसेस, कोर्स एंड प्रोग्राम आउटकम्स, छात्रों के उज्ज्वल प्रदर्शन, शिक्षकों के अकादमिक योगदान, उच्च स्तरीय सुविधाएं एवं निरंतर सुधार के आधार पर संस्थान के सभी पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम को मान्यता प्रदान की गई।

संस्थान के इस उच्च स्तरीय उपलब्धियों के लिए आई टी एस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा, आई टी एस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, सचिव भूषण अरोड़ा एवं निदेशक (पीआर) सुरेंद्र सूद ने आई टी एस गाजियाबाद के निदेशक डॉ वी एन बाजपेई, आई टी एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट गाजियाबाद के निदेशक डॉ अजय कुमार, आई टी एस गाजियाबाद, निदेशक (आई टी) डॉ सुनील कुमार पाण्डे को उनकी कार्य क्षमता, सूझ बूझ एवं सफल नेतृत्व के लिए बधाई दी साथ ही एनबीए कार्य टीम के सभी सदस्यों, समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों, एलुमनाई एवं सभी सपोर्ट स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस हेतु समस्त परिसर में खुशी का आलम है, आगे और नए बेंचमार्क स्थापित करने हेतु जुनून और प्रोत्साहन का माहौल है।

# शिक्षा स्कूल के बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ निकाली कांवड़ यात्रा की रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** निवाड़ी स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ एक अनोखे अंदाज में कावड़ यात्रा की रैली का आयोजन किया स जिसमें स्कूल के बच्चों ने 11 जुलाई से चल रही कावड़ यात्रा में भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और समर्पण को समर्पित करते हुए भगवान शिव और माता पार्वती का रूप धारण करके और भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुए निवाड़ी नहर पर रैली निकाली स स्कूल के अध्यक्ष श्री नीरज त्यागी जी ने बच्चों के इस भव्य रूप की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अपने ईश्वर के प्रति समर्पण की भावना का होना भी जरूरी है।

# श्री बांके बिहारी कांवड़ सेवा समिति ने किया विशाल भंडारे का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री बांके बिहारी कावड़ सेवा समिति के तत्वाधान में कांवड़ियों के लिए 14वां विशाल भंडारा और शिविर का आयोजन का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम श्री बांके बिहारी कावड़ सेवा समिति के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने विधि विधान से यज्ञ का आयोजन किया गया तत्पश्चात आए हुए सभी प्रतिनिधि जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ समाजसेवियों का अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि यह शिविर नवीन हॉस्पिटल के सामने गाजियाबाद मेरठ रोड पर लगाया गया है, जहां कांवड़ियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसमें कालीन बिछे तख्त, विश्राम की व्यवस्था, प्रकाश और कूलर-पंखे शामिल हैं। साथ ही साथ शिव भोले के लिए विशेष भजनों का आनंद लेने के लिए जागरण पार्टी का भी विशेष प्रबंध किया गया है समिति के संस्थापक स्वरूप चंद्र शर्मा ने बताया कि श्री बांके बिहारी कावड़ सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य बड़े भाव के साथ यहां पर सभी सेवा दे रहे हैं मुख्य रूप से राकेश त्यागी संरक्षक, राजीव त्यागी अध्यक्ष, मदन पंडित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजय शर्मा उपाध्यक्ष, रामेश्वर चौहान महासचिव, मनोज त्यागी सचिव, सुशील त्यागी उपसचिव, मनोज त्यागी कोषाध्यक्ष, संजय शर्मा संगठन मंत्री, प्रभात त्यागी प्रचार मंत्री सहित सैकड़ो गणमान्य भोले के भक्त उपस्थित रहे।



## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-B-130/IIF, मोहल्ला जे० पी० एन्क्लेव पार्श्वनाथ पिन सं.-MN36194 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम गीता शर्मा व शैलेन्द्र के स्थान पर पूजा सिंह व कमल के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी को मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, परिवारिक सदस्यों की सूची/ वारीसान प्रमाण-पत्र/ वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/ आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0 -B-130/IIF, मोहल्ला जे०पी० एन्कलेव पार्श्वनाथ, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार **''नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213 (1-बी)** का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 21.05.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/ आवेदिका **श्रीमती पूजा सिंह व कमल** का नाम सं0-B-130/IIF, मोहल्ला जे०पी० एन्कलेव पार्श्वनाथ, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**मोहन नगर जोन**
**गाजियाबाद नगर निगम।**

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-A-110/H-1B, मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद पिन सं0-MN91035 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम **श्री मदन मोहन लाल कर्णपाल के स्थान पर श्री अंकुर भारद्वाज व सौरभ शर्मा** के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/ वारीसान प्रमाण- पत्र/ वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/ आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0-A-110/H-1B, मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार **''नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213 (1-बी)** का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 28.05.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/ आवेदिका **श्री अंकुर भारद्वाज व सौरभ शर्मा** का नाम सं0-A-110/H-1B, मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**मोहन नगर जोन**
**गाजियाबाद नगर निगम।**

नगर आयुक्त के नेतृत्व में स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट मिली रफ्तार

# 41 सिग्नलों पर फाउंडेशन का कार्य पूर्ण

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में शहर में कई योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर लाया गया है, जिसमें राज्य स्मार्ट सिटी के क्रम में चल रहें। आईटीएमएस प्रोजेक्ट को भी रफ्तार दी जा रही हैस 15 अक्टूबर तक कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट के लिए तय है, जिसके लिए लगातार कार्य चल रहा है। 41 सिगनलों पर फाउंडेशन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, पोल भी लगाने का कार्य चल रहा है, इसके अलावा 41 जंक्शन पर रोडसाइड यूनिट भी लगा दिया गया हैं। इसके उपरांत सिगनलों पर कैमरे इनस्टॉल किए जाएंगे, जिसके लिए रोड कटिंग का कार्य जारी हैस मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि माननीय महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय की नेतृत्व में 53 करोड़ की लागत से राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को रफ्तार दी जा रही है, जिसके लिए फाउंडेशन में अन्य कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं और तीन माह के भीतर प्रोजेक्ट कंप्लीट किया जाएगा।



जिसपर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, 41 सिगनलों के कार्य को जारी रखने के साथ-साथ गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय नवयुग मार्केट में बनने वाली ITMS बिल्डिंग को भी पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें आंतरिक कार्य जारी है। 2 करोड़ 43 लाख की लागत से बनी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की यह बिल्डिंग आधुनिक तकनीकी का हब बनेगी। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया की 41 सिगनलों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की क्रम में कार्य रफ्तार से हैं। इसके अलावा 15 अक्टूबर के बाद स्पीड से चलने वाले चालकों पर भी पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए 16 प्रमुख स्थानों पर 78 कैमरे इंस्टॉल किए जाएंगे, जिसमें तिगड़ी गोल चक्कर, शालीमार गार्डन डेढ़ सौ फुटा रोड, दुहाई मेरठ रोड, इंदिरा गड़ी, यूपी गेट, लाल कुआं, सांवरी रोड, कौशांबी डिपो, कौशांबी बस स्टैंड, सूर्य नगर रोड, चौधरी चरण सिंह मार्ग, अप्सरा बॉर्डर, भोपुरा रोड, वजीराबाद रोड, डीएलएफ, रोड पर स्पीड पर निगरानी रखने के लिए विशेष रूप से कैमरे लगाए जाएंगे तथा आधुनिक तकनीकी से स्पीड का भी आकलन करते हुए मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके अलावा गाजियाबाद में प्रवेश करने वाली गाड़ियों पर भी पूर्ण रूप से मॉनिटरिंग रहेगी। स्थान को उसी क्रम में चयनित करते हुए कैमरे इंस्टॉलेशन का कार्य कराया जाएगा, जो की तीन माह में पूर्ण होगा शहर वासियों को लाभ मिलेगा महापौर द्वारा भी चल रहे कार्यों में शहर वासियों से सहयोग की अपील की गई है।

# पत्नी की बेवफाई से परेशान युवक ने किया लाइव सुसाइड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में पत्नी द्वारा एक जानकार मर्द के साथ करीबी होता देखकर युवक विकास ने पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मरने से पहले विकास ने दो मिनट ५० सैकेंड के लाइव वीडियो में अपनी पांच साल की पत्नी के साथ बीती जिंदगी की सारी बातें बताई, जिसमें उसने एक शाकिब नामक युवक से पत्नी की करीबी की बात कही तो वहीं अपने चार साल के बेटे अद्दू को पत्नी के अलावा परिवार के किसी भी सदस्य के पास रहने के लिये पुलिस और सरकार से आग्रह किया। विकास ने बाद में पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जिसका छह मिनट २१ सैकेंड का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद परि. जनों को सौंप दिया है। पुलिस विकास के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। विकास का मामला काफी हद तक अतुल सुभाष की कहानी से मिलता-जुलता है। जो टेक्नोलॉजी सेक्टर में नौकरी करता था। पिछले साल दिसम्बर महीने में उसने भी सुसाइड कर लिया था। मरने से पहले उसने अपने वीडियो में बताया था कि उसकी पत्नी और उसके ससुराल वालों ने उसे बहुत मानसिक तौर पर परेशान किया।

जानकारी के मुताबिक निहाल विहार पुलिस को सुबह विकास द्वारा घर में सुसाइड करने की जानक. ारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पंखे से विकास के शव को उतारकर नजदीक के अस्पताल में भेज दिया। पुलिस को उसके मोबाइल फोन से दो वीडियो बरामद हुए। जो एक खुदकुशी से पहले का था, जबकि एक खुदकुशी करने तक का था। पुलिस ने मोबाइल फोन को कब्जे में ले लिया है। वीडियो में विकास ने बताया कि वह प्राईवेट नौकरी करता है। पांच साल पहले उसकी पूजा से शादी हुई थी। चार साल का बेटा अद्दू है। पूजा से तीन साल शादी के सही चले थे। उसके बाद उससे भी कुछ गलतियां हुई थी। वह शराब पीने लगा था और कर्जा भी हो गया था। मगर वह कर्जा किसी तरह से उतार भी रहा था। इस बीच उसका एक जानकारी शाकिब घर में आने लगा था, जो आर्थिक रूप से काफी सक्षम है। उसके साथ पूजा की करीबी होने लगी। घर से झूठ बोलकर निकलती थी। जिसके बारे में उसको पता चल गया था और उसको कई बार दूर रहने के लिये कहा था। इसी कारण दोनों में झगड़ा होने लगा था। वह अपने घर अद्दू को लेकर चली गई थी। उसका और उसकी मां का खर्चा कैसे चलता है, उनका हिसाब बहुत गलत है, पता नहीं किस तरह से खर्चा चलाते हैं। तभी से उसकी पत्नी लगातार उसे मानसिक रूप से परेशान कर रही है, जिससे वह काफी परेशान हो चुका है। उसने शाकिब पर साइबर क्राइम में शामिल होने और उसको झूठे केस में फंसाने का भी आरोप लगाया।

# वाहन चोरों के खिलाफ चले अभियान में दस को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिला और बाहरी जिला पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर दस वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक थार और १३ दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से १५ मामले सुलझाने का दावा किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान विशाल, राकेश, अमित कुमार सिंह, विशाल सुध, मोहम्मद सनाउल्लाह खान, साहिल, संदीप, रविंदर, गौरव और सुमित के रूप में हुई है।

पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि ख्याला थाना पुलिस ने रघुबीर नगर से विशाल को स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। तिलक नगर थाना पुलिस ने १५ जुलाई को सीआरपीएफ कैंप के पास से राकेश को बाइक के साथ पकड़ा। विकासपुरी थाना पुलिस ने अमित सिंह और राजौरी गार्डन थाना पुलिस ने विशाल सुध, हरिनगर थाना पुलिस ने मोहम्मद सनाउल्लाह खान को तीन अलग-अलग जगहों से स्कूटी के साथ दबोच लिया।

वहीं राजौरी गार्डन थाना पुलिस ने छतरी वाला पार्क के पास गश्त के दौरान साहिल को एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशाल पर नौ, राकेश पर छह, अमित पर १२, विशाल सुध पर दस साहिल पर ७५ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पश्चिम विहार पश्चिम थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले दो बदमाशों पश्चिम विहार निवासी संदीप और ज्वालापुरी निवासी रविंदर को दो बाइ. कों के साथ पकड़ा है। इसी तरह निहाल विहार थाना पुलिस ने एफ-ब्लॉक स्थित पीपल वाली गली के पास उत्तम नगर निवासी गौरव को गिरफ्तार किया। बदमाश ने निहाल विहार और तिलक नगर से बाइक चुराई थी। वहीं मुंडका थाना पुलिस ने १३ जुलाई को इलाके से चोरी हुई थार कार के मामले की जांच करते हुए एक वाहन चोर को मंडावली से गिरफ्तार किया है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि वाहन चोरी के मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की। मुखबिरों ने बदमाश की पहचान नोएडा निवासी सुमित के रूप में की। पुलिस ने मंडावली से बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

# मुख्यमंत्री ने किया गोकुलपुरी कांवड़ शिविर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गोकुलपुरी स्थित कांवड़ शिविर का उद्घाटन किया और दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे दिल्ली में एक उत्सव जैसा माहौल है। हर कांवड़ कैंप की व्यवस्थाएं हमारी टीम, अधिकारियों, मंत्रियों और विधायकों द्वारा समय से पहले ही सुनिश्चित कर ली गई हैं। दिल्ली सरकार पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपना कर्तव्य निभा रही है। इस दौरान सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा एवं विधायक अजय महावर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली के यमुना विहार में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की और भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कांवड़ यात्रा आस्था और सेवा का प्रतीक है। हमारी सरकार प्रत्येक श्रद्धालु को पूरा सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए हमारी सरकार सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि पहले की सरकारों के दौरान कांवड़ सेवा में भारी अनियमितताएं होती थीं। मात्र १७० कैंप लगाए जाते थे, जिनमें से कई संदिग्ध संस्थाओं के नाम पर होते थे। करोड़ों रुपये टेंट माफिया की जेब में चले जाते थे और असली शिव भक्त तक सुविधाएं नहीं पहुंचती थीं। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार ३७४ कांवड़ कैंप लगाए गए हैं। सभी कैंपों को केवल ७२ घंटे में सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्रदान की गईं।



मुख्यमंत्री गोकुलपुरी में कांवड़ शिविर के उद्घाटन अवसर पर कांवड़िए का स्वागत करते हुए।

# कार की चपेट में आने से एक की मौत, साथी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आरके पुरम इलाके में एक सडक हादसे में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आरोपी चालक राजन शर्मा को गिरफ्तार करके उसकी कार जब्त कर ली है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरके पुरम पुलिस को वीरवार शाम तीन बजे सेक्टर-१२ स्थित होली चाइल्ड स्कूल के सामने फुटपाथ के पास रोड एक्सिडेंट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल दो लोगों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने को मृत घोषित कर करके उसके साथी की हालत गंभीर बताई। मृतक की पहचान गाजीपुर जिले के सिकंदरपुर थाना के गाँव झिझोली के रहने वाले संजय वर्मा जबकि घायल की हरियाणा के सोनीपत जिले के निजामपुर माजरा के रहने वाले तेज सिंह के रूप में हुई। दोनों टाटा ग्लोबल मोटर्स में कार्यरत हैं। संजय मैकेनिक जबकि तेज चालक के रूप में नौकरी करते हैं।

# तैमूर नगर नाले की बदलेगी सूरत, बनाया गया प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में यमुना को साफ करने की दिशा में सरकार ने तैमूर नगर नाले को चौड़ा और गहरा करने की परियोजना शुरू कर दी है। ये नाला मुंबई-बड़ौदा हाईवे से यमुना नदी तक जाता है। इसके रखरखाव से पानी का प्रवाह बेहतर होगा। न केवल आसपास के इलाके जलभराव से मुक्त होंगे, बल्कि यमुना की स्वच्छता में मदद मिलेगी।

दिल्ली सरकार के सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने तैमूर नगर नाले के कायाकल्प के लिए ई-टेंडर जारी किया है। विभाग के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि यह काम मुंबई-बड़ौदा हाईवे से यमुना तक नाले को चौड़ा और गहरा करने का है। इसकी अनुमानित लागत ६६.२९ लाख है और ६० दिन में पूरा करना लक्ष्य है।

तैमूर नगर नाला पूर्वी महारानी बाग एवेन्यू रोड से शुरू होकर खिजराबाद मेन रोड तक जाता है। यह नाला तैमूर नगर, श्रीनिवासपुरी, गढ़ी, कालिंदी, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और फ्रेंड्स कॉलोनी जैसे इलाकों से गुजरता है। लंबाई ८०० मीटर है।

## मेवाती गिरोह के दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिले की एसटीएफ टीम ने वाहन चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय मेवाती गिरोह का पर्दाफाश किया है। साथ ही टीम ने दो चोर यासिर और रौनक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से वाहन चोरी के पांच मामलों का खुलासा करने का दावा किया है। दक्षिण-पूर्व जिले की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या शर्मा ने बताया कि बदमाशों के प्रहलादपुर की ओर जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो आरोपियों गांव नहेड़ा, थाना बिछोर, जिला नूह, हरियाणा निवासी यासिर और रौनक को मोटरसाइकिल पर जाते समय गिरफ्तार कर लिया।

# बस अड्डों का होगा कायाकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीन बड़े अंतरराज्यीय बस अड्डों (आईएसबीटी) का रंग रूप पूरी तरह बदलने जा रहा है।

आनंद विहार और सराय काले खां आईएसबीटी को विश्वस्तरीय मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विक. सित किया जाएगा जबकि कश्मीरी गेट बस अड्डे का भी भविष्य में इसी तर्ज पर पुनर्विकास किया जाएगा।

यह योजना न केवल दिल्ली बल्कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड और हिमाचल जैसे राज्यों से राजधानी आने-जाने वाले लाखों यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी। दिल्ली सरकार की ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति के तहत इन बस अड्डों को आधुनिक वास्तुकला, एकीकृत परिवहन साधनों और व्यावसायिक, आवासीय व हरित क्षेत्रों के मिश्रण के साथ विकसित किया जाएगा।

इस परियोजना में सरकार की ओर से कोई पूंजीगत निवेश नहीं किया जाएगा, बल्कि रियल एस्टेट और वाणिज्यिक विकास के माध्यम से होने वाली आय से इसे पूरा किया जाएगा। सराय काले खां में लगभग ३२ एकड़ क्षेत्र में विकास कार्य जारी है जिसमें डीडीए, डीटीआईडीसी, एनसीआरटीसी, एमसीडी और डीयूएसआईबी जैसी एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। आनंद विहार में अधिकतम फ्लोर एरिया रेशियो ५ और सराय काले खां में ४.५ तक बढ़ाया जाएगा। इस परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जिसमें दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन परियोजना प्रबंधन सलाहकार है, जबकि अर्नस्ट एंड यंग निजी निवेशकों को जोड़ने के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजर की भूमिका निभा रहा है।

दिल्ली के यातायात तंत्र में यह बदलाव ऐतिहासिक साबित हो सकता है, जिससे राजधानी आने-जाने वालों को सुगमता, सुरक्षा और आधुनिक सुविधाएं एक साथ मिलेंगी।

## मरीज खुद जान सकेंगे दांतों की बीमारी के बारे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस में मरीज खुद दांतों को स्कैन कर बीमारी के बारे में दो मिनट में जान सकेंगे। पायलट परियोजना के तहत इंस्टीट्यूट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (एआई) की सुविधा से सुसज्जित स्कैनो एयर मशीन लगाई गई है। मशीन की मदद से एक्सरे रिपोर्ट का मूल्यांकन भी किया जा सकेगा। सीएसआर फंड के तहत तीन मशीन इंस्टीट्यूट में लगाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर मरीज उपचार के लिए डॉक्टर से परामर्श ले सकेंगे। रिपोर्ट में मरीज के दांतों की स्थिति के आधार पर उपचार और अगले छह महीने बाद दांतों की कैसी स्थिति होगी इसकी सूचना मिलेगी। डेढ़ महीने के अंदर मशीन से प्री ओरल कैंसर जांच की सुविधा के शुरु होने की उम्मीद है। स्कैन हुई तस्वीरों के आधार पर दांतों की स्थिति को लेकर हेल्थ स्क्रीनिंग रिपोर्ट जारी होगी। यह रिपोर्ट मरीज को उसके व्हाट्सअप नंबर पर उपलब्ध होगी। इस पूरी प्रक्रिया में करीब दो मिनट का समय लगेगा। एआई आधारित नावी नाम का रोबोट मरीजों की जांच में मदद करेगा। मरीज को मशीन के पास खड़ा होना होगा। उसमें अपना मोबाइल नंबर, नाम, लिंग और उम्र का ब्योरा देना होगा। नावी मरीज को हर चरण के बारे में हिंदी और अंग्रेजी भाषा में जानकारी देगा। फिर जांच का पहला चरण शुरू होगा उसमें मशीन के बाहर लगा कैमरा खुद से आपके सामने के दांतों को स्कैन कर तस्वीर लेगा। दूसरे चरण में नीचे के दांत और फिर आखिरी तीसरे चरण में ऊपर के दांतों को स्कैन किया जाएगा।



विधान सभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता नेवा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष ने नेवा प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा द्वारा सभी विधायकों (एमएलए) के लिए तीन दिवसीय नेवा (नेशनल ई विधान एप्लिकेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो २१ जुलाई से २३ जुलाई २०२५ तक आयोजित किया जाएगा। विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा परिसर में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा विकसित किए जा रहे विशेष प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस नए प्रशिक्षण केंद्र में लगभग १८ से २० कंप्यूटर लगाए जाएंगे जिससे कि विधायकों को प्रशिक्षण के दौरान व्यवहारिक (हैंड्स-ऑन) अनुभव प्रदान किया जा सके। इस प्रशिक्षण में संसदीय कार्य मंत्रालय (डवच।) के विशेषज्ञ विधायकों को नेवा प्लेटफॉर्म की विशेषताओं और कार्यप्रणाली से अवगत कराएंगे।

ये विशेषज्ञ विधायकों को आधुनिक विधायी प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरणों और कार्यप्रणाली को समझाने के लिए प्रत्यक्ष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। गुप्ता ने बताया कि नेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विधायकों को आगामी मानसून सत्र के लिए ई-विधान डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपकरणों और कार्य प्रणालियों से परिचित कराना है। तीन दिनों के इस प्रशिक्षण के दौरान, विधायकों को डिजिटल दस्तावेजों की पहुँच, विधायी कार्य की रीयल-टाइम ट्रैकिंग, प्रश्न और प्रस्ताव प्रस्तुत करने की प्रक्रिया सहित अन्य डिजिटल कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो एक आधुनिक और कुशल विधानसभा संचालन के लिए आवश्यक हैं।

यह पहल भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप है और एक कागज रहित, पारदर्शी और पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी विधायी प्रणाली को बढ़ावा देती है।

## सीबीएसई ने किया एडमिट कार्ड नियम में बदलाव

**नई दिल्ली।** अब सिर्फ किताबें पढ़ना काफी नहीं, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र पाने के लिए भी कला को जरूरी बना दिया है। बोर्ड ने सत्र २०२५-२६ के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए पहली से १० तक के सभी छात्रों के लिए आर्ट इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट अनिवार्य कर दिया है। इस प्रोजेक्ट को कलासेतु पोर्टल पर अपलोड करना स्कूलों के लिए जरूरी होगा, बिना प्रोजेक्ट अपलोड किए, स्कूल कलासेतु पोर्टल से बोर्ड परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड नहीं डाउनलोड कर पाएंगे। यह निर्देश बोर्ड की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (के तहत स्कूल शिक्षा में कला, संस्कृति और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जारी किया गया है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( क.ख. ) महोदय जनपद रामपुर**

**वाद सं.**- 298/2021

**श्रीमती कान्ती शर्मा आदि**

**प्रति गोविन्द गुप्ता आदि**

सेवा में,

1. गोविन्द गुप्ता पुत्र श्री मुंशीलाल गुप्ता
2 हरिओम गुप्ता पुत्र श्री मुंशीलाल गुप्ता
3. राहुल गुप्ता पुत्र श्री मुंशीलाल गुप्ता
4. विनोद गुप्ता पुत्र श्री गोविन्द गुप्ता

समस्त निवासीगण मकान नं. 5764/5, न्यू चंदावल कमलानगर मल्कागंज देहली 110007

...... प्रतिवादीगण

वादीगण ने आपके विरूद्ध स्थाई व्यादेश के लिये वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 21.07.2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे समयक् अनुदेश दिये गए हो और जो इस वाद से संबन्धित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दें सको या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस बाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है और यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश**

**अहलमद**

**ACG(JD)II**

# जेएनयू छात्र संघ ने की एडमिशन रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ ने शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ के लिए पीएचडी दाखिला पंजीकरण की तारीख बढ़ाने की मांग की है।

जेएनयू में पीएचडी में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। इच्छुक उम्मीदवार २२ जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पीएचडी में दाखिले नेट/जेआरएफ/गेट के स्कोर से होंगे। छात्र संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने दावा किया कि छात्र संघ के हस्तक्षेप के बाद संभव हुआ है। बृहस्पतिवार को छात्र संघ की उपाध्यक्ष मनीषा, सचिव मुंतेहा फातिमा सहित कई दूसरे छात्रों के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यालय पहुंचकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी निदेशक के नाम अपनी मांगों का पत्र सौंपा। उसके कुछ समय बाद एनटीए ने २२ जुलाई को परीक्षा परिणाम जारी करने की घोषणा की। परीक्षा परिणाम में देरी के कारण उम्मीदवारों में व्यापक चिंता थी कि बिना यूजीसी नेट के अंकों के वह दाखिला के लिए पंजीकरण कैसे करें। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग विवि में दाखिला की प्रक्रिया चल रही है।

## ट्रांसजेंडर के लिए बनेगा वेलफेयर बोर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ट्रांसजेंडरों के अधिकारों की रक्षा के लिए नियम अधिसूचित किए हैं। इससे उन्हें आइडेंटिटी कार्ड देने और वेलफेयर सुनिश्चित करने को कल्याण बोर्ड बनाने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार के समाज कल्याण विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि खुद को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली ट्रांसजेंडर व्यक्ति नियम, २०२५ बनाए हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) विधिवत भरे हुए आवेदन प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति के लिए पहचान का प्रमाण पत्र जारी करेंगे।

# प्रॉपर्टी बेचकर पत्नी के साथ की धोखेबाजी, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** के एन काटजू में प्रॉपर्टी में धोखाधड़ी करके पत्नी के साथ फरार धोखेबाज अरुण शर्मा को अपराध शाखा ने दस साल बाद गिरफ्तार किया है। १५ दिसम्बर २०१५ को कोर्ट ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। वह २०१४ से गिरफ्तारी से बच रहा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २०१४ में, वह आर्थिक तंगी से गुजर रहा था और उसे पैसों की जरूरत थी। उसने रोहिणी सेक्टर १६ स्थित अपने घर को ६५ लाख रुपये में बेचने का फैसला किया। उसने शुरुआती १५ लाख रुपये एडवांस में लिया, लेकिन वह अपनी संपत्ति किसी और को बेचकर भाग गया। तब से, वह फरार था। दरअसल, संपत्ति उसकी पत्नी के नाम पर थी और बिक्री का समझौता उसकी पत्नी के नाम पर ही तैयार किया गया था। बाद में पता चला कि वह भारी कर्ज में डूबा हुआ था और उसने कई लोगों से पैसे उधार लिए थे। शिकायतकर्ता जितेंद्र ढींगरा के बयान पर केएन काटजू मार्ग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जाँच के दौरान, आरोपी अरुण शर्मा और उसकी पत्नी जाँच में शामिल नहीं हुए। उन्हें और उनकी पत्नी दोनों को कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया था। एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय शर्मा के निर्देशन में हवलदार दिनेश राणा

की तकनीकी निगरानी और मैन्युअल खुफिया जानकारी के बाद पता चला कि आरोपी कई साल वडोदरा, गुजरात में बिताने के बाद हाल ही में दिल्ली वापस आया है। दरअसल, दिल्ली में कई लोगों को ठगने के तुरंत बाद, वह गुजरात चला गया जहाँ उसने निर्दोष लोगों को ठगना बंद नहीं किया। उसे एक पुख्ता जानकारी के बाद कृष्ण विहार इलाके से गिरफ्तार कर लिया। जहां पर उसने कुछ ही समय पहले किराये पर घर लिया था। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह रेडीमेड कपड़ों का व्यवसाय करता था और करोल बाग स्थित टैंक रोड पर एक दुकान चलाता था। रोहिणी सेक्टर-१६ में उनका एक घर था, लेकिन आर्थिक हालातों के कारणों कारोबार में घाटा होने लगा।

शुरुआत में, उन्होंने अपने व्यवसाय को बेहतर बनाने के लिए कुछ जानकार लोगों से पैसे उधार लिए, लेकिन हालात सुधरे नहीं। उन्होंने खुद को और अधिक कर्ज में डुबो लिया और अंततः लोगों को ठगने के बारे में सोचा। उन्होंने अपना घर बेचने के लिए एक व्यक्ति से पैसे लिए, लेकिन उसे किसी और को बेच दिया। गुजरात में भी उसने कई लोगों से पैसे लिए थे और पुलिस अभी भी उसकी तलाश कर रही है। उसकी पत्नी भी धोखाधड़ी की साजिश में शामिल थी।

# महिला सफाईकर्मियों का ईओ व लिपिक के खिलाफ प्रदर्शन



## अभद्रता करने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का लगाया आरोप, सफाई व्यवस्था ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को सफाई कर्मियों ने महिला सफाईकर्मी से ईओ पर अभद्रता करने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए सवेरे साफ सफाई व्यवस्था ठप्प कर दी। इस दौरान उन्होने कोतवाली में हंगामा करते हुए ईओ व लिपिक लक्ष्मण के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

गुरूवार को दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने शामली कोतवाली पहुंचकर सभासद अनिल उपाध्याय व सभासद निशिकांत संगल, व यूनियन के अध्यक्ष अमित तेश्वर, अध्यक्ष प्रवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस को तहरीर सौंपी। इस दौरान उन्होने हंगामा करते हुए कहा कि कमलेश पत्नी रामस्वरूप नगर पालिका परिषद शामली में संविदा सफाई कर्मचारी के पद पद कार्यरत है। जिनकी डड्टी कावड़ मार्ग पर फव्वारा चौक से विजय चौक तक है। कावड मार्ग पर कमलेश अपने पुत्र के साथ कार्य कर रही थी। आरोप है कि तभी ईओ विनोद कुमार सोलंकी व लिपिक लक्ष्मण सिंह भ्रमण करते हुए पहुंचे और नाली में कूडा डालने का आरोप लगाते हुए दोनों के साथ गाली गलौच व जातिसूचक शब्दो का प्रयोग किया। साथ ही मारने की कौशिश की गई। उन्होने ईओ व लिपिक पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। इस दौरान कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने हंगामा कर रहे सफाई कर्मचारियों को समझा बुझाकर शांत किया। इसके बाद सभी सफाईकर्मी ईओ कार्यालय पहुंचे, जहां भी उन्होने जमकर हंगामा किया। इस दौरान ईओ द्वारा काफी मांगे जाने पर सफाईकर्मी शांत हुए और वापस कार्य पर लौट गए। ईओ वीके सोलंकी ने बताया कि कांवड मार्ग पर सफाई के दौरान सडक का कूडा सफाईकर्मी द्वारा नालियों में फेंका जा रहा था, जिसको लेकर नाराजगी जाहिर की गई थी। महिलाओं का सम्मान करते है लेकिन झूठा आरोप लगाते हुए विरोध किया गया।



शामली। अपनी दादी को पालकी में बैठाकर ले जाते हुए।



शामली। दंडवत कांवड़ लेकर जाता शिवभक्त।



शामली। कांवड़ियों के लिए चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए।

# दादी को पालकी में बैठाकर आगे बढ़ रहे शिवभक्त

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** कलयुग में जब पारिवारिक मूल्यों और रिश्तों की अहमियत अक्सर सवालों के घेरे में होती है, ऐसे में गोहाना द्धहरियाणाद्व निवासी चार पोतों ने अपने कर्तव्य और श्रद्धा का ऐसा उदाहरण पेश किया है जिसे देख हर कोई भावविभोर हो उठा।

हरियाणा के गोहाना निवासी नरेश, राहुल पुत्रगण भगवती व नरेश व राजेश पुत्रगण नाथूराम चारों पोते अपनी 90 वर्षीय दादी कमला देवी को गंगा स्नान कराने हरिद्वार ले गए और अब उन्हें पालकी में बैठाकर वापस ला रहे हैं। गुरूवार को चारों पोते अपने दादी को पालकी में बैठाकर शामली पहुंचे। यह दृश्य जैसे ही कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की नजर में आया, लोगों ने उनकी भक्ति और सेवा भावना को सलाम किया। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने उनका फूलों से स्वागत किया। उन्होने बताया कि यह परंपरा उनके परिवार में पहले से चली आ रही है। उनके पिता ने भी अपनी दादी को हरिद्वार ले जाकर गंगा स्नान कराया था। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अब उन्होंने भी अपने जीवन की अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी दादी को गंगा स्नान कराया है। अब वे गंगाजल लेकर दादी को पालकी में बैठाकर अपने स्थानीय शिवालयों की ओर रवाना हैं। यह .श्य इस बात की मिसाल है कि धर्म, सेवा और रिश्तों की डोर आज भी जीवित है।

**शामली।** भक्ति की कोई सीमा नहीं होती, न शरीर की, न उम्र की और न ही व्यवसाय की। कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया हरियाणा के पानीपत निवासी 38 वर्षीय अशोक ने, जो पेशे से कुम्हार हैं। वे हरिद्वार से दंडवत कांवड़ लेकर निकल चुके हैं और शामली होते हुए अपने शिवालय की ओर बढ़ रहे हैं। अशोक ने बताया कि यह उनकी 19वीं कांवड़ यात्रा है, लेकिन इस बार वे पहली बार दंडवत कांवड़ लेकर आए हैं। हर कुछ कदम पर पृथ्वी को प्रणाम करते हुए आगे बढ़ना, शरीर के लिए कठिन जरूर है, लेकिन उनका मन केवल भोलेनाथ की भक्ति में डूबा हुआ है। अशोक ने बताया कि उन्होंने इस कठिन तपस्या के माध्यम से भगवान शिव से अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की है। उनका कहना है कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि का मार्ग है।



शामली। कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ करते चेयरपर्सन।

**शामली।** सावन मास में हर कोई भगवान शिव की भक्ति में मग्न है। सडकों पर भगवान शिव के भक्त कांवडिया सैकडों मील का सफर तय कर अपने शिवालयों की ओर बढ रहे है। शहर में अनेकों स्थानों पर लगे कांवड सेवा शिविरों में गुरूवार को समाजसेवी लोगों ने पहुंचकर कांवडियों की सेवा कर धर्मलाभ उठाया।

गुरूवार को शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड सेवा शिविर में पहुंचे समाजसेवी लोगों ने कांवडियों की सेवा की। कांवड शिविर में मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने भगवान शिव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होने समाजसेवी कुशांक चौहान के साथ मिलकर कांवडियों को भोजन कराया और सुरक्षा व्यावस्था परखी। अलका चौहान, रेखा, चौहान, डा। जनेश्वर चौहान, ने व चिकित्सकों की टीम डा। राजीव, डा। अक्षय, डा। नदीम, डा। राजाराम, डा। गुंजन, डा। शबनम, डा। सोनम, डा। सावेज आदि ने मिलकर शिवभक्त कांवडियों की सेवा की।

मौके पर विपिन, अजय, राजा, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। कांवडियों के लिए दूध, फल, भोजन, विश्राम, स्नान आदि की व्यावस्था की गई थी। इसके अलावा शहर के कैराना रोड स्थित गुलजारी वाला शिव मंदिर के कांवड सेवा शिविर में सैकडों की संख्या में शिवभक्त कांवडिया पहुंचे। कांवडियों को भोजन कराया गया तथा उनके विश्राम की व्यावस्था की गई थी। शहर के मंदिर हनुमान धाम पर कांवडियों के लिए लगे शिविरों में अनेकों प्रकार की व्यावस्था की गई है। इस अवसर पर प्रधान सलिल द्विवेदी, अनुराग शर्मा, पुनीत द्विवेदी, राजकुमार मित्तल, मुकेश मैनेजर, उत्तम नामदेव, संदीप नामदेव आदि मौजूद रहे।



**शामली।** हरिद्वार से गत 11 जुलाई से सावन मास के शुरूआत के साथ ही हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले कांवडियों की संख्या लगातार बढती जा रही है। गुरूवार को शामली शहर से हजारों कांवडिया होकर गुजरे। कंधे पर रंग बिरंगी कांवड लेकर शिवभक्तों के आने का सिलसिला रात-दिन जारी रहा। हर हर महादेव व शिव शंकर की जय के जयघोष के साथ शिवभक्त अपने अपने गणत्वयों की ओर बढते जा रहे है।

सैकडों मील पैदल यात्रा करने के बावजूद भी शिवभक्तों को थकान महसूस नही हो रही है। भोले की भक्ति में मस्त कांवडियों अपने शिवालयों की ओर बढ रहे है। शिवभक्तों की सेवा के लिए शहर के अनेकों स्थानों पर कांवड सेवा शिविर लगाए गए है। जहां शिवभक्तों की सेवा में सैकडों समाजसेवी जुटे हुए है। कांवड सेवा शिविरों में भोजन, फलाहार, नहाने, बैठने और आराम करने की उचित व्यवस्था की गई है। कांवड सेवा शिविरों में कांवडियों के लिए मेडिकल चेकअप व पैरों की मालिश करने की मशीने भी लगाई गई है। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन भी मुस्तैद हो गया। पूरा शहर शिवमय हो गया है। हर तरफ बम-बम भोले व हर हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है।

**शामली।** शहर के एमएसके रोड पर तीसरे देव हॉस्पिटल कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ हो गया। कांवड सेवा शिविर में कांवडियों की सेवा के लिए चिकित्सकों की टीम भी लगी रही। जहां पहुंचे सैकडों कांवडियों ने पहुंचकर भोजन और विश्राम किया।

शहर के एमएसके रोड पर तीसरे देव हॉस्पिटल कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता हरबीर मलिक, पवन तरार व नरदेव मलिक ने फीता काटकर किया। नरदेव मलिक ने बताया कि कांवड़ सेवा शिविर में कावंड़ियों के लिए भोजन, विश्राम, मेडिकल, स्नान आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई है। इसके अलावा हॉस्पिटल की ओर से डा। रिहान जैदी, डा। तुषार लगातार मेडिकल कैंप के माध्यम से कांविडयों को उपचार भी दिया। इस अवसर पर आर्यन चौधरी, अनुज सैनी, मोहित कुमार, गोल्डी, आदि मौजूद रहे।

**शामली।** सर्व समाज ककल्याण समिति एवं नामदेव युवा जनकल्याण समिति के द्वारा शामली तहसील के निकट हनुमान मंदिर प्रांगण में विशाल कांवड़ सेवा शिविर शुभारंभ किया गया।

कावड़ सेवा शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने हवन में आहुति डालकर एवं फीता काटकर किया। पंडित विपिन भारद्वाज ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन संपन्न कराय। शिविर के संयोजक रजनीश नामदेव ने बताया की कांवड़ सेवा शिविर में कावंड़ियों के लिए भोजन, विश्राम, मेडिकल, स्नान आदि की पूर्ण व्यवस्था की गई है।

कावड़ सेवा शिविर 22 जुलाई तक चलेगा। इस अवसर पर हरबीर मलिक, यशपाल पंवार, रजनीश नामदेव, गिरधारी लाल नारंग, सत्यप्रकाश अग्रवाल, डॉ। पवन नामदेव, उत्तम नामदेव, रामकिशन नामदेव, मनुज कंबोज, पवन नामदेव, घनश्याम परचा, बादल गौतम, सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र के गांव बधेव निवासी युवक की बिहार में हुई सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव निवासी एक युवक की बिहार में हुए ट्रक हादसे में मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने थाना आदर्शमंडी पहुंचकर एफआईआर शामली में दर्ज कराने की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने घटना दूसरे राज्य की होने पर परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया।

क्षेत्र के गांव बधेव निवासी 28 वर्षीय विक्की पुत्र करतारा गांव टिटौली निवासी सौरव व गुडडू के ट्रक पर परिचालक के रूप में नौकरी करता है। जिसके साथ कल्लू सह परिचालक व ट्रक ड्राईवर के नवीन भी नौकरी करते है। बताया जाता है कि गत रात्रि जनपद सहारनपुर से आम लेकर तीनों बिहार के लिए गए थे। जब वह बिहार पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे दूसरे ट्रक चालक ने उनके ट्रक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के परखच्चे उड गए। जिसमें विक्की की मौके पर मौत हो गई, जबकि कल्लू घायल हो गया और ट्रक चला रहा नवीन आंशिक रूप से घायल हुआ। घटना की सूचना साथी लोगों ने परिजनों को दी। सूचना मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे से गुस्साऐं परिजनों ने ट्रक मालिक पर सही जानकारी न देने का आरोप लगाते हुए थाना आदर्शमंडी पहुंचकर हंगामा किया और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने हादस बिहार दूसरे राज्य का होने के कारण परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया, जिसके बाद परिजन अपने घर लौट गए। देर रात्रि तक पोस्टमार्टम के बाद ही युवक का शव गांव पहुंच सकेगे। मृतक युवक अपने चार भाईयों में तीसरे नंबर का था।

# बल्लामाजरा-गंगारामपुर में हुई चोरियों का खुलासा, दो आरोपियों से नकदी व सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पुलिस ने बल्लामाजरा व गंगारामपुर में विगत माह हुई टीलर व टयूबवैल से हुई चोरी के मामलों मे पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों से चोरी का सामान व नगदी सहित चाकू को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय मे पेश करते हुए रिमांड लिया। कोर्ट ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

बल्लामाजरा निवासी अताउर्रहमान पुत्र अतीक के खेत से 27 जून को बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वही गंगारामपुर के जंगल से टीलर को





चोरी कर लिया गया था। दोनो ही घटनाओं मे दर्ज मुकदमें की जॉच करते हुए पुलिस ने दो बदमाशो को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से टीलर के स्प्रींग, खुरपे, 330 ग्राम तांबे के तार, 6300 रूपयों की नगदी, एक चाकू, एक प्लास, चार प्लास्टिक के कटटे, लोके के एंगल व चोरी किया गया अन्य सामान बरामद किया है। पकडे गए बदमाशों की पहचार खुशीराम पुत्र बाबूराम निवासी शामली शामला व रामबीर उर्फ चिन्टू पुत्र महिपाल निवासी शामली शामला के रूप मे हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय मे पेश किया और रिमांड की मांग की । न्यायालय ने दोनो ही आरोपियों को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

## रोटेरियन बंधुओं ने लगाए 70 पौधे

**धामपुर।** वन महोत्सव पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को नहटौर मार्ग स्थित रोटेरियन अनुपम गोयल के फार्म पर रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके रोटेरियन बंधुओं ने विभिन्न प्रकार के 70 पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में रोटेरियन अध्यक्ष विवेक अग्रवाल तथा सचिव रोटेरियन सरदार गगनदीप सिंह चावला एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन शिवम नंदा के निर्देशन में सत्र का यह तीसरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य संस्था के पौधारोपण से संबंधित प्रोजेक्ट को क्रियान्वित कराना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम विषय पर आधारित पौधारोपण अभियान कार्यक्रम को अन्य स्थानों के साथ ही धामपुर में भी प्रभावी रूप में सफलता दिलाना रहा।

# किसानों को पंजीकरण करने के लिए दिए दिशा- निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप कृषि निदेशक, शामली प्रमोद कुमार द्वारा समस्त किसान भाईयो को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ 2024-25 में जनपद में अधिसूचित फसल धान है। धान की प्रीमियम धनराशि 1864 रूपए प्रति है. तथा इसकी बीमित राशि 93200 रूपए प्रति है. है, जो किसान भाई बीमा कराना चाहते है वह सम्बन्धित बैंक शाखा एवं जनसेवा केन्द्र के माध्यम से 31 जुलाई 2025 से पहले अपना पंजीकरण अवश्य करा ले। जिन ऋणी किसान भाईयो को फसल बीमा का लाभ लेना है तो उनको अपने के.सी.सी. में अपनी फसल बैंक में जाकर अनिवार्य रूप से 24 जुलाई 2025 तक दर्ज करा ले। विगत वर्ष (2024-25) सीजन खरीफ में 1397 कृषको का फसल बीमा पंजीकरण हुआ था जिसमे 391 कृषक धनराशि 8,77,543 रु. से लाभान्वित हुए है। गैर ऋणी किसान सी.एस.सी., ऐजेण्ट व बीमा पोर्टल www.pmfby.govAin या क्राप इन्श्योरेन्स ऐप के माध्यम से स्वयं बीमा करध्करा सकते है। बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। अत: सभी किसान भाईयो से निवेदन है कि अधिक से अधिक भाग ले जिससे किसी भी प्राकृतिक आपदा जैसे आंधी, तूफान, ओलावृष्टि के कारण तैयार फसल किसानो की नष्ट हो जाती है तो इस सन्दर्भ में उन किसानो को इस योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त होता है। किसान भाइयों अधिक जानकारी के लिए कम्पनी के टोल फ्री नं0 14447 या बीमा कम्पनी के कर्मचारियों के निम्न मो.नं. जनपद स्तर- अभिषेक सिंह जिला समन्वयक 8929336153, तहसील शामली, कैराना- राममनोरथ 7408494194, तहसील ऊन- मोहित कुमार 9193388411 पर सम्पर्क कर सकते है।

## एक नजर

### तहसील कार्यालय पर धरना जारी



**ऊन।** विद्युत विभाग के द्वारा किए गए मुकदमे व जुर्माने को लेकर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर धरना जारी रहा। बृहस्पतिवार को धरने पर आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार साथियों के साथ पहुंचे तथा अपना समर्थन व्यक्त कियावही शहीद भगत सिंह समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक विद्युत विभाग समझौते के अनुसार मुकदमे व जुर्माने के नोटिस वापस नहीं लेता तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में दीपक कुमार, सितेंद्र शेरवाल मोनू कुमार, जयवीर,सुरेंद्र सिंह, इंद्रपाल, जितेंद्र,अमित कुमार, सुशील कुमार,ब्रजपाल, यशपाल, सुरेंद्र, अरविंद, राजेंद्र आदि शामिल रहे।

### भारतीय संस्कृति और कुम्भ विषय पर भेजें अपनी रचनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सूचना अधिकारी, शामली ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कहानी, कविता एवं निबंध प्रतियोगिता युवा रचनाकारों (18 से 30 वर्ष) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कहानीध्कविताधनिबन्ध प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है:- व कहानी कविता निबन्ध तीन प्रतियों में कम्प्यूटर टाइप ए 4 आकार में भेजनी होगी व कहानी अधिकतम 2500 शब्द व कविता अधिकतम 500 शब्द (एक ओर टंकित) हो। निबन्ध भारतीय संस्कृति और कुम्भ विषय पर केन्द्रित होगा, जो अधिकतम 2500 शब्द का (एक और टंकित) होगा। कहानी कविता भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों पर केन्द्रित होनी चाहिए। कहानी कविता निबन्ध पर शीर्षक के अतिरिक्त लेखक का नाम व पता अंकित नहीं होना चाहिए। अलग पृष्ठ पर कहानी कविता निबन्ध के शीर्षक के साथ प्रतिभागी का नाम, पता, दूरभाष संख्या सहित हाईस्कूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। पूर्व में पुरस्कृत रचनाकार की प्रविष्टि उसी विधा में स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 1 सितम्बर, 2025 है। प्रविष्टियां निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हिन्दी भवन, 6-महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ-226001 के पते पर भेजी जाएंगी। प्रविष्टि के लिफाफे पर कहानी कविता निबन्ध प्रतियोगिता लिखना अनिवार्य है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के युवा रचनाकारों के लिए है। जिसके लिए प्रथम पुरस्कार-रु. 7,000, द्वितीय पुरस्कार-रु. 5,000, तृतीय पुरस्कार-रु. 4,000, सांत्वना पुरस्कार (संख्या-दो)-रु. 2,000 है।

### परिसिमन की कार्यवाही को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संदीप अग्रवाल, जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली ने अवगत कराया कि प्रमुख सचिव, पंचायती राज अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र दिनांक 15.7.2025 के द्वारा नगर विकास विभाग की विभिन्न अधिसूचनाओं द्वारा नगर पंचायतध्नगर पालिका परिषदध्नगर निगम के सृजन सीमा विस्तार के कारण प्रभावित ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आंशिक परिसीमन की कार्यवाही जनपद-शामली में निम्नवत् निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप की जानी है। परिसिमन के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही-1. ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का अवधारण सुनिश्चित किया जाना। कार्यवाही हेतु निर्धारित तिथियां-दिनांक 18 जुलाई, 2025 से 22 जुलाई, 2025 तक। 2. ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की प्रस्तावित सूची की तैयारी और उसका प्रकाशन, दिनांक 23 जुलाई, 2025 से 28 जुलाई, 2025 तक. 3. प्रस्तावित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों पर आपत्तियां प्राप्त किया जाना। दिनांक 29 जुलाई, 2025 से 2 अगस्त, 2025 तक। 4. क्रमांक-3 पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण। दिनांक 2 अगस्त, 2025 से 5 अगस्त, 2025 तक। 5. प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन। दिनांक 6 अगस्त, 2025 से 10 अगस्त, 2025 तक।

### पूर्व सैनिक के भाई पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपित पहुंचे सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मालूम हो कि थानाभवन क्षेत्र के ग्राम भनेड़ा उद्दा निवासी पूर्व सैनिक देवेंद्र सिंह के भाई परमवीर पर होली के दिन गांव के ही पांच लोगों द्वारा जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। हमले के पांचों आरोपित आखिरकार अब जाकर कानून के शिकंजे में आ गए हैं। लंबे समय तक फरार रहने और पुलिस दबिशों के बाद अब सभी पांचों आरोपियों जेल जा चुके हैं। थानाभवन पुलिस ने इस मामले में हिमांशु, दीपांशु, शिवकुमार, सीमांत और उदय सिंह के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। हमले के बाद से ही ए सभी आरोपी बादस्तूर फरार चल रहे थे। न्यायालय कैराना द्वारा गैरजमानती वारंट जारी किए गए और जिला न्यायालय के साथ-साथ हाईकोर्ट इलाहाबाद से भी सभी आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं।जमानत याचिका खारिज के बाद कोर्ट के आदेश पर सभी के कुर्की नोटिस चस्पा किए गए।पुलिस द्वारा लगातार गिरफ्तारी का दबाव बनाए जाने और ढोल नगाड़ों के साथ की गई मुनादी तथा कुर्की नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही के बाद पहले दो आरोपी शिवकुमार और सीमांत ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। अब शेष तीन फरार आरोपित हिमांशु,दीपांशु और उदय सिंह ने भी आखिरकार सरेंडर कर दिया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

### पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** ग्राम समाज की भूमि को नियम विरुद्ध क्रय विक्रय करने के आरोपी 4 महिलाओं सहित 5 के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। लेखपाल क्षेत्र नागरपुर खड़कसेन यशवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उपजिलाधिकारी धामपुर के आदेश के क्रम में ग्राम रघुनाथपुर परगना अफजलगढ़ के खसरा नम्बर 103 के आवंटन व विक्रय के सम्बंध में 12 जून को जांच की गई, जिसमें मौजा रघुनाथपुर के खसरा नम्बर 103 मि. क्षे. 1.265 है. को राकेश पुत्र मथुरा निवासी ग्राम हरेवली द्वारा वर्तमान ग्राम प्रधान की पुत्रवधू सबा रहमान पत्नी अजीमुद्दीन निवासी ग्राम हरेवली व नगमा परवीन, बुशरा परवीन, मंतशा परवीन पुत्री मोहम्मद जावेद निवासी धामपुर के साथ संलिप्त होकर अभिलेखों में फर्जी तरीके से नाम व आयु परिवर्तन कर नियम विरुद्ध विक्रय कर दिया गया था। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि हल्का लेखपाल की तहरीर पर राकेश सहित चारों आरोपी महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### हबीबवाला में चिकित्सा शिविर

**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम हबीबवाला में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुभवी डॉक्टर की टीम ने लगभग 140 रोगियों का सकुशल इलाज किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर सुमित सिंह, डॉक्टर गौहर फैयाज, डॉक्टर वसीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ एमएम गिल, अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, कुलदीप कुमार, निशु रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वच्छता अभियान में नोएडा बना नंबर-1

## तीन लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या श्रेणी में पहला स्थान, छह साल की मेहनत आई काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** स्वच्छता सर्वेक्षण में नोएडा ने ऊंची छलांग लगाते हुए अव्वल मुकाम हासिल किया है। 3 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या के श्रेणी में नोएडा को पहला स्थान मिला है। 2018 में इसी लीग में नोएडा 324वें स्थान पर था। 6 सालों में नोएडा ने अथक प्रयास किया और रिजल्ट सामने आया। यही नहीं नोएडा को 2024 में भी वाटर प्लस एवं 5 स्टॉर गारबेज फ्री सिटी भी हासिल हुआ। आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पहली बार स्वच्छता सुपर लीग (गोल्डन सिटी) का गठन किया गया। जिसमें प्रथम चरण में 12 शहर शामिल किए गए थे। इसमें





नोएडा शहर भी शामिल था।

द्वितीय चरण में 11 और शहरों को सुपर लीग में शामिल किया गया है। इस प्रकार सुपर लीग में कुल 23 शहर शामिल हैं। जिसके तहत नोएडा को भी स्वच्छता सुपर लीग श्रेणी में अवॉर्ड / सर्टिफिकेट दिया गया। ये अवार्ड देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिया। इस मौके पर सीईओ लोकेश एम ने कहा कि ये अवार्ड हमें पब्लिक फीड पर मिला है। ये अवार्ड डीप क्लीनिंग के लिए दिया गया है। हमने नाले टू नाले का सफाई की। प्लास्टिक बैन किया। अब हमारे नालों में बिना शोधित पानी नहीं जाता। कई स्थानों पर सख्त एक्शन भी लिया गया है। इस रैंकिंग को काबिज रखना हमारा उद्देश्य है। इस मौके पर नोएडा प्राधिकरण के सभी एसीईओ, ओएसडी और जीएम व अलग-अलग समाज के लोग मौजूद रहे।

# नोएडा ट्रांसपोर्ट ने किया सीईओ का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर सयुंक्त ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष चौ0 वेदपाल सिह के नेतृत्व मे यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह का फूलों गुलदस्ता एवम मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया इसके साथ सैक्टर 33 यमुना प्राधिकरण क्षेत्र मे निधारित ट्रांसपोर्टर नगर की स्कीम लाकर प्लाट आवंटन पर विषेश चर्चा हुई। संगठन के अध्यक्ष की साथ में दर्जनों ट्रांसपोर्टर साथ रहे।

# तीन करोड़ के फ्रॉड में ठग गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 3 करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामला सामने आया है। साइबर क्राइम ने एक शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी ठग की पहचान राजस्थान के जयपुर शहर के रायगार निवासी विपुल नागर के रूप में हुई है। इसके खाते में 63 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

दरअसल ठगों ने पीड़ित महिला के लैंडलाइन नंबर पर कॉल कर बताया था कि आपके आधार कार्ड से कई खाते खोले गए हैं। इनका प्रयोग जुआ व अवैध हथियार की खरीद करने में किया गया है। पीड़िता काफी डर गई। इसके बाद उसे डिजिटल अरेस्ट कर उसके खाते से करीब 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। इस मामले में 30 जून को नोएडा के साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

इस मामले में आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। विपुल नागर (बेनीफिशियरी खाताधारक) ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसने अपने बैंक खाते को सह अभियुक्त अजीत को दे दिया था। जिस पर धोखाधड़ी से संबंधित धनराशि प्राप्त की जाती थी। जिसका कमीशन विपुल नागर को मिलता था। पुलिस ने बताया कि साइबर से संबंधित किसी भी समस्या के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर- 1930 व साइबर क्राइम की वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करें।

# पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

## दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, बंद मकानों में करते थे चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 पुलिस सेक्टर-76 नोएडा मेट्रो स्टेशन के नीचे बैरियर लगाकर चैकिंग कर रही थी। गोपनीय सूचना मिली कि बाइक सवार 02 व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर सेक्टर-49 पुलिस द्वारा एक और पुलिस टीम बुलाकर चौकिंग की जाने लगी। इस बीच बरौला टी प्वाइंट की तरफ से एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने बाइक सवार 02 व्यक्तियों को रूकने का इशारा किया। बाइक सवार मोड़कर तेजी से सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन से आगे सर्विस रोड़ पर भगाने लगे।

पुलिस टीम ने बाइक सवार का पीछा किया। पुलिस टीम को पीछा आता देख बाइक सवार बिजली घर के पास सर्विस रोड पर छोड़कर जंगल की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। बदमाशों द्वारा अपने आप को पुलिस टीम से घिरता देखा गया। जिसके बाद पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम ने जवाबी फायर किया। दोनों बदमाशों के गोली लगी। वो जमीन पर गिर गए।घायल दोनों बदमाशों की पहचान अनिल उर्फ अन्नू उर्फ बिल्ला व करन शर्मा उर्फ गोपाल उर्फ काकू हुई। दोनों की उम्र करीब 29 साल और दोनों ही हिमाचल के रहने वाले है। बदमाशों के कब्जे से 01-01 तमंचा चोरी की 01 पीली धातु की चौन, 01 जोड़ी कान के टॉप्स, 03 अंगूठी पीली धातु, 01 गले का पेंडेंट, 04 मोबाइल फोन, 2800 रुपए नगद बरामद किए गए। बरामद चोरी के सामान के संबंध में थाना सेक्टर-49 नोएडा में मुकदमा दर्ज है। घायल बदमाशों को इलाके लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

**बंद मकानों में करते है चोरी:** पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि वो बंद पड़े मकानों में रैकी कर रात में ताला तोड़कर जेवर व अन्य कीमती सामानों की चोरी किया करते है। चोरी के सामानों को सस्ते दामों राहगीरों को बेच दिया करते थे। अनिल बाइक चलाने में माहिर है। बदमाश बाइक का प्रयोग करते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। ये दोनों हिमाचल प्रदेश में भी चोरी की घटनाएं कर चुके है। अब तक की पूछताछ में अनिल पर 8 और करन पर 5 मुकदमे सामने आए है।

# रोडरेज में युवक को लात-घूसों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रोड रेज के मामले में एक युवक को तीन लोगों ने बुरी तरह से पीटा। घटना सेक्टर-58 की है। यहां दो कार आपस में टकरा गई थी। जिसके बाद मारुती सियाज कार सवार लोगों ने इनोवा में बैठे एक व्यक्ति को जमकर पीटा। जब तक वो बेहोश नहीं हो गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-58 पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया है। वहीं घायल पीड़ित का इलाज नोएडा के सेक्टर-71 कैलाश अस्पताल में चल रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें साफ दिख रहा है कि एक युवक को सड़क पर लात घूसों से बुरी तरह पीटा जा रहा है। पीड़ित वरुण चावला सेक्टर-122 में रहते है। वो रोज की तरह सुबह अपनी इनोवा कार से ऑफिस सेक्टर-61 जा रहे थे। उनके साथ उनका एक साथी विष्णु भी था। सेक्टर-58 के पास उनकी इनोवा कार मारुति सियाज से टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही सियाज से तीन लोग नीचे उतरे। बिना बात किए पहले गालीगलौज करने लगे। इसके बाद विष्णु को कार से खींचकर नीचे उतारा और मारपीट करने लगे।

# निवेश का झांसा देकर इंजीनियर से 75 लाख की ठगी

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर इंजीनियर से 75 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गई। जालसाजों ने निवेश के बाद तीन गुना अधिक मुनाफे का लालच दिया था। पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई, उनकी जांच की जा रही है। सेक्टर-62 स्थित रजत विहार सोसाइटी निवासी पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह इंजीनियर हैं। शेयर बाजार में निवेश करने में रुचि रखते हैं। दो मई को जयकुमार नाम के युवक का फोन आया। उसने खुद को शेयर बाजार का विशेषज्ञ बताया। आरोपी ने निवेश पर दो से तीन गुना लाभ का लालच देकर पीड़ित को एक व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा।

शुरुआत में आरोपी ने मुनाफा दिखाकर पीड़ित के खाते में कुछ रकम भी वापस भेजी। इसके बाद झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में 40 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी ने टैक्स और अन्य शुल्कों के नाम पर 35 लाख 30 हजार रुपये और जमा करवा लिए। साथ ही आश्वासन दिया कि यह रकम जमा करने के बाद उन्हें पूरे रुपये वापस मिल जाएंगे।

## एक नजर

### बाइक टैक्सी में चल रहीं 12 निजी गाड़ियों पर कार्रवाई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** परिवहन विभाग ने दो दिन बाइक टैक्सी में चल रही 12 बाइक पर कार्रवाई की। इसमें सात बाइक जब्त और पांच का चालान किया गया । प्रवर्तन टीम से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर 62 इलेक्ट्रॉनिक सिटी और बॉटेनिकल गार्डेन मेट्रो स्टेशन पर जांच अभियान चलाया गया। बुधवार को तीन बाइक सीज की गई। गुरुवार को चार बाइक सीज और पांच के चालान किए गए हैं। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि निजी बाइक को व्यावसायिक में बदलवाने के बाद ही चालक सवारी ढोने के लिए उसका इस्तेमाल करें।

### दहेज हत्या में फरार सास गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के जमालपुर गांव में दहेज हत्या के मामले में फरार चल रही सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सास सुदेश को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। घटना 8 जुलाई की है। बरसात गांव निवासी भोलू की बहन पूजा की उसके ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। मृतका के भाई ने बताया कि ससुराल वाले दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग कर रहे थे। पीड़िता के भाई ने पति समेत 6 ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने घटना के 2 दिन बाद ही आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में अभी तीन और आरोपी फरार हैं। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम लगी हुई है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### ग्रेटर नोएडा में किसानों का विरोध प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। किसान नोएडा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। प्राधिकरण ने हाईकोर्ट से स्टे होने के बावजूद शहदरा गांव सेक्टर 142 में स्थित मार्केट को अवैध बताकर तोड़ दिया। प्राधिकरण ने किसानों की समस्याओं का समाधान 20 दिन में करने का वादा किया था। डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला है। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इसके बदले में उन्हें 10 प्रतिशत प्लॉट देने की बात हुई थी। लेकिन नोएडा प्राधिकरण ने अभी तक यह प्लॉट नहीं दिया है। किसान नेताओं ने जिला प्रशासन और डीसीपी सेंट्रल नोएडा कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### जेवर में किसान की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में बिजली के करंट से एक किसान की जान चली गई। झुप्पा गांव निवासी कमल (35) बुधवार रात खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर गए थे। वहां बिजली के पोल में उतर रहे करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने तुरंत कमल को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रूपन सिंह ने बताया कि पोल में कई दिनों से करंट उतर रहा था। कमल ने इसकी शिकायत विभाग के लाइनमैन से की थी। लाइनमैन ने आश्वासन दिया था कि पोल में अब करंट नहीं उतर रहा है। रूपन का आरोप है कि लाइनमैन की लापरवाही से उनके भाई की मौत हुई। उन्होंने जेवर कोतवाली में लाइनमैन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चेन स्नैचिंग के तीन आरोपी गिरफ्तार


**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने चेन स्नैचिंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो सोने की चेन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दादरी थाना क्षेत्र में कंट्रोल रूम को चेन स्नैचिंग की सूचना मिली। सूचना में बताया गया कि बदमाशों ने फायरिंग भी की है और अजायबपुर रेलवे स्टेशन की तरफ भाग गए हैं।

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जल संरक्षण के लिए दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद में 16 से 22 जुलाई 2025 तक जल सुरक्षित, तो कल सुरक्षित थीम पर आयोजित भूजल सप्ताह को सफल और प्रभावी बनाने हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को जल संरक्षण को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद के सभी शासकीय कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की सघन जांच कराई जाए और उसकी स्थिति का सत्यापन कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाए। उन्होंने जनपद की हाईराइज सोसाइटियों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के क्रियान्वयन की स्थिति की जांच कर, जिन सोसाइटियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संचालित नहीं है उन्हें तत्काल संचालित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



डीएम ने जल दोहन करने वाली संस्थाओं पर भी विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों, आरओ प्लांट, कार वॉशिंग सेंटर्स आदि स्थानों पर यह जांच अवश्य कराई जाए कि कहीं जल वेस्ट तो नहीं हो रहा। यदि जल बर्बादी की पुष्टि होती है, तो संबंधित संस्थानों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई तत्काल अमल में लाई जाए। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में प्रतिदिन भूजल संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी-अपनी कार्य योजनाएं साझा करें और भूजल सप्ताह से संबंधित समस्त गतिविधियों का विवरण संबंधित पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अपलोड करें। इसके साथ ही, उन्होंने जनसामान्य को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही इस दौरान जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलायी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, भूगर्भ जल अधिकारी अंकिता राय, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी अंबा प्रकाश शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रेनो प्राधिकरण में प्रबंधक स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने वर्क सर्किल प्रभारियों के क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है। कुछ प्रबंधकों दो- दो वर्क सर्किल की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक प्रबंधक को वर्क सर्किल का प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाए जाने पर प्रबंधक स्तर के अफसरों में रोष है। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा जारी कार्यालय आदेश के मुताबिक प्रबंधक सिविल नागेंद्र सिंह सिर्फ वर्क सर्किल-8 में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक की जिम्मेदारी संभालेंगे। अब तक वह जेवर विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले ग्रेनो के सेक्टरों में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक स्तर का कार्य देख रहे थे।

राजेश कुमार निम को वर्क सर्किल- 3 के साथ वर्क सर्किल- 4 संपूर्ण में वरिष्ठ प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बता दें कि वर्क सर्किल- 4 का कुछ हिस्सा जेवर विधानसभा में आता है, जो नागेंद्र सिंह देख रहे थे। वहीं, प्रबंधक रतिक को वर्क सर्किल- 5 के साथ खेल परिसर का प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। सन्नी यादव को वर्क सर्किल-6 के साथ स्वास्थ्य विभाग एवं अर्बन सर्विसेज विभाग में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक स्तर का कार्य सौंपा गया है। वहीं नरोत्तम सिंह को वर्क सर्किल- 7 के साथ वर्क सर्किल-2 का भी प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है।

# औषधि निरीक्षक ने दवाओं की गुणवत्ता जांची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर में मरीजों को मानकों के अनुरूप औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में है। औषधि निरीक्षक ने ग्रेटर नोएडा में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण कर दो औषधियों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। वहीं दूसरी तरफ मेडिकल स्टोरों की औचक निरीक्षण की भनक लगते ही अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया और वह शटर बंद कर फरार हो गए।

औषधि निरीक्षक जय सिंह ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व




डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप दवाईयों की बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य जेवर क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान मोनू मेडिकल स्टोर रबूपुरा जेवर से 2 दवाओं के नमूने जांच के लिए संग्रहित किये हैं। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान आसपास के सभी मेडिकल स्टोर बंद मिले। जो मेडिकल स्टोर बंद मिले हैं, उनकी भी औचक रूप से निरीक्षण किया जायेगा।

औषधि निरीक्षक ने बताया गया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स पर दवाओं की जांच की जाएगी।

# किसानों की महापंचायत 30 जुलाई को ग्रेटर नोएडा में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की महापंचायत 30 जुलाई को ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया अंडरपास पर आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारी के लिए गुरुवार को बल्लूखेड़ा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

किसानों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उनका कहना है कि तीनों प्राधिकरणों ने गांवों की बैक लीज पर सिर्फ कागजी कार्रवाई की है। किसानों को 10 प्रतिशत प्लॉट देने के लिए गांव-गांव बैठकें की गईं। लेकिन अभी तक किसान कोटे के प्लॉट नहीं दिए गए हैं। स्थानीय युवाओं के रोजगार का मुद्दा भी प्रमुख है। क्षेत्र में बड़ी कंपनियां खुल रही हैं। परंतु स्थानीय लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। किसानों ने यह भी बताया कि लंबे समय से जमीन का सर्किट रेट नहीं बढ़ाया गया है। गोष्ठी में रो. बिन नागर, राजे प्रधान, राजीव मलिक, अनित कसाना, जगत प्रधान, सुनील प्रधान समेत कई किसान नेता मौजूद रहे। सभी ने इन मुद्दों को महापंचायत में उठाने का निर्णय लिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए बाइक व एंबुलेंस रहेंगी तैयारः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर कांवड़ मार्ग के लिए रवाना किया। कांवड़ यात्र के दौरान श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्गों पर भीड़ अधिक रहती है और कई जगहों पर जाम की स्थिति बन जाती है, ऐसे में सामान्य एंबुलेंस का मौके पर पहुंचना मुश्किल होता है। बाइक एंबुलेंस के माध्यम से तीर्थ यात्रियों को तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह पहल सुनिश्चित करेगी कि कोई भी श्रद्धालु चिकित्सा सुविधा से वंचित न रहे। मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. यशवीर सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल ने बताया कि बाइक एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार की सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.यशवीर सिंह ने कहा कि बाइक एंबुलेंस का संचालन ऐसे स्थानों पर किया जाएगा जहां सामान्य एंबुलेंस का पहुंचना कठिन हो। इससे न केवल बीमार यात्रियों को त्वरित राहत दी जा सकेगी बल्कि समय पर इलाज से कई जानें भी बचाई जा सकेंगी। गौरतलब है कि हर वर्ष सावन माह में लाखों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने शिवालयों तक कांवड़ यात्रा करते हैं। जिला प्रशासन की यह पहल कांवड़ यात्रा के दौरान आपात चिकित्सा सुविधा को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल सहित उपस्थित रहे।

# परिवार की सुख-शांति के लिए हरिद्वार से पैदल जल लेकर आए शिवभक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हरियाणा के झज्जर से एक परिवार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा पर निकला है। सागर अपनी पत्नी नेहा, एक साल की बेटी हीरा और भाई अनिकेत के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गांव की ओर जा रहे हैं।

सागर ने बताया कि उन्होंने पांच दिन पहले हरिद्वार से कांवड़ उठाई थी। वे गंगाजल को अपने गांव के शिव मंदिर में चढ़ाएंगे। परिवार की सुख-शांति के लिए वे हर साल यह यात्रा करते हैं। वर्तमान में यह परिवार बागपत में बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग पर कान्हड़ गांव के पास से गुजर रहा है। कांवड़िए बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए अपनी यात्रा जारी रखे हुए हैं। सागर ने बताया कि गर्मी के कारण यात्रा में कुछ परेशानी हुई, लेकिन कोई बड़ी दिक्कत नहीं आई। परिवार का मानना है कि भगवान शिव की भक्ति से ही उनके घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इसी विश्वास के साथ वे एक साल की बच्ची को भी इस पवित्र यात्रा में साथ लेकर चले हैं।


# बंदरों ने महिला पर हमला कर किया घायल, बंदरों को पकड़वाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुसार गांव में एक महिला बंदर के हमले का शिकार हो गई। रामपाल की पत्नी कमलेश अपने घर के बरामदे में काम कर रही थी। इस दौरान छज्जे पर बैठे बंदर ने अचानक उस पर हमला कर दिया।

बंदर ने महिला के सिर पर हमला किया और कई जगह से घायल कर दिया। महिला की चीखें सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे दिखाकर बंदर को वहां से भगाया। घायल महिला को पहले बिनौली सीएचसी ले जाया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला के बेटे कल्लू के अनुसार, उनकी मां के माथे की सर्जरी जीटीबी अस्पताल में की गई है। पूर्व फौजी शरद तोमर ने बताया कि वे जल्द ही बंदरों को पकड़वाने की मांग को लेकर बागपत के डीएम से मुलाकात करेंगे। क्षेत्र में बंदरों के हमलों से ग्रामीण परेशान हैं और उनकी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

# हरिद्वार से कंधों पर बैठाकर माता-पिता को लेकर आया कांवड़िया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** हरियाणा सोनीपत पानीपत के कावड़िया पैरों में घुंघरू बांध कर शिव की महिमा का गुणगान करते हुए अपने-अपने शिवालयों की तरफ बढ़ रहे हैं। सड़कों पर जय-जयकार करते हुए बोल बम बोल बम भारत माता की जय शिव शंकर का जयकारा हर हर महादेव के नारे लगाते हुए अपने कंधों पर गंगाजल लेकर कावड़ लेकर केसरिया रंग में रंग कर बडौत नगर के दिल्ली रोड होते हुए चल रहे हैं। कावड़िया हरिद्वार से गंगाजल लेकर 23 जुलाई को जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धालु बडौत मुजफ्फरनगर बुढ़ाना बरनावा पुसार दाहा मार्ग पर इस समय कावड़िया का जन सैलाब भारी संख्या में उमड़ना जा रहा है। जगह-जगह शिव भक्तों के लिए श्रद्धालुओं ने शिविर लगाकर शिव भक्तों को भोजन खिला रहे हैं। शि. विर में कांवड़िया रुक-रुक कर आराम कर रहे हैं। शिविर में भोजन व्यवस्था चिकित्सा व्यवस्था रहने ठहरने की व्यवस्था भोले के पैरों में मालिश करने की व्यवस्था श्रद्धालुओं ने शिविर लगाकर की है। कोई परिवार की सुख शांति के लिए कोई अपने माता-पिता के लिए कोई अपने बच्चों की मुरादे पूरी करने के लिए कावड़ ला रहा है। कई कावड़िया तो गंगाजल के साथ कंधे पर कावड़ में बैठा कर अपने माता-पिता को भी गंगाजल के साथ हरिद्वार से लेकर आ रहे हैं। पानीपत के कावड़िया राकेश प्रताप सिंह सुंदर सिंह चौधरी हरे राम परमवीर सिंह धर्मपाल चौधरी मुकेश चौधरी आदी श्रद्धालुओं ने बताया कि अपने माता-पिता को गंगाजल के साथ कावड़ में बैठकर कावड़ लाने में थोड़ा परेशानी तो आ रही है। मगर भोले शंकर का आशीर्वाद भी बराबर मिल रहा है। माता-पिता से वादा किया था कि उनके हाथों से ही इस बार जलाभिषेक अपने शिवालय में किया जाएगा।

## एक नजर

### 17 जुलाई 1857 ई. के अमर शहीदों को दी श्रृद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महाक्रांति ग्राम के नाम से प्रसिद्ध जनपद बागपत के गाँव बसौद के 168 वें शहादत दिवस पर युवा चेतना मंच/समिति के सदस्यों ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। मंच के महासचिव एडवोकेट समीर अहमद ने बताया कि 17 जुलाई 1857 ई. में गांव की जामा मस्जिद में अंग्रेजी सेना और ग्रामीणों के बीच दो चरणों में आमने सामने का भीषण युद्ध हुआ था जिसमें लगभग पूरा गांव शहीद हो गया था। यह मस्जिद इस क्षेत्र के क्रांतिकारियों का मुख्यालय था जिसके मुखिया बाबा शाहमल सिंह थे। उन्ही के नेतृत्व में यह लडाई लडी गयी थी। अंग्रेजों को भनक लग गयी थी कि बाबा शाहमल बसौद की मस्जिद मे ठहरे हुए है तो गौरी पलटन ने बसौद पर आक्रमण कर दिया लेकिन बसौद के बहादुर लोगों ने अपनी जान पर खेलकर बाबा शाहमल को सुरक्षित गाँव से बाहर निकाल दिया। अंग्रेजों ने शाम को जाते वक्त 15 लोगों को बरगद के पेड पर फांसी लगाकर गांव को आग के हवाले कर दिया। गाँव में इतना नरसंहार हुआ था कि तालाब का रंग खून से लाल हो गया था जो खूनी तालाब के नाम से जाना जाता है, प्रत्येक वर्ष ग्रामवासी इस दिन को शहादत दिवस के रुप में मनाते है। मंच संस्थापक मास्टर सत्तार अहमद ने बताया कि इस बार गांव स्टेज कार्यक्रम कांवड यात्रा के चलते स्थगित कर दिया गया था। सिर्फ कार्यालय पर डा. तसलीम व मास्टर आदिल के नेतृत्व में मंच के सदस्यों ने दो मिनट मौन रखकर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर डा. तसलीम, मंच उपाध्यक्ष आदिल हुसैन, मुबारिक, राशिद, युसुफ, सुभान, आफताब, हर्ष, अर्श, आरिस आदि मौजूद रहे।

### एशियन जूनियर जुडो कप में पफरदीन मलिक ने जीता कास्य पद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ताइवान के ताइपेई में हुई जूनियर एशियन कप प्रतियोगिता में बागपत जनपद के पांची कें फरदीन मलिक ने जूड़ो में कास्य पदक जीत देश का नाम रोशन किया है, जिससे लेकर गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीण युवक के स्वागत की तैयारी में लगे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तरफ से ताइवान के ताइपेई शहर में 14 जुलाई सें 16 जुलाई तक जूनियर एशियन कप 2025 का आयोजन किया गया जिसमें पांची के फरदीन मलिक पुत्र वकील मलिक ने जुड़ो में हिस्सा लिया और 73 किलोग्राम वर्ग में खेलते हुए कास्य पदक जीता जब यह खबर गांव पहुंची तो गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक ने कास्य पदक जीत देश का नाम रोशन करते हुए अपने गांव का नाम भी रोशन किया है। युवक ने अबसे पहले नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए भी कई पदक जीते है। युवक ने बताया की वह चंडीगढ में खेल की ट्रेनिंग लेता है। और उसके कोच विवेक ठाकुर ने रात दिन मेहनत कर उसे यहा तक पहुचाया है। वही उसके परिजनों ने भी उसे बहुत स्पोर्ट किया है। गांव के लोग युवक के गांव आने पर उसके स्वागत की तैयारी में लगे है। गांव के प्रधान मोहम्मद नासिर, असलम, सब्बीर, मास्टर असलम कय्यूम मलिक आदि ने कहा कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। युवक ने गांव का नाम विदेशों मे रोशन कर देश और जनपद का मान बढाया है। उन्होंने कहा अन्य युवकों को भी उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। गांव आने पर युवक का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

### कांवड़ियों का फूल मालाओं से किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हरियाणा के नाहरी से गुरुजी अशोक दहिया और उनके शिष्य दीपक दहिया ने हरिद्वार हर की पौड़ी से जल उठाया और सोनीपत अपने गांव के शिव मंदिर तक दंडवत यात्रा कर रहे हैं ताकि उनके साथियों के स्वस्थ जल्द से जल्द अच्छा हो सके और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिल सके जो बहुत ही कठिन तपस्या के साथ आगे बढ़ती हुई गुरुजी अशोक दहिया और उनके शिष्य दीपक दहिया दोनों ही सरल स्वभाव मधुर वाणी और हर बात में विनम्रता के धनी है जो उनके साफ चरित्र और व्यवहार को दिखाता है। गौरीपुर पहुंचने पर उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में परमजीत जांगिड़ ने बताया कि सरकार गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दे और देश में गौशाला की व्यवस्था को सुधारा जाए, सभी सुबह एक रोटी गौ माता के लिए जरूर निकले और घर से बची हुई रोटियां सब्जियां पॉलिथीन में पैक करके ना फेके अगर कोई घायल गोवंश मिले तो उसकी सूचना अपने नजदीकी टीम को दें और गौ माता की सेवा कर पुण्य के भागी बने क्योंकि गौ माता ही भारत की एकता और अखंडता की सूत्रधार है। मौके पर युवराज चौहान, अंकित चौहान, आशीष कश्यप, वरुण पुसार, परमजीत जांगिड, मनजीत दहिया, चेतन पांचाल, यशवीर जांगिड़, रों. हताश कश्यप, हरिओम कुमार आदि साथी मौजूद रहे।

### युवक बोला शिव ने बुलाया, तो सब छोडकर दर्शन करने आया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** धरती पर एक अनूठी श्रद्धा का उदाहरण देखने को मिला। दुबई में पिछले 11 वर्षों से रह रहे रघुवीर सिंह हजारों किलोमीटर का सफर तय कर भोलेनाथ की कांवड़ उठाने पहुंचे। हरियाणा के रेवाड़ी के रहने वाले रघुवीर दुबई में डाइविंग का काम करते हैं। सावन के महीने में उन्होंने अपनी वीजा, छुट्टियां और जिम्मेदारियां एक तरफ रखकर भारत आने का फैसला किया। बड़ौत के बिजरौल गांव में रघुवीर ने अपनी भावनाओं को साझा किया। रघुवीर ने बताया कि दुबई में अच्छी सैलरी के बावजूद आत्मा को सुकून नहीं मिलता था, लेकिन भोलेनाथ की भक्ति में नंगे पांव चलकर जो शांति मिली, वह किसी भी धन से बड़ी है।

# तेज रफ्तार बाइक सवार ने 8 वर्षीय बच्चे को मारी टक्कर, घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। पुराने कस्बे में मदरसे जा रहे 8 वर्षीय असद को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही बाइक चालक फरार हो गया।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने घायल असद को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से भी उसकी हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना उस समय हुई जब असद मदरसे में पढ़ाई के लिए घर से निकला था। घर से कुछ दूरी पर ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि असद जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विकासखंड पिलाना में कार्यशाला आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को उपनिदेशक पंचायत, मेरठ मण्डल, मेरठ के कुशल मार्ग निर्देशन में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पीएआई संस्करण 1.0 के प्रसार एवं संस्करण 2.0 के क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जनपद बागपत के विकासखंड पिलाना में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक विकास अधिक. ारी पंचायत, प्रतिनिधियों एवं समहू सखी व पंचायत सहायकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स 1.0 व 2.0 पर सभी प्रतिभागियों को मास्टर ट्रेनर प्रवीण कुमार, निशा एवं वरिष्ठ फैकल्टी हापुड़, डा. दीपक सिंह द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वरिष्ठ फैकल्टी मेरठ चरन जीत मौजूद रहे।

# निःशुल्क शिविर में की 400 मरीजों की आंखों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के कंडेरा गांव में आर्य ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा अहलावत चौपाल पर एडीके जैन हॉस्पिटल खेकड़ा के सहयोग से आंखों के निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन अंब्रेसिया कंपनी के मालिक व रमाला मिल के उपसभापति जयदेव सिंह का द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपसभापति जयदेव सिंह ने फीता काटकर किया।

इस दौरान निःशुल्क आई कैंप में लगभग 400 मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा दवाई वितरित की गई। इस दौरान 200 मरीजों को चश्मे भी वितरण किए गए तथा 50 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनमें से 22 मरीजों को ऑपरेशन के लिए अस्पताल की गाड़ी द्वारा खेकड़ा ले जाया गया जिनका वहां पर निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। कार्यक्रम में कैंप इंचार्ज संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हॉस्पिटल द्वारा प्रत्येक गांव में निःशुल्क कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिन मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत मिलती है उनका ऑपरेशन भी कराया जा रहा है। इस इस दौरान उपसभापति जयदेव सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम की आज हमने शुरुआत की है आगे भविष्य में भी हम खेकड़ा हॉस्पिटल के सहयोग से अपने गांव के साथ-साथ आसपास के गांव में भी निःशुल्क आई कैंप लगवाने का सहयोग जरुर करेंगे। यह तो बहुत ही पुण्य का काम है। इसके लिए समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों को हमेशा अग्रसर रहना चाहिए।

# डीएम कार्यालय पर 27 जुलाई को बुलाई जाएगी समाज की महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान स्थित अपने आवास पर हुई ब्राह्मण समाज की बैठक में प्रेस वार्ता करते हुए 84 ब्राह्मण खाप चौधरी आदित्य भारद्वाज ने कहा बागपत के खिदोडा गांव से ब्राह्मण समाज की एक नाबालिक लड़की लगभग डेढ़ महीने से गायब है। लड़की की बरामदगी को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना भी दिया गया था। इसमें 5 दिन का टाइम पुलिस प्रशासन द्वारा लड़की को बरामद करने के लिए दिया गया था। मगर अभी तक नाबालिक लड़की पुलिस प्रशासन द्वारा बरामद नहीं की गई।

ब्राह्मण समाज लगातार लड़की को बरामद करने की मांग करता आ रहा है। आज ब्राह्मण समाज की लोगों ने बैठक में निर्णय लेते हुए बैठक को अंतिम रूप दिया। इसमें 27 जुलाई को जिला. धिकारी कार्यालय पर भारी संख्या में सर्व समाज की महापंचायत बुलाई जाएगी।

पंचायत तब तक वहां से नहीं उठेगी जब तक प्रशासन द्वारा लड़की को बरामद नहीं किया जाता। वहीं पर पंचायत में भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय भी लिया जाएगा।

ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता आदित्य भारद्वाज का कहना है कि अब लड़की को बरामद करने के लिए प्रशासन से भी आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। महापंचायत में लगभग एक दर्जन संगठन के लोग भाग लेंगे।

बैठक में नगर पालिका परिषद बडौत सभासद रमेश शर्मा, रणवीर सिंह तोमर बृजेश शर्मा आवेश शर्मा मधुसूदन शास्त्री देवेंद्र शर्मा उर्फ बबली शशांक शर्मा बृजपाल तोमर सूरजमल त्यागी दीपक वर्मा आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ऋषि कुमार शर्मा आचार्य संजय शास्त्री आचार्य उमेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी के गेट पर ड्यूटी कर रहे गार्ड पर अचानक गीदड़ ने किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के टटीरी कस्बे में गैस एजेंसी का गार्ड कृष्णपाल गेट पर डयूटी कर रहा था। इस दौरान एक खेत से अचानक एक गीदड निकला और डयूटी कर रहे गार्ड पर हमला कर घायल कर दिसा। हमले में कृष्णपाल जमीन पर गिर गए। गीदड़ ने उनके चेहरे पर भी हमला किया। गार्ड की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल गार्ड को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने कृष्णपाल का उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार गार्ड की स्थिति अब खतरे से बाहर है। उनके चेहरे का उपचार जारी है।

# खराब रैंकिंग बर्दाश्त नहीं, विभाग स्वयं का प्रदर्शन सुधारें, वरना होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों को जो लक्ष्य दिए गए हैं, उनके सापेक्ष राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कर-करेत्तर, वाणिज्य कर, स्टांप एवं निबंधन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, नगर विकास, वन विभाग, खनन, कृषि विपणन/मंडी समिति समेत अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लंबित राजस्व वादों की शीघ्र सुनवाई कर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें, अमीन को वसूली के लिए क्षेत्र में भेजें और तहसीलदार भी स्वयं क्षेत्र में निकले, जिससे राजस्व वसूली में तेजी आए। बैठक के दौरान बड़े बकायेदारों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि आरसी यानि रिकवरी सर्टिफिकेट के सबसे बड़े बकायेदारों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। बिजली बिलों में सबसे अधिक बकाया की वसूली के लिए भी निर्देशित किया। वाणिज्य विभाग को कहा कि पुरानी आरसी बार-बार तहसील में न भेजें, इनका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। समीक्षा के दौरान सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों को चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यों में सुधार लाएं और प्रदेश रैंकिंग में अच्छी स्थिति सुनिश्चित करें। जिला उद्योग केंद्र से जीएम की बैठक में अनुपस्थिति पर उनका वेतन रोके जाने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। फीडबैक असंतुष्ट मिलने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उपजिलाधिकारी व तहसीलदार शिकायतकर्ताओं से खुद बात करें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के लंबित मामलों में त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। आय एवं जाति प्रमाण पत्र समय से बनाए जाएं और लंबित न रहें। जिलाधिक. ारी ने लेखपालों द्वारा कार्य में लाप. रवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। बड़ौत के दो लेखपालों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई क्योंकि उनका कार्य अच्छा नहीं पाया गया। तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि एक वर्ष से अधिक पुराने सभी वादों का शीघ्र निस्तारण करें। मंडी रैंकिंग खराब होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 18 से 70 वर्ष तक के किसानों की आकस्मिक मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में उनके विधिक वारिसों को आर्थिक सहायता दी जाती है। दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5 लाख तथा दिव्यांग होने पर 1.25 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रोबिन उर्फ प्रवीण कुमार से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

मीना पत्नि स्व.तिलकराम निवासी ग्राम खेडा इस्लामपुर थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र प्रशांत से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

ईश्वर सिंह पुत्र अमी लाल निवासी ग्राम फैजलापुर जनपद बागपत।

# पत्रकार को दी तलवार से काटकर जान से मारने की धमकी

## कांग्रेस का नाम बदनाम कर गए कार्यकर्ता, दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक तरफ कांग्रेस सत्ता में आने के लिए लोगों के दिलों में जगह बनाने का प्रयास कर रही है और राहुल गांधी, प्रियंका गांधी धूप में भी पसीना बहाकर लोगों तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं लेकिन दूसरी और कांग्रेस के ही लोग राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के सपने को पूरी तरह चकनाचूर करने में लगे हुए हैं। हालांकि राहुल गांधी अक्सर मीडिया पर बड़े सवाल उठाते रहे हैं लेकिन उसके बावजूद भी वह प्रिंट मीडिया को एक मजबूत स्तंभ मानते हैं। मेरठ के अंदर कांग्रेस पार्टी में चल रहे घमासान को लेकर दैनिक शाह टाइम्स ने एक समाचार प्रकाशित किया था जो कांग्रेस संगठन की दशा को दर्शा रहा था। इस खबर से परेशान होकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव भाटी का प्रवक्ता सैय्यद आमिर रजा अपने दर्जनों साथियों के साथ अखबार के कार्यालय पहुंचा और वहां पर मौजूद काम करने वाले डेस्क इंचार्ज को धमकाने लगा। उसके बाद डेस्क इंचार्ज ने जिला प्रभारी को फोन मिलाया जो किसी काम से मुजफ्फरनगर हेड ऑफिस में गए हुए थे फोन पर आमिर ने उल्टी सीधी बात बोलना शुरू कर दिया और बोलते बोलते आमिर ने फोन अपने साथ आए बदमाश को दे दिया जो खुद को संगठन मंत्री बता रहा था। इसके बाद उसने जिला प्रभारी व राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार शाहवेज खान को जान से मारने और तलवार से काटने की बात कही। कार्यालय पर देखते ही देखते हंगामा खड़ा हो गया और कांग्रेस का नाम लेकर जिला अध्यक्ष भाटी के लोगों ने पार्टी को भी बदनाम करके रख दिया। आमिर के साथ दर्जन भर लोग और दो महिलाएं भी थी वह लोग अपने साथ शराब की खाली बोतल लाए थे जिसको उन्होंने कार्यालय के बाहर डालकर वीडियो बनाने का काम किया। साथ ही साथ कार्यालय में काम करने वाले इंचार्ज को पकड़ कर नीचे दबा दिया जिससे वह भयभीत हो गए। उसके बाद आमिर रजा व उसके साथियों ने कार्यालय से कंप्यूटर में लगी कई पेन ड्राइव निकाल कर लूट ली और बाहर रखी मेज से अखबार के जरूरी दस्तावेज व दराज से विज्ञापन के आए हुए लगभग 5500 रुपए भी निकाल लिए। अखबार के कार्यालय में काम करने वाले आसिफ भयभीत होकर अंदर ही बैठे रहे जिसका फायदा उठाकर कांग्रेस का चोला पहन कर आए बदमाशों ने अपना काम किया। एक अखबार के कार्यालय पर हमला और पत्रकार को जान से मारने की धमकी की सूचना ने जिले को हिलाकर रख दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सारी घटना को नोट किया और सीसीटीवी फुटेज भी निकाली जिसमें कई लोगों के चेहरे सामने आए हैं। लखनऊ तक यह गूंज पहुंची कि योगी राज में भी कांग्रेस का चोला पहनकर बदमाश देश के चौथे स्तंभ पर ही खुलेआम हमला कर रहे हैं। यह खबर पत्रकारों में रोष पैदा कर गई है। सभी का कहना है कि अगर कांग्रेस ने ऐसे पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया जाएगा और यह बताया जाएगा कि चौथा स्तंभ क्या है। सभी पत्रकारों ने निर्णय लिया कि वह शुक्रवार को इस मामले में पुलिस को लिखित तहरीर देंगे और बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे।


सीसीटीवी फुटेज में शाह टाइम्स ऑफिस के बाहर मौजूद कांग्रेसी।

# मेरठ के अभि रिजवी बने जी ब्लिस 5-स्टार होटल के फेस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी अभि रिजवी दिन पर दिन अपनी मेहनत और लगन से सफलता की सीढ़ी चढ़ रहे है वो लगातार फिल्मी दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।हाल ही में जी ब्लिस 5-स्टार होटल ने हाल ही में अभिनेता अभि रिजवी व मधु थापलियाल को अपना एड फेस बनाया है। इस नए जुड़ाव के साथ, अभि रिजवी होटल के सभी प्लेटफॉर्म पर दिखाई देंगे और इसकी लक्जरी और उत्कृष्टता को प्रदर्शित करेंगे। अभि रिजवी एक भारतीय मॉडल और अभिनेता हैं जो उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद से हैं।वो हिंदी वेब सीरीज और फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिनमें जाल, लव यू जिंदगी, साइबर क्राइम और परशुराम सीरियल शामिल हैं। इसके अलावा, वह अब कुकू एफएम और पॉकेट एफएम की वेब सीरीज में भी नजर आएंगे, जिससे उनकी लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी।उन्होंने अपने अभिनय से अपने छोटे से गांव के साथ साथ मेरठ जनपद का भी नाम रोशन कर दिया है।

# डीएम हापुड़ के पक्ष में उतरे किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किसान सेवा के जिला अध्यक्ष आबिद हुसैन लगभग आधा दर्जन किसानों के साथ कमिश्नरी पहुंचे। उनका कहना था कि हापुड़ में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। किसानों द्वारा लेखपाल सुभाष मीणा तहसील धौलाना के खिलाफ डीएम अभिषेक पांडे से शिकायत की गई थी जिसका संज्ञान उन्होंने दिया और लेखपाल के भ्रष्टाचार पाए जाने पर लेखपाल को निलंबित कर दिया। इसी से नाराज लेखपालों ने दम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया और उनको तत्काल वहां से स्थानांतरण करने की सिफारिश की जाने लगी। किसानों का कहना था कि जिलाधिकारी अभिषेक पांडे बहुत मेहनती हैं और वह किसने की समस्याओं का समाधान करते हैं इसलिए उन्हें हापुड़ जिले से न हटाया जाए। इस दौरान समीर, शकील, तारीख, सुरेश, आकाश आदि किसान मौजूद रहे।

# ग्रामीण इलाके में महिला उद्यमिता को बढ़ावा दे रही फिटकरी की सरोज देवी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंचौली क्षेत्र के गांव फिटकरी की महिला सरोज देवी ने 12 साल पहले अपने परिवार के साथ मिलकर क्रिकेट लेदर बॉल बनाना शुरू किया था। यह व्यवसाय आज जनपद ही नहीं, प्रदेश और देश स्तर तक बढ़ गया है। अब वह अन्य महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रही है। बातचीत के दौरान सरोज देवी ने बताया कि वह फ्यूजन फाइनेंस के साथ जुड़ी थी। ग्रामीण ऋण कार्यक्रम के तहत ऋण लिया और लेदर बॉल का निर्माण शुरू किया। अब यह व्यवसाय लगातार आगे बढ़ रहा है। इस प्रगति ने घरेलु आय में वृद्धि की और साथ ही उनके समुदाय के अन्य लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए। कहा, फ्यूजन के साथ मेरा जुड़ाव हमारे परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ रहा है। उनकी टीम के सहयोग और मार्गदर्शन ने हमें अपने व्यवसाय को लगातार बढ़ाने में मदद की। समय पर ऋण मिलने से मुझे अपने कार्यों का विस्तार करने में मदद मिली और आज, मुझे अपने गांव की महिलाओं को रोजगार प्रदान करने पर गर्व है। अब मेरे बेटा भी व्यवसाय में शामिल हो गया है। मुझे उम्मीद है कि हम निरंतर वृद्धि करते रहेंगे। यह शुरूआत लघु-स्त्रीय व्यवसाय का विस्तार करने के उद्देश्य से की थी और 12,000 का पहला ऋण लिया। तब से, पांच बार ऋण लिया है, जिनसे अपने उद्यम के विकास में मदद मिली। पिछले कुछ साल में आय लगभग दस गुना बढ़ गई है, अब अन्य महिलाएं भी इस रोजगार से जुड़ रही है।

# कांवड़ यात्रा को संपन्न कराने के लिए नहर पुल पर लगाया कांवड़ शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आगामी होने वाले सावन मास के शिवरात्रि के पर्व पर कांवड़ियों के ठहरने में भोजन की व्यवस्था के लिए कांवड़ शिविर लगने शुरू हो गए हैं। जिसमें शुक्रवार को कांवड़ियों का आवागमन हो जाएगा। बताते चले कि आगामी 23 जुलाई को सावन मास का शिवरात्रि का पर्व आ रहा है। जिसमें कांवड़िये पवित्र धामों से जल लेने के लिए पहुंच रहे हैं। बहसूमा थाना क्षेत्र के अकबरपुर सादात, करीमपुर बटावली, झुनझुनी बाईपास पर इक्का दुक्का कावड़िये जाने का क्रम जारी है। कांवड़ियों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था के लिए समाजसेवियों ने आपने कांवड़ शिविर लगाने शुरू कर दिए हैं हालांकि गुरुवार को नहर पटरी पर इक्का-दुक्का कांवड़िये जल लेकर वापस अपने गंतव्य को पूरा करने के लिए दिखाई दिये हैं। शुक्रवार को कांवड़ियों का आना शुरू हो जाएगा। जिसमें पुलिस प्रशासन के कर्मचारी एवं एलआईयू की टीम तथा बम स्क्वायड के प्रभारी तथा सेक्टर प्रभारी एवं उच्चाधिकारी क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। थाना प्रभारी इन्दू

## 22 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण 07 उर्वरक नमूने ग्रहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ फसलों के उपयोगार्थ कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरकों को निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 16 जुलाई 2025 को थोक विक्रेताओं, फुटकर विक्रेताओं, गोदामों एवं शीर्ष संस्थाओं पर छापा मार कार्यवाही आयोजित किये जाने के निर्देशो के अनुपालन में 22 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 07 उर्वरक नमूना ग्रहित किये गये तथा मै० शक्ति खाद बीज भण्डार बिल्सी, मै० जैन खाद भण्डार बिल्सी, मै० जय नारायण कृषि सेवा केन्द्र बिल्सी, मै० राधा कृष्णा खाद भण्डार बिल्सी, मै० राजा खाद भण्डार बिल्सी, मै० उपाध्याय खाद भण्डार बिल्सी आदि के नमूने लिए।

### राजेश खन्ना की पुण्यतिथि पर विशेष

# बाबूमोशाय जिंदगी लंबी होनी चाहिए बड़ी नहीं

■ काका की पुण्यतिथि पर जूनियर राजेश खन्ना की आंखें हुई नम


जूनियर राजेश खन्ना।



रजा मुराद से पुरस्कार प्राप्त करते जूनियर राजेश खन्ना।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राजेश खन्ना हिन्दी सिनेमा के पहले सुपर स्टार थे जिन्हें प्यार से काका के नाम से भी पुकारा जाता था। राजेश खन्ना ऐसे सुपरस्टार रहे जिन्होंने लगातार 15 हिट फिल्म दी थी और उनका रिकॉर्ड आज तक कोई नहीं तोड़ पाया है।

राजेश खन्ना ने कुल 180 फिल्मों और 163 फीचर फिल्मों में काम किया इनमे से 128 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभायी और 22 में दोहरी भूमिका निभाई थी इतना ही नहीं काका ने 1969-71 के अंदर 15 हिट फिल्मों में अभिनय किया जिसके बाद उन्हें बॉलीवुड का सुपरस्टार कहा जाने लगा। इन्हें फिल्मों में सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिये तीन बार फिल्म फेयर पुरस्कार मिला और बंगाल फिल्म जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा हिन्दी फिल्मों के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी अधिकतम चार बार राजेश खन्ना के ही नाम रहा। काका को 2005 में फिल्म फेयर का लाइफटाइम अचीवमेण्ट अवार्ड दिया गया। आज सुपरस्टार राजेश खन्ना तो हमारे बीच में नहीं है परंतु फिल्मी जगत मे हमेशा के लिए अमर हो गए हैं। राजेश खन्ना की पुण्यतिथि पर यदि जूनियर राजेश खन्ना की बात ना करी जाए तो लेख अधूरा रहेगा।

### कौन है जूनियर राजेश खन्ना

मेरठ और मुंबई के बीच गहरा रिश्ता रहा है मेरठ ने हिंदी फिल्म जगत को कई बड़े सितारे दिए हैं जिन्होंने मुंबई में जाकर काफी नाम कमाया है उनमें से ही एक है जूनियर राजेश खन्ना से विख्यात पी के नाहर जो कि मेरठ के ही रहने वाले हैं और लगभग पिछले 30 वर्षों से अभिनय की दुनिया में काम कर रहे है। जूनियर राजेश खन्ना का चेहरा सुपरस्टार राजेश खन्ना से काफी मिलता है और वह राजेश खन्ना स्टाइल में ही अभिनय कर व डायलॉग्स बोल कर सुपरस्टार राजेश खन्ना की याद दिलाते हैं। एक मुलाकात में जुनियर राजेश खन्ना ने बताया कि शुरू में तो वे फिल्मों में विलेन का काम करते थे लेकिन जब उनके एक मित्र ने उन्हें सुपर स्टार राजेश खन्ना से मिलवाया तो वे राजेश खन्ना के दीवाने हो गए जूनियर राजेश खन्ना बताया कि राजेश खन्ना जी से पहली मुलाकात में ही वे राजेश खन्ना के दीवाने हो गए, जूनियर राजेश खन्ना बताते हैं कि राजेश खन्ना साहब भी उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्हें अपने साथ डुप्लीकेट सीन्स करने का मौका दिया और अन्य फिल्मों में भी काम दिलवाया।

जूनियर राजेश खन्ना ने बताया कि उनके एक मित्र ने उनसे एक बार कहा था कि वे राजेश खन्ना की तरह लगते हैं परंतु जब वह सुपरस्टार राजेश खन्ना से मिले तो काका ने भी उनसे यही कहा कि तुम मेरे जैसे ही लगते हो और तब से ही जूनियर राजेश खन्ना ने काका का स्टाइल अपना लिया, काका की तरह ही उन्होंने अपना लुक बनाया, काका की स्टाइल में ही डायलॉग बोलने लगे और आज भी जूनियर राजेश खन्ना उर्फ पी के नाहर, काका को ही अपना आदर्श मानते हैं और उन्हीं की तरह अभिनय कर काका की याद दिलाते रहते हैं।

जूनियर राजेश खन्ना ने लगभग 8 फीचर फिल्म, 23 सीडी फिल्म के साथ 5 वीडियो एल्बम में भी अभिनय किया है। जूनियर राजेश खन्ना की फीचर फिल्मों में मुख्य रूप से गंगा के पार, फिर वही आवाज, माफिया गैंग, नटखट, चीकू की आत्मा, फूल बने अंगारी, फस गया साला, आदि है वहीं सीडी फिल्मों में मुख्य रूप से बुधराम की मौज, मुन्नी दीदी एमबीबीएस, अनपढ़ जाट, यह मेरठ है प्यारे, प्यार पर कुर्बान, बल्लू का धमाल, लग्न, निखट्टू आदि फिल्में है इनकी वीडियो एल्बम में मुख्य रूप से छोटा सा कांवरिया, मां की मेहंदी आदि है जूनियर राजेश खन्ना को भी अपने दमदार अभिनय के लिए बड़े-बड़े अवॉर्डों से सम्मानित किया गया है जिनमें से कुछ मुख्य अवार्ड है नेशनल यूथ आइकॉन अवार्ड, एशिया प्राइड अवार्ड, एशियाई एक्सीलेंस अवार्ड, यूपी फिल्म मीडिया अवार्ड, इंडिया बिगेस्ट टीवी अवार्ड, राजधानी रत्न अवार्ड, डायमंड ऑफ द ईयर, गोल्डन अचीवर अवार्ड, दिल्ली एक्सीलेंस अवार्ड, ऑल इंडिया अचीवर अवार्ड।

## आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत गठित मंडलीय प्रशिक्षण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विगत वर्षो में आयोजित प्रशिक्षणों का विस्तृत विवरण रखा गया तथा प्रिट व आर.जी.एस.ए. योजनान्तर्गत आयोजित होने वाले आगामी प्रशिक्षणों तथा डीपीआरसी भवनों के सुदृढ़ीकरण हेतु चर्चा की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंतर्गत बैठक में रखे गए समस्त प्रस्ताव पर चर्चा की गई एवं समिति के द्वारा उनका अनुमोदन भी किया गया। बैठक का संचालन उपनिदेशक (पंचायत), मेरठ मण्डल द्वारा किया गया।

# गांव कूड़ी कमालपुर और बहजादका का निरीक्षण करने पहुंचे डी.सी. वर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के आदेशों पर शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश के अनुसार दयाचंद वर्क, सदस्य-राज्य सलाहकार समिति, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने हस्तिनापुर ब्लॉक के आदर्श गांव कूड़ी कमाल. पुर तथा मवाना ब्लॉक के आदर्श गांव बहजादका का निर्धारण मानको पर निरीक्षण किया। बुधवार को ही निरीक्षण के लिए आदर्श गांव कूड़ी कमालपुर पहुंचने पर दयाचंद वर्क का ग्राम प्रधान सेवानंद और ग्राम विकास अधिकारी नीतू सैनी और सहायक समाज कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने स्वागत किया। डीसी वर्क ने निर्धारित मानकों पर संबंधित व्यक्तियों से बात करके आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा गांव के रास्तों, नालियों, साफ सफाई, यूपी सिड़को द्वारा कराए गए निर्माण कार्य, पानी की टंकी, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा विद्यालय में स्थित लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लासरूम का निरीक्षण किया तथा स्कूल के बच्चों से भी संवाद स्थापित किया। यहां अवगत कराया गया कि गांव की लाइब्रेरी में पढ़ने वाले 12 बच्चों ने हाल ही में हुई यूपी पुलिस सिपाही भर्ती में सफलता प्राप्त की है। निरीक्षण के दौरान सहायक समाज कल्याण अधिकारी अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोत्तरी पर जन सुनवाई सम्पन्न, किसानों ने जताई आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मेरठ की वर्ष 2025-26 की संभावित आवश्यकता/टैरिफ याचिका, वर्ष 2024-25 की वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा तथा वर्ष 2023-24 की ट्रू-अप याचिका पर विचार हेतु एक जन सुनवाई का आयोजन गुरुवार को प्रातः 11 बजे चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, रामगढ़ी, मेरठ स्थित अटल सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं, समाजसेवियों, किसान प्रतिनिधियों, व्यापारी संगठनों और विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, उपभोक्ता सेवाओं, बिलिंग संबंधी मुद्दों और प्रस्तावित टैरिफ वृद्धि पर अपने विचार रखे। जन सुनवाई में उपस्थित क्षेत्रीय किसानों ने प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी पर गंभीर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि जब गन्ने का समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया गया है और खाद तथा अन्य कृषि इनपुट की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में बिजली की दरों में वृद्धि किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालेगी। जन सुनवाई में उपस्थित भारत किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कालू प्रधान ने किसानों की ओर से प्रस्तावित बिजली दरों में बढ़ोतरी पर गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा आज तक गन्ने का समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया गया है, जबकि डीएपी जैसे खादों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में अगर बिजली की दरें भी बढ़ा दी जाती हैं तो किसान पूरी तरह से संकट में आ जाएगा।


**☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜**

**नई दिल्ली एवं राजेन्द्र नगर (ट) रेलवे स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे ने नई दिल्ली–राजेंद्र नगर (ट) –नई दिल्ली के बीच नई **अमृत भारत** ट्रेन सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इस रेल सेवा का उद्घाटन (एक तरफा फेरा) दिनांक 19.07.2025 को नई दिल्ली स्टेशन से गाड़ी संख्या 03262 नई दिल्ली – राजेंद्र नगर (ट) **अमृत भारत** उद्घाटन स्पेशल ट्रेन सेवा के रूप में किया जाएगा। उद्घाटन सेवा की विस्तृत समय–सारणी निम्नानुसार होगी:–

**उद्घाटन यात्रा की समय – सारणी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 03262 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| नई दिल्ली | --- | 18:00 |
| गाजियाबाद | 18:38 | 18:40 |
| गोविंदपुरी | 00:25 | 00:30 |
| सूबेदारगंज | 03:00 | 03:05 |
| पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 07:15 | 07:25 |
| बक्सर | 08:40 | 08:45 |
| आरा जं. | 09:35 | 09:40 |
| दानापुर | 10:20 | 10:25 |
| पटना जं. | 10:50 | 11:00 |
| राजेन्द्र नगर टर्मिनल | 11:45 | --- |

यह **अमृत भारत** ट्रेन निम्नलिखित विवरण के अनुसार दिनांक 31.07.2025 को राजेंद्र नगर (ट) से और दिनांक 01.08.2025 को नई दिल्ली स्टेशन से अपनी नियमित सेवा आरंभ करेगी:–

**22361/22362 राजेन्द्र नगर टर्मिनल – नई दिल्ली – राजेन्द्र नगर टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 22361 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22362 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:45 | राजेन्द्र नगर टर्मिनल | 11:45 | --- |
| 20:00 | 20:10 | पटना जं. | 10:50 | 11:00 |
| 20:23 | 20:25 | दानापुर | 10:28 | 10:30 |
| 20:54 | 20:56 | आरा जं. | 09:55 | 09:57 |
| 21:38 | 21:40 | बक्सर | 08:58 | 09:00 |
| 23:35 | 23:45 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 07:40 | 07:50 |
| 02:00 | 02:05 | सूबेदारगंज | 03:00 | 03:05 |
| 04:25 | 04:30 | गोविंदपुरी | 00:25 | 00:30 |
| 12:23 | 12:25 | गाजियाबाद | 19:46 | 19:48 |
| 13:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 19:10 |

चलने के दिन : 22361 राजेन्द्र नगर टर्मिनल से 31.07.2025 से अगले आदेश तक तथा 22362 नई दिल्ली से 01.08.2025 से अगले आदेश तक।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2176/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हवन के साथ किया भंडारे का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को बालाजी धर्म कांटे सिवाया पर संदीप विहान और नितिन खरे ने भंडारे का विधि विधान के साथ हवन कर उद्घाटन करते दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला और भराला झाल भंडारे में रहना हुआ। इस दौरान साथ रहे प्रताप चौधरी, बाल किशोर प्रधान, दीपक चिंदौड़ी, राहुल ठेकेदार, विक्रांत विहान, अनुज चौहान, डॉ. विपिन सोलंकी, आयुष विहान, मोहित तंवर आदि मौजूद रहे।

# भक्तों को सिवाया टोल प्लाजा पर मिलेगा गंगाजल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जरूरत पड़ने पर सिवाया टोल प्लाजा पर शिव भक्तों को गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके लिए टोल सुरक्षा अधिकारी मनिंदर 'ह विहान अपनी टीम के साथ स्नान करने हर की पौड़ी हरिद्वार पहुंचे थे जहां से वह 11 केन जल की लेकर आए हैं जिनमें करीब 201 लेटर गगाजल कांवड़ियों को मुहैया कराने के लिए उनके ऑफिस पर उपलब्ध है। इस दौरान राहुल वशिष्ठ, विकास यादव, अश्वनी शर्मा, विक्रांत, नीरज डागर आदि उपस्थित रहे।

# मैनचेस्टर में पहली जीत की तलाश में उतरेगा भारत



● **भारतीय टीम मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी, भारत को यहां 9 में से 4 मुकाबलों में हार मिली जबकि 5 मैच रहे ड्रा**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट में मिली रोमांचक हार के बाद भारतीय टीम अब मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और टीम को यहां नौ में से चार मुकाबलों में हार मिली है, जबकि पांच मैच ड्रॉ रहे हैं।

### आइए डालते हैं यहां के इतिहास पर एक नजर।

**विजय मर्चेंट** और मुश्ताक़ अली का शतक, 1932 भारतीय टीम ने इस मैदान पर पहला मुकाबला 1936 में खेला था, तब टीम के कप्तान विजयनगरम के महाराजा हुआ करते थे। यह मैच ड्रॉ रहा था, लेकिन दूसरी पारी में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों विजय मर्चेंट और मुश्ताक अली ने शानदार शतक लगाया था और पहले विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी की थी। यह वही मुश्ताक अली हैं, जिनके नाम पर भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी खेला जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के दो बल्लेबाजों ने एक ही पारी में शतक लगाए हों।

### लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ का पंजा, 1946

1946 में खेला गया यह मैच भी ड्रॉ रहा था, लेकिन इस मैच को लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ के पंजे के लिए जाना जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के किन्हीं दो गेंदबाजों ने एक ही पारी में पंजा हासिल कर पूरी टीम को पवेलियन भेजा हो। भारतीय टीम के इतिहास में ऐसा सिर्फ पांच बार और हुआ है। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने मध्यम तेज गेंदबाज अमरनाथ और बाएं हाथ के स्पिनर मांकड़ की मदद से इंग्लैंड को सिर्फ 294 रनों पर सिमेट दिया था। हालांकि भारतीय टीम सिर्फ 170 रन पर सिमट गई, जिसमें एक बार फिर मर्चेंट और मुश्ताक के बीच शतकीय साझेदारी शामिल थी। दूसरी पारी में दोबारा अमरनाथ ने तीन और मांकड़ ने दो विकेट लिए, लेकिन अंत में यह मैच ड्रॉ रहा।

### टेस्ट में उस समय का भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर, 1952

इस टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम फ्रेंड ट्रूमैन के घातक गेंदबाजी (8 विकेट) के सामने सिर्फ 58 रन पर सिमट गई थी, जो उस समय का भारत का संयुक्त रूप से न्यूनतम टेस्ट स्कोर था। 1947 में भारत, ऑस्ट्रेलिया के सामने ब्रिस्बेन में भी 58 रन पर ऑलआउट हुई थी। खैर, पहली पारी में 58 पर ऑलआउट होने के बाद दूसरी पारी में भी कुछ खास नहीं कर सकी और 82 रन पर ऑलआउट हो गई, जो उस समय भारतीय टेस्ट क्रिकेट का न्यूनतम तीसरा स्कोर था। इस बार एलेक बेडसर ने इंग्लैंड की टीम की ओर से पंजा लिया और इंग्लैंड की टीम पारी और 207 रनों से यह मैच जीत गई।

### उमरीगर और अब्बास अली का शतक गया बेकार, 1559

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने सुरेंद्र नाथ के पंजे के बावजूद 490 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 208 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में आठ विकेट के 265 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी और भारत को 548 का बड़ा लक्ष्य दिया। भारत की तरफ से दूसरी पारी में पाली उमरीगर (118) और अब्बास अली (112) ने शानदार शतक लगाया, लेकिन दोनों भारतीय टीम को 171 रनों की एक बड़ी हार से बचा नहीं सके।

### बारिश ने भारत को बचाया 1971

पिछले लगातार दो मैचों में मिली हार के बाद मैनचेस्टर का यह मैच ड्रॉ हुआ था। इस मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में कप्तान रे इलिंगवर्थ की शतक की मदद से 386 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 212 रनों पर ही सिमट गई, जिसमें सुनील गावस्कर और एकनाथ सोल्कर का अर्द्धशतक शामिल था। गावस्कर की यह दूसरी टेस्ट सीरीज थी और उन्होंने 57 रनों की पारी को अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट माना था। कारण यह पिच एकदम ग्रीन टॉप विकेट थी और बादल से घिरे ठंडी हवाओं के झोकों में उन्हें जॉन प्राइस और पीटर लीवर जैसे तेज गेंदबाजों की नई गेंद का सामना करना था। लीवर ने पहली पारी में 88 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लिए। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 245 रन पर पारी घोषित कर भारत को 420 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन भारी बारिश होने और मैदान पर पानी भरने के कारण पांचवें दिन को रद्द घोषित कर दिया गया।

### गावस्कर का इंग्लैंड में पहला शतक लेकिन भारत की हार 1974

गावस्कर ने अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर दो अर्द्धशतक तो लगाए थे, लेकिन अंग्रेजी धरती पर उनके नाम कोई शतक नहीं था। यह हुआ उनके दूसरे इंग्लैंड दौरे के पहले मैच में जब उन्होंने मैनचेस्टर में 101 रनों की पारी खेली। दूसरी पारी में भी गावस्कर ने अर्द्धशतक लगाया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ ना मिलने से भारत यह मैच 100 से अधिक रन के अंतर से हार गया।

### खराब मौसम का शिकार मैच, 1982

1983 विश्व कप से एक साल पहले भारतीय टीम गावस्कर के कप्तानी में इंग्लैंड गई हुई थी। इस टीम के अधिकतर खिलाघी वही थे, जिन्होंने बाद में विश्व कप खेला। यह मैच बारिश और खराब मौसम की भेंट चढ़ गया और दोनों ही टीमें सिर्फ एक ही पारी खेल पाईं। इस मैच को संदीप पाटिल के शतक के लिए जाना जाता है, जब उन्होंने नाबाद 129 रनों की पारी खेली और कपिल देव (65) के साथ सातवें विकेट के लिए 96 और मदद लाल (26) के साथ आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़े।

### तेंदुलकर के पहले शतक का गवाह बना मैनचेस्टर, 1990

सचिन तेंदुलकर ने विश्व क्रिकेट में सर्वाधिक 51 टेस्ट शतक लगाए हैं, लेकिन उनका पहला टेस्ट शतक मैनचेस्टर में आया था। यह तेंदुलकर का नौवां टेस्ट मैच था। उन्होंने कुछ अर्द्धशतक लगाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी क्षमता की झलक तो दिखाई थी, लेकिन इस पारी से लगा कि यह युवा बल्लेबाज बड़ी पारियां भी खेल सकता है। पहली पारी में 68 रन बनाने के बाद जब तेंदुलकर दूसरी पारी में उतरे तो भारत 408 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी आधी टीम को 128 रनों पर खो चुका था। तेंदुलकर ने इसके बाद कपिल देव (26) के साथ 57 रनों की साझेदारी की और फिर मनोज प्रभाकर (67) के साथ नाबाद 160 रन जोड़ भारत को हार से बचा लिया।

### स्टुअर्ट ब्रॉड की आंधी में उड़ी टीम इंडिया, 2014

यह इस सदी में इस मैदान पर भारतीय टीम का पहला और अभी तक का एकमात्र मैच है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने पहली पारी में छह विकेट लिए और भारतीय टीम को सिर्फ 152 पर समेट दिया। भारत के छह बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए और महेंद्र सिंह धोनी (71) ने टीम का सम्मान बचाया। आर अश्विन ने 40 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने जो रूट के 77 और जॉस बटलर के 70 रनों की मदद से 367 रन बना दिए। इस पारी के दौरान वरूण आरोन का एक बाउंसर पुल करने के चक्कर में ब्रॉड चोटिल हुए और दूसरी पारी में गेंदबाजी करने नहीं आए। लेकिन इंग्लैंड का यह स्कोर भारतीय बल्लेबाजों के लिए काफी था।

---

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### प्रगनानंदा ने विश्व नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रगनानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी। कार्लसन को प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकेंड अतिरिक्त मिलते हैं। नार्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार दो बार हरा चुके हैं। प्रगनानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रगनानंदा 4.5 पाइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ प्रगनानंदा, कार्लसन को तीनों फार्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे। चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोदि. रबेक के खिलाफ ड्रा खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था, जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे। भारतीय टीम दूसरी पारी में भी 161 के स्कोर से आगे नहीं बढ़ पाई और पारी व 54 रनों से यह मुकाबला हार गई।

### एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात की तस्वीरें साझा की। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। डॉ- मांडविया ने कहा कि पहलवानों के धैर्य, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम ने देश को गौरवान्वित किया है। मैं उनके खेल जीवन में निरंतर सफलता की कामना करता हूँ। इस दौरान खिलाड़ियों ने डॉ. मांडविया से बातचीत की और खिलाड़ियों ने उनके साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए।

---

## भारत की अंडर-20 महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया

**ताशकंद, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे मैत्री मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 4-1 से हरा दिया। डोस्टलिक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर थीं। भारत के लिए सिबानी देवी नोंग्मीकापम ने (28वें, 85वें) मिनट में दो गोल दागे, और सुलांजना राउल ने (65वें) और नेहा ने (71वें) मिनट में एक-एक गोल किए। बुधवार को उज्बेकिस्तान के लिए एकमात्र गोल शखनोजा डेकनबायेवा (37वें) ने किया। पहले मैत्री मैच वाली टीम में उज्बेकिस्तान ने चार बदलाव किए। जबकि भारतीय अंडर-20 टीम के कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने दो बदलाव किए। डिफेंस में निशिमा कुमारी की जगह जूही सिंह, लिंहगदेइकिम की जगह एरीना देवी नामीराकपम ने मिडफील्ड संभाला।

## महिला टीम का सीरीज का जीत के साथ आगाज

● **पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया, दीप्ति शर्मा के नाबाद 62 रन**

**साउथैंप्टन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में जीत के साथ आगाज किया है। साउथैम्प्टन के रोज बाउल मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 258 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद भारतीय टीम ने इस टारगेट को 48.2 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर हासिल करने के साथ सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड की खराब शुरुआत इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। भारतीय गेंदबाज क्रांति गौड़ ने 8 के स्कोर पर एमी जोंस को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। जोंस केवल एक रन ही बना सकीं। फिर 20 के स्कोर पर दूसरी ओपनर टैमी ब्यूमोंट को भी गौड़ ने एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड का दूसरा विकेट लिया। क्रांति गौड़ ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी हुई। टैमी ब्यूमोंट के आउट होने के बाद तीसरे विकेट के लिए स्किवर ब्रंट और एमा लैंब ने 87 गेंदों पर 71 रन की साझेदारी की।

स्किवर ब्रंट ने 52 गेंदों पर 41 रन और एमा लैंब ने 50 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। दोनों को स्नेह राणा ने पवेलियन भेजा। पांचवें विकेट के लिए सोफिया डंकली और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने 142 गेंदों पर 106 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 258/6 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



दीप्ति शर्मा

## आंद्रे रसेल ने की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा



● **रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे**

**किंग्स्टन, वार्ता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्र रेसल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच आगामी पांच मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज के शुरुआती दो मैच टीम के लिए उनके आखिरी मुकाबले होंगे। सेंतीस वर्षीय रसेल को पांच मैचों की सीरीज के लिए विंडीज की टीम में शामिल किया गया है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो इस ऑलराउंडर का घरेलू मैदान है। विंडीज क्रिकेट ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनके संन्यास की खबर के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 सदस्यीय वेस्टइंडीज टीम में शामिल आंद्रे रसेल 20 जुलाई से शुरू होने वाली टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। पिछले साल के अंत में चोट के कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो बार के विश्व चैंपियन और 2012 और 2016 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे जमैका के रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हैं और उन्होंने एक दशक से भी ज़्डादा समय तक मैरून जर्सी पहनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज से कहा कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि इसका क्या मतलब था। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक रहा है। जब मैं बच्चा था, तो मुझे इस स्तर तक पहुँचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे आप खेलना शुरू करते हैं और खेल से प्यार करने लगते हैं।

## प्रो लीग में खराब प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए एक चेतावनी: श्रीजेश



● **भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद आठवें स्थान पर रहा था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का खराब प्रदर्शन अगस्त में होने वाले एशिया कप से पहले एक चेतावनी है।

कल शाम 20वें वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के उद्घाटन समारोह में पत्रकारों से बातचीत में श्रीजेश ने कहा कि मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी, लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि परिणाम हमारे खिलाफ जाता है। यह परिणाम एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले हमारे लिए एक चेतावनी है। भारत एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहा था। एशिया कप 2025 राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होंगे। श्रीजेश ने इस बात पर खुशी जताई कि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ रहने के लिए दौड़ को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष अधिक लोग इसमें शामिल हो रहे हैं और दौड़ना (दिल्ली हाफ मैराथन में) और भी लोकप्रिय होता जा रहा है, यह रोमांचक है, लोगों को स्वयं को चुनौती देनी चाहिए और लय में आना चाहिए।

भारत की पुरुष राष्ट्रीय अंडर-21 टीम के मुख्य कोच ने कहा कि एक कोच के रूप में उनका मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी दबाव से निपटना सीखें। उन्होंने कहा कि एक कोच के रूप में मेरा काम खिलाड़ियों पर से दबाव कम करना है। मैं उन्हें बताता हूँ कि जूनियर विश्वकप के दौरान लगभग 10 हजार लोग आपका उत्साहवर्धन करेंगे और चिल्लायेंगे, इन बातों को स्वीकार करें।

## आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए भारत को सुदर्शन को खिलाना चाहिए: दीप



**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी चौथे टेस्ट को ध्यान में रखते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि भारत को आगामी मुकाबले में करुण नायर के बजाए साई सुदर्शन को अंतिम एकादश में खेलाना चाहिए। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ दीप दासगुप्ता ने भारत की प्लेइंग इलेवन में किसी बदलाव पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, "प्लेइंग इलेवन में, आप एक से ज्यादा बदलाव नहीं चाहते। अगर सिर्फ एक ही बदलाव है, तो वह करुण नायर की जगह साई सुदर्शन को एकादश में शामिल करना होगा क्योंकि करुण नायर ने कोई रन नहीं बनाया है। उन्होंने शुरुआत तो की है, लेकिन उसे बड़े स्कोर में नहीं बदला है। उन्होंने कहा कि मेरा यह भी मानना है कि वह क्रीज पर भी उतने सहज नहीं दिख रहे हैं। और दूसरी बात, साई सुदर्शन एक युवा खिलाड़ी हैं। अगर आप इस इंग्लैंड सीरीज में निवेश करना चाहते हैं, तो आपको किसी युवा खिलाड़ी पर निवेश करना चाहिए। दीपदास ने कहा कि करुण नायर ने दोनों टेस्ट मैचों में शुरुआत की है, लेकिन वह उतने प्रभावशाली नहीं दिखे हैं।

## आईसीसी रैंकिंग: विराट के तीनों फॉर्मेट में 900+ पाइंट्स

● **ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर, विराट कोहली के टी-20 में बेस्ट पाइंट्स 897 से 909 हुए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी ने टी-20 रैंकिंग सिस्टम को अपडेट किया। इसी के साथ इस फार्मेट से 2024 में रिटायर हो चुके विराट कोहली ने अनोखा रिकॉर्ड बना दिया। वे तीनों फार्मेट में 900 से ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेट बन गए। टी-20 में विराट के बेस्ट रेटिंग पाइंट्स 897 थे, जो अब बढ़कर 909 हो गए।

यह पाइंट्स उन्होंने 2014 में हासिल किए थे, जो रैंकिंग सिस्टम अपडेट होने के बाद बढ़ गए। विराट टेस्ट में 937 और वनडे में 909 रेटिंग पाइंट्स 2018 में ही हासिल कर चुके हैं। विराट ने इसी साल में 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था। उन्होंने वनडे से संन्यास नहीं लिया, जिसकी बैटिंग रैंकिंग में वे फिलहाल चौथे नंबर पर हैं। टी-20 इतिहास की तीसरी बेस्ट रेटिंग हासिल की 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन बनाए। टीम को जीत मिली, जिसके बाद विराट ने टी-20 से संन्यास ले लिया। आईसीसी हर साल अपने रैंकिंग सिस्टम में कुछ बदलाव करता है। इससे कई प्लेयर्स की रैंकिंग में हल्का चेंज आता है। इसी से विराट के पाइंट्स 897 से बढ़कर 909 हो गए, जिससे उनके नाम सबसे छोटे फार्मेट में भी 900 प्लस रेटिंग पाइंट्स का रिकॉर्ड बन गया। विराट के 897 रेटिंग पाइंट्स 7 सितम्बर 2014 को हुए थे। कोहली इस फार्मेट में लगातार 1202 दिन तक नंबर-1 बैटर भी रह चुके हैं। 909 पाइंट्स हासिल करने के बाद वे टी-20 इतिहास में बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल करने वाले तीसरे बैटर बन गए।

इंग्लैंड के डेविड मलान 919 पाइंट्स के साथ पहले और भारत के ही सूर्यकुमार यादव 912 रेटिंग पाइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। आईसीसी रैंकिंग अपडेट के बाद विराट के नाम 1202 दिन तक लगातार नंबर-1 टी-20 बैटर बने रहने का रिकॉर्ड बन गया। उनसे ज्यादा नंबर-1 रैंक पर दुनिया का कोई भी प्लेयर नहीं रहा। 2018 में तीनों फार्मेट में एक साथ नंबर-1 बने थे विराट कोहली 2018 में पहली बार टेस्ट फार्मेट में नंबर-1 बैटर बने थे। तब उन्होंने इंग्लैंड में 593 रन बनाए थे। इस दौरे के बाद विराट 937 पाइंट्स के साथ नंबर-1 टेस्ट बैटर बन गए थे। इसी दौरान विराट के वनडे में भी 909 रेटिंग पाइंट्स हो गए थे। 2018 में अपने बेस्ट फार्म के दौरान विराट ने तीनों फार्मेट में एक साथ नंबर-1 रैंक बैटर रहने का रिकॉर्ड भी बना लिया था। कोहली के अलावा आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ही एक समय पर तीनों फार्मेट में नंबर-1 बैटर रह चुके हैं। इन 2 के अलावा आस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और भारत के जसप्रीत बुमराह ही तीनों फार्मेट में नंबर-1 प्लेयर बन सके।

हालांकि, हेडन और बुमराह अलग-अलग समय पर तीनों फार्मेट में नंबर-1 प्लेयर बने। विराट कोहली टेस्ट में 10 हजार रन नहीं बना सके, लेकिन 2020 में आईसीसी ने उन्हें दशक की बेस्ट टेस्ट टीम का कप्तान बनाया था। टी-20 रैंकिंग अपडेट के बाद एक सवाल फिर खड़ा हो गया कि क्या विराट कोहली दुनिया के बेस्ट आल फार्मेट प्लेयर हैं? आंकड़ों में इस बात का जवाब ढूंढें तो विराट ने वनडे में 14181, टी-20 में 4188 और टेस्ट में 9230 रन बनाए। टेस्ट में वे 19वें टॉप स्कोरर रहे, लेकिन वनडे और टी-20 में तीसरे टॉप रन स्कोरर हैं। विराट अगर किसी एक भी फार्मेट में टॉप स्कोरर बन जाएं तो जरूर बेस्ट आल फार्मेट बनने की रेस में टॉप कर सकते हैं।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में डिविलियर्स की धमाकेदार वापसी होगी

**बर्मिंघम, वार्ता।** इस साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में एबी डिविलियर्स की चार साल बाद वापसी देखने को मिलेगी, साथ ही युवराज सिंह, शिखर धवन, हरभजन सिंह, ब्रेट ली, क्रिस गेल, कीरा. न पोलार्ड और इयोन मोर्गन जैसे वैश्विक दिग्गज भी खेलेंगे-जो प्रतिद्वंद्विता को फिर से जीवंत करेंगे और उस जादू को फिर से जीवंत करेंगे जिसने उन्हें दिग्गज बनाया। 18 जुलाई से 2 अगस्त तक बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में आयोजित होने वाला डब्ल्यूसीएल 2025, इंग्लैंड और ईसीबी द्वारा अनुमोदित एक भव्य ग्रीष्मकालीन आयोजन में बीते जमाने के नायकों को एक साथ लाता है।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

## ट्रम्प की चाहत

अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया को कैसे चलाना चाहते हैं, उनकी टैरिफ को लेकर देशों को दी जा रही धमकियों से ही पता लग जाता है। उनकी आक्रामकता देखिए कि अभी भारत व अमेरिका के अधिकारियों के बीच ट्रेड व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल ही रही है, इस बीच उनका एक बड़ा दंभपूर्वक बयान भी आ गया।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों की जल्द भारत के बाजारों में पहुंच होने वाली है। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह डील इंडोनेशिया फार्मूले वाली होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में जीरो टैरिफ लगेगा। दो दिन पहले ही अमेरिका ने इंडोनेशिया से इस तरह की डील की है, जिसमें इंडोनेशिया पर 19 फीसद टैरिफ लगाया गया है। अब एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसद टैरिफ चुकाना होगा। वहीं अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने अपने ही अंदाज में यह भी कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों से समझौते किए हैं हमारा एक और समझौता होने वाला है शायद भारत के साथ। उनका घमंडीपन यहीं नहीं थमता, वह बातचीत के बीच में यह भी बोल गए कि मुझे नहीं पता कि हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा तो वह समझौता हो जाएगा।

इस तरह की भाषा वह तब बोल रहे हैं जब भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची हुई है। जहां वह ट्रेड व्यापार को लेकर बातचीत करेंगे। बताया जा रहा है कि बातचीत सोमवार से शुरू भी हो गई और इसके गुरुवार तक चलने की उम्मीद है। ऐसे में इस तरह के बयानों का क्या मतलब है। जहां तक बात भारत की है, भारतीय अधिकारी चाहते हैं कि समझौते में भारत के लिए टैरिफ रेट 10 फीसदी से कम हो और इसके बदले में अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारत में रियायत चाहता है, लेकिन भारत स्पष्ट कहता रहा है कि वह अपने कृषि और डेरी क्षेत्रों को विदेशी कंपनियों के लिए नहीं खोलेगा। हां भारत जरूर गैर कृषि क्षेत्रों में समझौता करने को तैयार है। अब यह तो तभी पता चलेगा जब किसी तरह का कोई समझौता सामने आता, लेकिन ट्रम्प का व्यवहार यही बता रहा है कि उन्हें किसी समझौते की परवाह नहीं है और वह अपनी शर्तों पर ही समझौता करना चाहते हैं। यह किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए कोई सम्मानजनक बात नहीं हो सकती।

हालांकि भारत की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई और यह ठीक ही है, क्योंकि जब तक दोनों देशों के बीच चल रही ट्रेड वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती तब तक किसी प्रतिक्रिया का कोई मतलब नहीं है, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प को इससे फर्क नहीं पड़ता कि बातचीत चल रही है या नहीं। गुरुवार को एक तरह से उन्होंने अपना फरमान सुना दिया। डोनाल्ड ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि जो देश रूस के साथ व्यापार करेंगे, उससे तेल व गैस लेंगे वे उसके कोपभाजन का शिकार होंगे और बदले में उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। लगता है कि ट्रम्प को इस बात की भी कोई परवाह नहीं है कि दुनिया उनके विषय में क्या सोच रही है। यह दुखद है कि ट्रम्प व्यापार को युद्ध के रूप में ले रहे हैं।

## ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है स्वच्छता




वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है व सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है, हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है, वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे, न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके अपव्यय को न्यूनतम करना और उन्हें अन्य उद्देश्य के लिए पुन: उपयोग करना, हमेशा से हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहा है।

**-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

### नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा

# नेल्सन मंडेला





**योगेश कुमार गोयल**

नेल्सन मंडेला, एक ऐसा नाम, जो समस्त विश्व समुदाय के लिए मानवता, साहस, सहिष्णुता और संघर्ष का प्रतीक बन गया है। प्रतिवर्ष 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जो न केवल इस महान नेता को श्रद्धांजलि देने का दिन है बल्कि यह पूरी दुनिया को यह संदेश भी देता है कि परिवर्तन लाने के लिए केवल शब्द नहीं बल्कि कर्म आवश्यक हैं।

यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए हम सभी की भूमिका होती है और प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में दूसरों के लिए कुछ कर सकता है। नेल्सन मंडेला का जन्म 18 जुलाई 1918 को दक्षिण अफ्रीका के म्वेजो नामक गांव में हुआ था। वे थेम्बू कुल की एक शाखा मदिवा जनजाति से थे और उनका मूल नाम रोहिलाहला मंडेला था, जिसका अर्थ होता है शरारती। उन्हें नेल्सन नाम उनके स्कूल शिक्षक ने अंग्रेजी नामों की परंपरा के तहत दिया था। उनका जीवन एक सामान्य अफ्रीकी बच्चे की तरह शुरू हुआ लेकिन उनके भीतर असाधारण नेतृत्व क्षमता और अन्याय के प्रति गहरी संवेदना थी, जिसने उन्हें बाद में एक क्रांतिकारी नेता बना दिया।

नेल्सन मंडेला की शिक्षा की शुरुआत क्लार्कबरी मिशनरी स्कूल से हुई। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने फोर्ट हेयर यूनिवर्सिटी और जोहान्सबर्ग स्थित विटवाटर स्रैंड विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने रंगभेद नीति और सामाजिक असमानताओं के विरुद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी थी। दक्षिण अफ्रीका में उस समय श्वेत अल्पसंख्यक सरकार द्वारा अपरथाइड नामक नस्लीय भेदभाव की क्रूर नीति लागू थी, जिसके अंतर्गत अश्वेतों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया था। उन्हें वोट देने, जमीन रखने, शिक्षा प्राप्त करने, अस्पतालों में इलाज करवाने और बसों-रेस्तरां जैसी सार्वजनिक सेवाओं का समान उपयोग करने का अधिकार नहीं था।

मंडेला ने इन्हीं अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाया। वे 1944 में अफीकन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गए और जल्द ही संगठन के युवा विंग के संस्थापक बन गए। अहिंसा और शांतिपूर्ण आंदोलनों के जरिए उन्होंने सरकार पर दबाव बनाना शुरू किया लेकिन जब उन्हें लगा कि सरकार की दमनकारी नीति अहिंसात्मक विरोध को कुचलने पर आमादा है तो उन्होंने उमखोंतो वे सिजवे नामक एक सशस्त्र संगठन की स्थापना की, जो दक्षिण अफीका में क्रांति का आरंभ था।

1962 में मंडेला को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर देशद्रोह, हिंसा भड़काने और विदेशी सहायता प्राप्त करने के आरोप लगाए गए। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उन्होंने अपना अधिकांश समय कुख्यात रोबेन द्वीप की जेल में बिताया। यह सजा कुल 27 वर्षों की लंबी यातना बन गई परंतु जेल की कोठरी में रहते हुए भी मंडेला की आत्मा आजाद रही। वे न टूटे, न झुके और न डरे। जेल में उन्होंने पढ़ाई की, दूसरे कैदियों को शिक्षित किया और अपना संघर्ष जारी रखा। इस दौरान दक्षिण अफीका और दुनियाभर में मंडेला की रिहाई की मांग उठने लगी। अंतत: सरकार झुकी और 11 फरवरी 1990 को नेल्सन मंडेला को जेल से रिहा किया गया। यह क्षण इतिहास में आज भी जीवंत है, जब एक अश्वेत नेता, जिसे वर्षों तक आतंकवादी करार दिया गया था, अब स्वतंत्रता और न्याय का प्रतीक बन चुका था। रिहाई के बाद मंडेला ने अपने सभी विरोधियों को माफ कर दिया।

उन्होंने न केवल अफीकन नेशनल कांग्रेस को फिर से संगठित किया बल्कि देश को भी एकजुट किया। उन्होंने विभाजन नहीं बल्कि मेल-मिलाप की राजनीति की। उनकी इसी दूरदृष्टि और अहिंसा के पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा ने दक्षिण अफ्रीका को नस्लीय संघर्ष से निकालकर लोकतंत्र की ओर अग्रसर किया। दक्षिण अफ्रीका में 1994 में पहली बार बहुजातीय आम चुनाव आयोजित हुए, जिसमें हर नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और परिणामस्वरूप नेल्सन मंडेला देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने। यह महज एक राजनीतिक जीत नहीं थी, यह एक युग परिवर्तन था। मंडेला ने अपने राष्ट्रपति काल में सुलह, सामाजिक समरसता और आर्थिक पुनर्निर्माण की नीति को अपनाया। उन्होंने जातीय द्वेष के बजाय सहयोग को बढ़ावा दिया। उन्होंने सत्य और मेलमिलाप आयोग की स्थापना की, जहां पीड़ित और अपराधियों दोनों को एक साथ लाया गया ताकि सच्चाई सामने आ सके और समाज नई शुरुआत कर सके। नेल्सन मंडेला की सोच उबुन्टु दर्शन से प्रभावित थी, जो अफ्रीकी संस्कृति में मानवीय संबंधों और सह-अस्तित्व की भावना को महत्व देती है। मंडेला ने यह दिखा दिया कि बदले की भावना से कोई देश नहीं बनता बल्कि माफी और मेल-मिलाप की भावना से स्थाई शांति संभव है।

उनके जीवन के योगदान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला। 1993 में उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1990 में उन्हें भारत सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया और वे यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी व्यक्ति बने। इसके अलावा उन्हें संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, रूस, फ्रांस जैसे अनेक देशों और संस्थाओं ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया ताकि लोग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के लिए स्वयं को समर्पित कर सकें। इस दिन दुनियाभर में सामाजिक सेवा, मानवाधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र का संदेश है कि हर व्यक्ति इस दिन कम से कम 67 मिनट समाजसेवा को समर्पित करे, जो मंडेला के सार्वजनिक जीवन के 67 वर्षों के प्रतीक हैं।

नेल्सन मंडेला का जीवन केवल दक्षिण अफ्रीका तक सीमित नहीं था। उन्होंने दुनिया को यह सिखाया कि सच्चे नेता वह होते हैं, जो अपने कष्टों को व्यक्तिगत नहीं मानते बल्कि उसे जनकल्याण की प्रेरणा बना देते हैं। उन्होंने यह भी दिखाया कि नेतृत्व का अर्थ अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है। वे जब राष्ट्रपति बने तो केवल एक कार्यकाल तक सत्ता में रहे जबकि वे चाहते तो आजीवन शासन कर सकते थे पर उन्होंने सत्ता को साध्य नहीं, साधन माना। 5 दिसंबर 2013 को 95 वर्ष की आयु में नेल्सन मंडेला ने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरी दुनिया ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?**

# बारिश में खाएं ये स्वादिष्ट भारतीय स्नैक्स



आमतौर पर बारिश के मौसम में लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?

मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं? आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसे स्वादिष्ट और देसी स्नैक्स के बारे में, जो बरसात की इन भीगी-भीगी शामों को और भी यादगार बना देंगे।

**आलू टिक्की**- दही, हरी और इमली की चटनी, सेव और अनार के दानों के साथ परोसी जाने वाली गरमा-गरम आलू टिक्की बरसात के मौसम में एक परफेक्ट स्ट्रीट फूड है। चटपटे स्वाद के साथ हर बाइट में मिलेगा ताजगी और मजा।

**भुट्टा**- कोयले पर भुना हुआ भुट्टा, जिस पर नींबू, नमक और लाल मिर्च पाउडर छिड़का हो, मानसून की पहचान बन चुका है। सड़क किनारे भुट्टा खाते-खाते बारिश का आनंद लेना एक अलग ही अनुभव है।

**वड़ा पाव**- मुंबई की शान वड़ा पाव, गरमागरम आलू वड़ा के साथ, हरी और लहसुन की चटनी लगे पाव में मिलकर मानसून का स्वाद और भी बढ़ा देता है।

**साबूदाना वड़ा**- बाहर से क्रिस्पी और अंदर से सॉफ्ट साबूदाना वड़ा मूंगफली और हल्के मसालों के साथ तैयार किया जाता है। चाय के साथ इसका आनंद बरसात में दोगुना हो जाता है।

**कचौरी**- मसालेदार आलू की सब्जी के साथ गर्मागर्म कचौरी, ठंडी बारिश की शाम में दिल और पेट दोनों को सुकून देती है।

**ब्रेड पकौड़ा**- ब्रेड में आलू की मसालेदार स्टफिंग भरकर बेसन में लपेटकर तला जाता है। इसे हरी चटनी और टमैटो सॉस के साथ खाएं और मौसम के मजे लें।

**भुना चना**- हल्का, कुरकुरा और हेल्दी स्नैक, भुना चना प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है। जब कुछ हल्का खाने का मन हो, तो ए परफेक्ट विकल्प है।

**मखाना**- हल्दी, सेंधा नमक या अपने पसंदीदा मसालों में भुने हुए मखाने न सिर्फ कुरकुरे हैं बल्कि सेहत के लिए भी अच्छे हैं।

**फ्रूट चाट**- ताजे फलों पर नींबू, काला नमक और चाट मसाला डालकर तैयार की गई फ्रूट चाट स्वादिष्ट और पौष्टिक दोनों होती है, खासतौर पर बच्चों के लिए।

**अंकुरित सलाद**- अंकुरित दालों को प्याज, टमाटर, नींबू और मसालों के साथ मिलाकर एक हेल्दी और एनर्जी से भरपूर स्नैक तैयार किया जा सकता है।

**मसालेदार सेवई**- सब्जियों के साथ बनी नमकीन सेवई एक हल्का लेकिन स्वादिष्ट स्नैक है, जो मानसून के दिनों में पेट और मन दोनों को राहत देता है।

**पोहा चीला**- पोहा और बेसन से बना चीला झटपट बनने वाला और हेल्दी स्नैक है, जो चाय के साथ शानदार लगता है।

**-साभार प्रभा**

# ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच झूलता आम आदमी





**रजनीश कपूर**

भारत में स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा क्षेत्र है, जहां लाखों लोग अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए दवाओं पर निर्भर हैं, लेकिन दवाओं के बाजार में एक बड़ा सवाल हमेशा चर्चा में रहता है, ब्रांडेड दवाएं या जेनेरिक दवाएं? इन दोनों के बीच का अंतर और इनका महत्व समझना न केवल आम जनता के लिए जरूरी है, बल्कि यह भी जानना जरूरी है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियां भोले-भाले ग्राहकों का शोषण कर रही हैं। यह एक ऐसा विषय है जिसने दर्द के व्यापार को काफी बढ़ावा दिया है।

सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि ब्रांडेड और जेनेरिक दवाएं क्या हैं? ब्रांडेड दवाएं वे होती हैं, जो किसी फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा अपने ब्रांड नाम के तहत बेची जाती हैं। ये दवाएं आमतौर पर महंगी होती हैं, क्योंकि इनमें कंपनी का ब्रांड वैल्यू, मार्केटिंग लागत और अनुसंधान और विकास का खर्च शामिल होता है। दूसरी ओर, जेनेरिक दवाएं वही दवाएं होती हैं, जिनमें वही सक्रिय रासायनिक तत्व Active Pharmaceutical Ingredient होते हैं, जो ब्रांडेड दवाओं में होते हैं, लेकिन इन्हें किसी ब्रांड नाम के तहत नहीं बेचा जाता। जेनेरिक दवाएं आमतौर पर सस्ती होती हैं, क्योंकि इनमें मार्केटिंग और ब्रांडिंग का खर्च नहीं होता। उदाहरण के तौर पर, क्रोसिन का जेनेरिक विकल्प पैरासिटामोल है, जो उसी तरह काम करता है, लेकिन इसकी कीमत बहुत कम होती है।

भारत जैसे देश में, जहां अधिकांश आबादी मध्यम और निम्न-आय वर्ग से आती है, जेनेरिक दवाओं का महत्व बहुत अधिक है। ये दवाएं न केवल सस्ती होती हैं, बल्कि गुणवत्ता में भी ब्रांडेड दवाओं के समान होती हैं। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए जन औषधि योजना शुरू की है, जिसके तहत देश भर में जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर जेने. रिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-90 प्रतिशत तक सस्ती मिलती हैं।

उदाहरण के लिए, एक ब्रांडेड दवा, जैसे कि टेल्मिसार्टन जो उच्च रक्तचाप के लिए उपयोग की जाती है, की 10 गोलियों की कीमत 200-300 रूपए हो सकती है। वहीं, टेल्मिसार्टन की जेनेरिक दवा की कीमत 20-50 रुपए हो सकती है। यह अंतर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए बहुत बड़ा है, जो अपनी जिंदगी बचाने के लिए इन दवाओं पर निर्भर हैं।

जानकारों के मुताबिक फार्मास्युटिकल कंपनियों की लूट का सबसे बड़ा कारण उनकी मार्केटिंग रणनीति और ब्रांडिंग है। ये कंपनियां ब्रांडेड दवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारी मात्रा में पैसा खर्च करती हैं। डॉक्टरों को मुफ्त नमूने, विदेश यात्राएं और अन्य प्रलोभन दिए जाते हैं ताकि वे मरीजों को ब्रांडेड दवाएं लिखें। इसका नतीजा यह होता है कि मरीज, जो ज्यादातर दवाओं की तकनीकी जानकारी से अनजान होते हैं, महंगी दवा खरीदने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

इसके अलावा, कई फार्मा कंपनियां एक ही दवा को अलग-अलग ब्रांड नामों से भी बेचती हैं, जिससे बाजार में भ्रम पैदा होता है। उदाहरण के लिए, पैरासिटामोल को विभिन्न कंपनियां क्रोसिन, कैल्पॉल वी डोलो आदि नामों से बेचती हैं, लेकिन इन सभी में एक ही सक्रिय तत्व होता है। मरीजों को लगता है कि ब्रांडेड दवा ज्यादा प्रभावी होगी, जबकि हकीकत में जेनेरिक दवा भी उतनी ही प्रभावी होती है।

भारत में जेनेरिक दवाओं के प्रति कई मिथक प्रचलित हैं, जो फार्मा कंपनियों द्वारा फैलाए गए हैं। एक आम धारणा है कि जेनेरिक दवाएं कम गुणवत्ता वाली होती हैं। यह पूरी तरह गलत है। भारत में जेनेरिक दवाओं का निर्माण ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत सख्त नियमों के अधीन होता है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया यह सुनिश्चित करता है कि जेने. रिक दवाएं गुणवत्ता और प्रभावशीलता में ब्रांडेड दवाओं के बराबर हों।

हालांकि, कुछ छोटी दवा कंपनियां, जो जेनेरिक दवाएं बनाती हैं, गुणवत्ता नियंत्रण में कमी कर सकती हैं। लेकिन यह समस्या केवल जेनेरिक दवाओं तक सीमित नहीं है, कुछ ब्रांडेड दवाओं में भी गुणवत्ता की कमी देखी गई है। इसलिए, मरीजों को चाहिए कि वे केवल विश्वसनीय जन औषधि केंद्रों या लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से ही दवाएं खरीदें। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने और डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही, मरीजों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्हें अपने डॉक्टर से पूछना चाहिए कि क्या जेनेरिक दवा उपलब्ध है और क्या वह ब्रांडेड दवा का विकल्प हो सकती है।

फार्मा कंपनियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। मुनाफा कमाना गलत नहीं है, लेकिन मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करना अनैतिक है। सरकार को ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए, जो फार्मा कंपनियों को जेनेरिक दवाओं के उत्पादन और वितरण में प्रोत्साहित करें। साथ ही, दवाओं की कीमतों पर सख्त नियंत्रण होना चाहिए ताकि मरीजों को उचित मूल्य पर दवाएं मिल सकें। ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच का अंतर केवल नाम और कीमत का है, प्रभावशीलता का नहीं। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही कई लोगों के लिए सुलभ नहीं हैं, जेनेरिक दवाएं एक वरदान हैं, लेकिन फार्मा कंपनियों के लालच और भ्रामक मार्केटिंग के कारण मरीजों को अनावश्यक रूप से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। यह समय है कि हम जागरूक हों, जेनेरिक दवाओं को अपनाएं और सरकार से मांग करें कि वह दवा बाजार में पारदर्शिता और नियंत्रण सुनिश्चित करे। केवल जागरूकता और सही नीतियों के माध्यम से ही हम इस लूट को रोक सकते हैं और हर भारतीय को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### दो सहयोगी दलों का समर्थन वापिस, धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस में छूट से फूटा गुस्सा

# इजरायल में डगमगाया नेतन्याहू का सिंहासन

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अल्पमत में आ गई है। अति-रूढ़िवादी शास पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया। इससे एक दिन पहले यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) पार्टी भी इस सरकार से अलग हो गई थी। इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचला सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए।

इन दोनों पार्टियों के अलग होने से सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सिर्फ 50 सीटें बची हैं। शास पार्टी ने गठबंधन छोड़ने के मुद्दे पर कहा- भारी मन से हमें यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि हम सरकार का हिस्सा नहीं रह सकते। हालांकि, हम इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करेंगे और कुछ कानूनों पर गठबंधन का समर्थन कर सकते हैं।

विवाद की मुख्य वजह रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस से मिलने वाली छूट है। ये छात्र लंबे समय से अनिवार्य मिलिट्री सर्विस से छूट ले रहे हैं। नेतन्याहू सरकार ने हाल ही में इस छूट को सीमित करने के लिए एक बिल लेकर आई थी, जिसकी वजह शास पार्टी और यूटीजे ने सरकार से अलग होने का फैसला किया। दोनों पार्टियों का कहना है कि धार्मिक छात्रों के सेना में भर्ती होने से उनकी धार्मिक जीवनशैली को खतरा होगा। हालांकि, कई अन्य यहूदी इजरायली इसे स्पेशल सुविधा मानते हैं और इस पर नाराजगी जताते हैं। बिल के विरोध में रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों का कहना है कि वो जेल जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन आर्मी में नहीं जाएंगे। गाजा युद्ध के दौरान यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। इस युद्ध में सैकड़ों इजरायली सैनिकों की मौत हो चुकी है, जिसकी वजह से अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय पर आरोप लग रहे हैं कि वे दूसरों के लिए युद्ध में जान देने वालों के मुकाबले पीछे हट रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह गठबंधन विवाद तुरंत नेतन्याहू की सरकार नहीं गिराएगा। हालांकि, यह इजरायल की राजनीति में और अस्थिरता लाएगा, खासकर जब गाजा में युद्धविराम और लेबनान व सीरिया में चल रहे संघर्ष को लेकर नेता आपस में टकरा रहे हैं। इजरायल और हमास के बीच युद्ध को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं। अल जजीरा के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 888 इजरायली सैनिक मारे जा चुके हैं। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं। गाजा के मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है। आफिस ने कहा कि इजरायली सेना जबरन बेदखली, बमबारी और सहायता रोककर गाजा को तबाह कर रही है। यह नरसंहार है। जीएमओ ने दावा किया था कि गाजा का 70 प्रतिशत से ज्यादा बिल्डिंग्स तबाह हो चुकी हैं और 19 लाख लोग (85 प्रतिशत आबादी) बेघर हो गए हैं।



**इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचली सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए**

## हेग समूह ने की इजरायल के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा

**बोगोटा।** इज़राइल के खिलाफ लगभग 30 देशों वाले 'हेग समूह' ने समन्वित कानूनी और कूटनीतिक लामबंदी करते हुए उसके साथ हथियारों एवं सैन्य वस्तुओं के व्यापार को निलंबित करने और इज़राइली जहाजों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। समूह ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि हम इजराइल को हथियारों, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की आपूर्ति या हस्तांतरण को रोकने, किसी भी बंदरगाह पर उसके जहाजों के पारगमन, डॉकिंग और सर्विसिंग को रोकने, हमारे झंडे वाले जहाजों पर इजराइल को हथियार, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की ढुलाई को रोकने जैसे प्रतिबंधो की घोषणा करते हैं। बोगोटा में एक मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद हेग समूह के सदस्य देशों ने अपनी सरकारी एजेंसियों और इजरायल के बीच लेन-देन रोकने, सभी सार्वजनिक अनुबंधों की तत्काल समीक्षा करने, सार्वजनिक संस्थानों एवं निधियों को फलस्तीनी क्षेत्र पर इजरायल के अवैध कब्जे का समर्थन करने और उसकी अवैध मौजूदगी को रोकने पर सहमति व्यक्त की।



उत्तर प्रदेश। प्रयागराज में बारिश के बीच छाता लगाकर स्कूल जाती छात्राएं।

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनीं यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको अब यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद यूक्रेनी संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। यूलिया पहले डिप्टी पीएम और अर्थव्यवस्था मंत्री थीं। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस श्मिहाल की जगह ली है। बतौर डिप्टी पीएम स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ खनिज डील कराने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी बेहद तारीफ हुई थी। नई कैबिनेट में कुछ और बदलाव भी हुए हैं। श्मिहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे लेकिन रक्षा मंत्री नहीं होंगे। उनकी जगह रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे। पहले जेलेंस्की ने श्मिहाल को रक्षा मंत्री बनाने की बात कही थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक दिन पहले यानी 16 जुलाई को पुरानी कैबिनेट को भंग कर दिया था। इसके बाद उन्होंने नई सरकार के लिए अपने चुने हुए लोगों की सूची संसद को दी। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट ऑफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है।

# बलूचिस्तान में 20 पाक सैनिक मारे गए

### सैन्य चौकियों को निशाना बनाया

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर विद्रोहियों के हमले में पाक आर्मी के एक मेजर समेत 20 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत की खबर है। ये हमले पिछले 12 घंटों में अवारान, क्वेटा और कलात जिलों में हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर किए गए थे।

हालांकि, इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ग्रुप ने नहीं ली है, लेकिन इसमें फितना अल हिंदुस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के शामिल होने का शक है। वहीं, बलूचिस्तान के कालात में एक यात्री बस पर हमला हुआ, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमलावरों ने क्वेटा-कराची हाईवे पर नेमार्ग इलाके में घात लगाकर बस को रोका और अंधाधुंध गोलीबारी की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सुरक्षा बलों और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है।

**■ हमले में बलूच लिबरेशन आर्मी के शामिल होने का शक**

उन्होंने कहा कि हमलावरों ने सड़क के दोनों ओर से हमला किया। मुख्यमंत्री मिर्जा सरफराज बुगती ने इस हमले की निंदा की और इसे फितना अल हिंदुस्तान आतंकी संगठनों का काम बताया। उन्होंने कहा- निर्दोष नागरिकों पर हमला गंभीर अपराध है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, यह हमला उस दिन हुआ जब सुरक्षा बलों ने अवारन इलाके में फितना अल हिंदुस्तान से जुड़े तीन आतंकवादियों को मार गिराया। इसमें पाकिस्तानी सेना का एक अधिकारी मेजर सैयद रब नवाज तारिक मारा गया। इसी बस पर हमला हुआ था। जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीटयूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।

## इराक के मॉल में भीषण आग से 61 की मौत, 45 झुलसे

**बगदाद।** इराक के अल कुत शहर में एक नए बने मॉल में बुधवार देर शाम आग लगने से कम से 61 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य झुलस गए। इराकी न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि यह पांच मंजिला हाइपरमार्केट मॉल एक सप्ताह पूर्व ही खुला था। इसमें सामान की दुकानों के अलावा खाने पीने की चीजों की भी कई दुकानें थीं। घटना के समय वहां कई परिवार खाना खा रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी वहां पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया। इससे वहां मौजूद कई लोगों को बचा भी लिया गया। सरकार ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है और मामले की जांच के लिए एक दल का गठन कर दिया है जो दो दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा। मॉल के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मुझे कुछ हुआ, तो मुनीर जिम्मेदार

### पूर्व पीएम ने कहाः मेरी बीवी के साथ भी बुरा बर्ताव, रिहाई के लिए पांच अगस्त से देशभर में प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे। इमरान ने पाकिस्तानी जनता से इस खराब व्यवस्था का विरोध करने की अपील की। पीटीआई 5 अगस्त से इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरान के दो बेटे इस प्रदर्शन में खास भूमिका निभा सकते हैं। ये दोनों लंदन में रहते हैं। इमरान खान ने कहा- दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है। उन्होंने एक दूसरे सैन्यकर्मी का हवाला देते हुए बताया कि वह जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट का आनंद ले रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस बीच, मुझे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। लेकिन वे चाहे कुछ भी करें, मैंने कभी भी उत्पीड़न के आगे घुटने नहीं टेके हैं-और न ही कभी झुकूंगा। इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं और कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।



**■ दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता हैः इमरान**

इमरान ने लगभग एक महीने पहले किए गए अपने उस दावे को भी दोहराया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ उत्पीड़न उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के समय की घटना है। इमरान ने कहा कि जब असीम मुनीर को आईएसआई प्रमुख के पद से हटाया गया, तो उन्होंने जुल्फी बुखारी (पीटीआई नेता) के जरिए बुशरा बीबी को एक मैसेज भेजकर मुलाकात का अनुरोध करने की कोशिश की। जिससे उन्होंने साफ इन्कार कर दिया। इमरान ने दावा किया की असीम मुनीर उनसे निजी दुश्मनी का बदला लेने और भावनात्मक रूप से तोड़ने के लिए ऐसा कर रहें हैं। इमरान खान को रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद रखा गया है। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे 'इमरान खान को आजाद करो' अभियान नाम दिया है।

## बांग्लादेश में हिंसा फायरिंग में चार की मौत, 9 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के गोपालगंज शहर में युवाओं के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की एक रैली में हिंसा भड़क उठी। हिंसा के दौरान पुलिस की फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घोली लगने से घायल हैं।

गोपालगंज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का गृहनगर है। बांग्लादेश की प्रोथोम अलो न्यूज एजेंसी के अनुसार, एनसीपी की रैली के दौरान शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अवामी लीग समर्थकों ने पुलिस पर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक प्रमुख के वाहनों में भी तोड़फोड़ की। साथ ही एनसीपी के काफिले पर भी हमला किया, जिसके बाद सुरक्षाबलों को गोलियां चलानी पड़ीं।

**■ शेख हसीना के गृहनगर में रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प हुई**

सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और साउंड ग्रेनेड भी फेंके। हिंसा में मारे गए लोगों में से तीन की पहचान दीप्टो साहा (25 साल), रमजान काजी (18 साल) और सोहेल मोल्ला (41 साल) के रूप में हुई है। डाक्टरों ने बताया कि मृतकों को घायल अवस्था में गोपालगंज जनरल अस्पताल लाया गया था।

# कोका-कोला में गन्ने की चीनी का होगा इस्तेमालः डोनाल्ड ट्रम्प

### हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द साझा की जाएगी

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अटलांटा स्थित शीतल पेय की दिग्गज कंपनी 'कोका-कोला' देश में अपने सोडा और कोक में असली गन्ने की चीनी का इस्तेमाल फिर से शुरू करेगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा मैं अमेरिका में कोक में असली गन्ने की चीनी के इस्तेमाल के बारे में कोका-कोला से बात कर रहा हूं और उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई है। इस बीच कोका-कोला की ओर से जारी एक संक्षिप्त बयान के मुताबिक हम अपने प्रतिष्ठित कोका-कोला ब्रांड के प्रति राष्ट्रपति के उत्साह की सराहना करते हैं। हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। गौरतलब है कि कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज़ कॉर्न सिरप' अपनाया था। हालांकि उसे यह बताया गया था कि सामग्री में बदलाव से कोक की शेल्फ लाइफ कम हो जाएगी और निर्माण लागत बढ़ जाएगी। इस बीच अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव संबधी मामलों के मंत्री रॉबर्ट एफ-कैनेडी जूनियर ने उच्च-फ्रुक्टोज़ कॉर्न सिरप जैसे मीठे पदार्थों के इस्तेमाल की आलोचना की है। वर्तमान में कोका-कोला अमेरिका में सोडा का एक ऐसा उत्पाद भी उपलब्ध कराता है जिसमें गन्ने की चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। इसे 'मैक्सिकन कोक' के नाम से जाना जाता है।



**कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज कॉर्न सिरप' अपनाया था**

## अलास्का में 7.3 तीव्रता का भूकंप

**जूनो।** अमेरिकी राज्य अलास्का में गुरुवार तड़के करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रही। इसके बाद राज्य के तटवर्ती इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, कुछ घंटों बाद इसे वापस ले लिया गया। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक भूकंप अलास्का के पापोफ आइलैंड पर सैंड पाइंट के पास आया। इसका केंद्र जमीन से 36 किलोमीटर नीचे था। हालांकि, इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अलास्का भूकंप एजेंसी के मुताबिक यहां एक सप्ताह में, लगभग 400 भूकंप दर्ज किए गए। सबसे बड़ा भूकंप 16 जुलाई को अटका के पास 5.1 तीव्रता का था।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहिए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER
BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिऐ
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

## हूतियों ने इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर किया हमला

**सना।** यमन के सशस्त्र समूह हूती ने इजरायल के बेन गुरियन हवाईअड्डे पर बैलेस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला करने का दावा किया है। समूह ने बुधवार रात कहा कि इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे को एक बैलिस्टिक मिसाइल और दो ड्रोन से निशाना बनाया। यह हमला दिन में गया था।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इस हमले के कारण इजरायली हवाई अड्डे का हवाई संचालन अस्थाई रूप से थम गया और हज़ारों इज़रायली नागरिक आश्रय स्थलों की ओर भागते नजर आये। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा सैटेलाइट टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविज़न बयान में सरिया ने कहा कि हमले ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। समूह ने यह भी संकेत दिया कि वह नेगेव रेगिस्तान में स्थित इजरायली परमाणु प्रतिष्ठान को निशाना बना सकता है। यह ठिकाना डिमोना शहर से लगभग आठ मील दक्षिण-पूर्व में है।

**■ समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया**

प्रवक्ता ने संकल्प लिया कि सशस्त्र समूह इजरायल से जुड़े जहाजों या इजरायल माल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। इस बीच इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया पर हूती मिसाइल को रोके जाने की खबर दी। किसी नुकसान या हताहत की खबर नहीं है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
Betamethasone, Clindamycin & Nicotinamide Cream
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट